जबलपुर

सोमवार, 6 मई 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष-13

वर्ष : 19, अंक : 6

पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3 .00 रुपये


मौसम

अधि. 39

न्यून. 20


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com










श्री रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, भव्य व जोशीला स्वागत हुआ

# दो किमी के रोड शो में बरसे करीब 100 क्विंटल फूल, घंटे घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और शंख गूंजे



पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था। यह रथ लखनऊ में तैयार किया गया था। रथ पर यूपी के सीएम योगी भी सवार थे।

अयोध्या के जरिए पीएम मोदी अवध की नौ लोकसभा सीटों पर वोटरों को साध गए

सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक रोड शो हुआ

महिलाएं एक रंग के परिधान और युवा एक रंग की टी शर्ट में नजर आए

पीएम ने सबसे पहले करीब 15 मिनट तक की श्री रामलला की पूजा

प्रधानमंत्री के कारण दर्शन की व्यवस्था बाधित नहीं हुई

रोड शो के दौरान मोदी-मोदी व जय श्री राम के नारे लगते रहे



- 7:14 बजे एयरपोर्ट पहुंचे पीएम मोदी।
- 7: 50 बजे राम मंदिर के गेट नंबर 11 से प्रवेश किया।
- 7: 53 बजे रामलला के दरबार में साष्टांग दंडवत किया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।
- 8:17 बजे पीएम मोदी का दो किलोमीटर लंबा रोड शो शुरू हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बार फिर अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। करीब 15 मिनट तक दर्शन करने के बाद भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह के समर्थन में रोड शो किया। अयोध्या के जरिए पीएम मोदी अवध की नौ लोकसभा सीटों पर वोटरों को साध गए। प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से राम जन्मभूमि के लिए सड़क मार्ग से उनका काफिला रवाना पहुंचा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था।

यह रथ लखनऊ में तैयार किया गया था। सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक रोड शो हुआ। इस दौरान मोदी-मोदी व जय श्री राम के नारे लगते रहे।

## मुख्य मार्ग के हर घरों पर भगवा झंडे लगाए गए

पीएम के आगमन को लेकर अयोध्या की भव्य साज-सज्जा की गई। मुख्य मार्ग के हर घरों पर भगवा झंडे लगाए गए। राम जन्मभूमि के गेट नंबर 11 को राममंदिर की थीम पर सजाया गया। 50 किलो फूल से यहां रामलला के बाल स्वरूप के चित्र सहित राममंदिर का मॉडल, बालकराम की छवि को दर्शाया गया।

### इकबाल ने जताई इच्छा.. फिर एक बार पीएम बनें मोदी



राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें। एक्स पर जारी एक पोस्ट में इकबाल अंसारी ने कहा कि पीएम मोदी भाग्यशाली हैं कि उनका चुनाव राम की नगरी से शुरू हो रहा है। उनका दस साल का पीएम पद का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। हम उनके अयोध्या आगमन से बहुत खुश हैं और चाहते हैं कि वह एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें।

### रोड शो में बड़ी संख्या में साधु-संत भी शामिल हुए

*पीएम मोदी का रोड शो दो किलोमीटर की दूरी तय कर लता मंगेशकर चौक तक पहुंचा। पूरे रास्ते पुष्प वर्षा कर पीएम मोदी की अगवानी की गई। इस दौरान घंटा घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और शंख ध्वनि गुंजायमान होता रहा। रोड शो में बड़ी संख्या में साधु और संत भी शामिल हुए*

### पांच स्थानों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

*पीएम मोदी के रोड शो के दौरान राम जन्मभूमि पथ से लता चौक तक 82 ब्लॉक में अयोध्यावासी रहे। जबकि पांच स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। महिलाओं के लिए तीन, युवाओं के लिए दो, तीर्थ-पुरोहितों और संत-महंत व वरिष्ठ धर्माचार्यों के लिए सात ब्लॉक आरक्षित थे। इसी तरह समाज के अन्य वर्गों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए। महिलाएं एक रंग के परिधान और युवा एक रंग की टी शर्ट में नजर आए।*

शहडोल में खनन माफिया की करतूत



# एएसआई की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या, प्रशासन ने आरोपियों के घर 'ढहा' दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहडोल एक बार फिर से खनन माफिया का आतंक सामने आया है। जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर ब्यौहारी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बडोली गांव में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि एक एएसआई महेंद्र बागरी को खनन माफिया ने ट्रैक्टर से कुचल दिया। बागरी अवैध रेत उत्खनन परिवहन की सूचना मिलने पर शहडोल गए थे। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के अवैध घरों पर बुलडोजर चलाया गया है। गौर हो कि पिछले साल नवंबर में भी शहडोल जिले के गोपालपुर इलाके में सोन नदी से अवैध रूप से खनन की गई।



मृतक महेंद्र बागरी

पिछले साल नवंबर में एक राजस्व अधिकारी को कुचल दिया था

### पुलिस ने रखा 30 हजार का इनाम

शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने बताया कि सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करने वाली जानकारी देने वाले को 30,000 रु. का इनाम देने की घोषणा की गई है।


### एएसआई बागरी ने ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की थी



पुलिस ने बताया कि एएसआई महेंद्र बागरी अपने दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वारंटी को पकड़ने गए थे। इसी दौरान सामने से अवैध रेत का भरा ट्रैक्टर लेकर आ रहे चालक को रोकने की कोशिश की, किंतु चालक ट्रैक्टर रोकने के बजाए एएसआई पर चढ़ा कर उससे कूदकर फरार हो गया।

## डोप टेस्ट से इंकार किया बजरंग पूनिया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के लिए पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। नाडा ने रविवार 5 मई को इस स्टार पहलवान को डोप टेस्ट न कराए जाने को लेकर एक्शन लेते हुए सस्पेंड कर दिया। इस कड़े कदम की वजह से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक में खेलने को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है। इस साल मार्च में सोनीपत में हुए ट्रायल के बाद बजरंग पूनिया ने डोप टेस्ट नहीं दिया था। अब अगर उनके उपर लगा यह बैन नहीं हटा तो पेरिस ओलंपिक के लिए होने वाले फाइनल ट्रायल में नहीं ले पाएंगे हिस्सा।



## दिल्ली-नागपुर में भूकंप कोई नुकसान नहीं

**नई दिल्ली।** देश के दो बड़े शहरो में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सबसे पहले महाराष्ट्र के नागपुर में दोपहर 2 बजकर 30 मिनट के करीब भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र उमरेड गांव में था। दिल्ली में भूकंप दोपहर के बाद 4 बजकर 19 मिनट 14 सेकंड पर आया। हालांकि भूकंप के झटके महसूस नहीं किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2 मापी गई। वहीं, इसकी गहराई 5 किमी थी। भूकंप का केंद्र पश्चिमी दिल्ली था।



## क्रिसेंट वाटर पार्क में डूबने से नौ वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भोपाल-इंदौर हाइवे पर स्थित क्रिसेंट वाटर पार्क में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक 9 वर्षीय बालक स्वीमिंग पूल में खेलते-खेलते पानी में डूब गया। बालक अपने परिवार के साथ वाटर पार्क आया था। मां ने मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिलने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार भोपाल के रहने वाले गौरव राजपूत का पेपर ट्रेडिंग का बिजनेस है। वे रविवार सुबह पत्नी अर्चना, 9 साल के बेटे आरुष, 2 साल के बेटे आरव और अपनी भाभी के साथ क्रीसेंट वाटर पार्क आए थे। आरुष वाटर पार्क में कम पानी वाले हिस्से में तैर रहा था। गौरव ऊपरी हिस्से में स्लाइडर पर थे। खेलते-खेलते आरुष पानी में डूब गया। जैसे तैसे बालक को लेकर परिवार के लोग सीहोर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मृतक की आंखे परिवारजनों ने दान करने का निर्णय लेते हुए नेत्रदान किया। मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।




### भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**देवास।** जिले के कन्नौद थाना अंतर्गत शनिवार रात को ट्रक की टक्कर से तीन बाइक सवार की मौत हो गई। घटना में दो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, तीसरे की उपचार के लिए इंदौर ले जाते वक्त मौत हो गई। हादसा नरेड़ी पेट्रोल पंप के पास रात 11 बजे लगभग हुआ। जानकारी अनुसार शनिवार रात बाइक पर मवास्या गांव से तीन युवक एक शादी समारोह में जा रहे थे। रात 11 बजे ट्रक की टक्कर से हादसा हुआ। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने घायल विनोद पिता भादर (22), राजकुमार उर्फ मोगली पिता मनोहर (15) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल भूरा पिता भगवान (20) को इंदौर रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया।

देहरादून में मंदिर के शिलान्यास में फिसलकर गिर गए थे

## इस्कॉन आईजीसी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण का निधन, वृंदावन में दी जाएगी 'समाधि'

एजेंसी ▶▶ मथुरा



इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया है। रविवार सुबह देहरादून में उनका निधन हुआ। गोपाल कृष्ण दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों व वृंदावन सहित विश्व के सभी मंदिरों में शोक की लहर है। सोमवार को गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर वृंदावन लाया जाएगा। इस्कॉन मंदिर में प्रभुपाद की समाधि के पास ही अंतिम दर्शन को सुबह 11 बजे से रखा जाएगा। दोपहर 2.30 बजे करीब उनको इस्कॉन की गोशाला के पास समाधि दी जाएगी। करीब दो से ढाई लाख भक्त उनके अंतिम दर्शन को वृंदावन आ सकते हैं। 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज एक मेधावी छात्र थे, जिन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सागर, गुना व राजगढ़ में चुनावी जनसभा में कहा

# राहुल अपनी नादानियों के कारण ही अपनी व पार्टी की कराते हैं फजीहत



- सीएम ने कहा कि जब से राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी आ गए हैं, तब से हमारी पार्टी रोज बढ़ती जा रही है

मुख्यमंत्री के राघौगढ़ में रोड शो भारी जनसैलाब उमड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राघौगढ़ के माहौल को बदलने के लिए जनता तैयार

गुना लोकसभा के मुंगावली में भी जनसभा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सागर, गुना व राजगढ़ में चुनावी दौरे पर थे। उन्होंने कांग्रेस व उनके नेताओं पर जमकर तंज कसा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी अपनी नादानियों के कारण से अपनी और पार्टी की फजीहत कराते हैं। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने गांव-गांव में प्रधानमंत्री सड़क देने का काम किया है। कांग्रेस के लोग उस समय कह रहे थे, गांव में सड़क की क्या जरूरत है? वहां बैलगाड़ी चलती है। उनको बैलगाड़ी का सिस्टम मालूम नहीं है। उन्होंने गांव देखा नहीं है। वो आज भी आलू से सोना निकालने की मशीन ढूंढते हैं।

### आलू से सोना केवल 'पप्पू' बना सकता है, और किसी को मालूम नहीं




भारत रत्न स्व. वाजपेई ने गांव-गांव में सड़क देने का काम किया है

### विपक्ष के नेता देश के दुश्मनों को 'जी' लगाकर संबोधित करते हैं

यादव ने राजगढ़ लोकसभा के राघौगढ़ में रोड शो किया। यहां 7 कई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री जनता के बीच पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह पर जमकर निशाना साधा। उनके रोड शो में भारी जनसैलाब उमड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राघौगढ़ के माहौल को बदलने के लिए जनता तैयार है, यह बताने के लिए इशारा काफी है। डॉ. यादव ने कहा कि विपक्ष के नेता देश के दुश्मनों को 'जी' लगाकर संबोधित करते हैं और हमारी सेना का अपमान करते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक पर भी सवाल उठाते हैं। हमारी सेना दुश्मन को जवाब देने के लिए सक्षम है। सर्जिकल स्ट्राइक इसका जीता जागता प्रमाण है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गुना लोकसभा के मुंगावली में पार्टीप्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत बगैर इंजन की रेल की तरह हो गई है।

## मसालों में कीटनाशक मामले पर पहली बार आई सफाई

एफएसएसएआई का कहना है कि भारत में कीटनाशकों को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की तरफ से कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत बनाई गई केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबी और आरसी) के माध्यम से विनियमित किया जाता है

# एफएसएसएआई का दावा-मसालों में 10 गुना ज्यादा कीटनाशक तो बिल्कुल नहीं

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि भारत में अधिकतम अवशेष सीमा यानी कीटनाशक मिलाने की सीमा दुनियाभर में सबसे कड़े मानकों में से एक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएससएएआई) ने 10 गुना ज्यादा पेस्टीसाइड को मंजूरी देने वाली खबरों पर सफाई जारी की है। उसने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है जिसमें यह दावा किया जा रहा था ।




### आईबी और आरसी से मिले आंकड़ों की करता है जांच

एफएससएएआई का कीटनाशक अवशेषों की जांच के लिए बनाया गया साइंटिफिक पैनल सीआईबी और आरसी से मिले आंकड़ों को जांचता है। इसके बाद सभी खतरे से जुड़े आंकड़ों की जांच के बाद एमआरएल तय किए जाते हैं।

'हां, मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं' और मैं अब वही कर रहीं हूं

# कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा ने छोड़ी पार्टी, बोलीं मेरे अयोध्या जाने का जमकर हो रहा था विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को एक और झटका लगा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा ने इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं। साथ ही अपने पद से इस्तीफ़ा दे रही हूं। उन्होंने कहा कि हां, मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं और मैं अब वही कर रहीं हूं। राधिका ने कहा कि अपने और देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी। राधिका खेड़ा ने अपने इस्तीफे में लिखा कि हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है। रामलला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। राधिका ने लिखा कि मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए। आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है, क्योंकि मैं अयोध्या में रामलला के दर्शन करने से खुद को रोक नहीं पाई। उन्होंने लिखा कि मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इनकार कर दिया गया। मैंने हमेशा दूसरों के न्याय के लिए हर मंच से लड़ाई लड़ी है, लेकिन जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने खुद को हारा हुआ पाया।

जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने खुद को हारा हुआ पाया




# आगरा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और राहुल को घेरा

# पहले कोट पर जनेऊ पहन मंदिर-मंदिर घूमते थे, आज शहजादे का मंदिर जाना बंद हो गया, वे 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर डाल रहे 'डाका'

एजेंसी ▶▶ आगरा

पीएम नरेंद्र मोदी ने इटावा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे का इस बार मंदिर दर्शन बंद हो गया है। 5 साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। वह भी कोट पर जनेऊ पहनकर। पीएम मोदी ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने पर कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि सपा और कांग्रेस कंपनी एससी और एसटी का आरक्षण छीन कर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में इन्होंने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर दिया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था।उसमें डाका मार लिया। यूपी में भी बड़े खतरे की घंटी है।उन्होंने कहा कि आज भी सपा को अपने परिवार के अलावा कोई उम्मीदवार नहीं मिला। भाजपा में कोई भी व्यक्ति बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। सपा- कांग्रेस की खोटी नियत का हिसाब बहुत लंबा है।

### कांग्रेस की पूजा भी नौटंकी लग रही

500 साल के बाद एक ऐतिहासिक पल आया, पूरा देश राममंदिर बनने से खुश हुआ, लेकिन इन्होंने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनको पूजा भी नौटंकी लग रही है। मोदी को गाली देते-देते ये लोग भगवान श्रीकृष्ण का अपमान कर रहे हैं।



### सपा की दिल की बात जुबान पर आ ही गई


मोदी ने कहा कि इस इलाके में आकर मुझे 2019 के चुनाव के पहले की बात याद आ रही है जब संसद का सत्र चल रहा था और संसद में स्वर्गीय मुलायम सिंह जी भाषण के लिए खड़े हुए। मुलायम ने संसद में कहा था कि मोदी जी आप तो दोबारा जीतकर आने वाले हैं। नेता जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके सगे भाई भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। 2019 में उनका आशीर्वाद मुझे लगा और दोबारा से प्रधानमंत्री बना। पीएम मोदी ने शिवपाल यादव पर भी तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा, मुलायम सिंह यादव ने संसद में जो कहा था, अब उनके भाई शिवपाल के मन की बात जुबां पर आ गई। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

### चाय वाले ने कुप्रथा तोड़ दी

उन्होंने कहा कि हम योगी मोदी क्यों खप रहे हैं? हमारे तो बच्चे है नहीं हम खप रहे हैं आपके बच्चे के लिए। भारत एक हजार साल के लिए सशक्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। देश में प्रधानमंत्री होते थे, जो चाय वाले थे, उन्होंने एक कुप्रथा तोड़ दिया, जिससे गरीब का बेटा भी मुख्यमंत्री बन सकता है। वोट में सारे पुराने रिकॉर्ड टूटने चाहिए।

**तेलंगाना रैली में राहुल ने कहा**

## पीएम मोदी आरक्षण छीनना चाहते हैं...



**हैदराबाद**। भाजपा पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और लोगों से आरक्षण छीनना चाहते हैं। आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि चल रहे आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच हो रहे हैं जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है। भाजपा-आरएसएस गठबंधन इसे और लोगों के अधिकारों को खत्म करना चाहता है। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है। अगर पार्टी केंद्र में सरकार बनाती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को तोड़ देगी और कोटा 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी।

## कांग्रेस ने नड्डा और मालवीय के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली**। देशभर में चुनावी माहौल बना हुआ है। सभी राजनीतक दलों ने जीतने के लिए कमर कस ली है। अब कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दी है। उसने आरोप लगाया है कि भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो पोस्ट कर कथित तौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्यों को एक खास उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लए धमकाया जा रहा है।






### 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ रहे पीएम मोदी

**धर्मावरम (आंध्र प्रदेश)**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की एक रैली को आंध्र प्रदेश में संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने विश्वास जताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे।गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीटों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी। रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### राहुल देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं

शाह ने कहा कि राहुल गांधी सहित कोई भी भारतीय ब्लॉक नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है। जबकि दूसरी ओर, पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन बनाया है।

**राहुल के अमेठी छोड़ने पर ईरानी का वार**

## गांधी फैमिली बदल लेती है परिवार...


**अमेठी**। उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल अमेठी सीट से भजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर एक बार फिर निशाना साधा है। स्मृति ने अमेठी की पूर्व सांसद राहुल गांधी के इस बार रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर तंज कसते हुए कहा कि 'कुछ लोग रंग बदलते हैं, लेकिन गांधी फैमिली परिवार बदल लेती है। इनका का इशारा राहुल के उस हालिया बयान पर था, जहां उन्होंने रायबरेली के लोगों को अपना परिवार बताया था ईरानी ने कहा कि हमने अमेठी में पांच साल जो काम किया, वह कांग्रेस के 50 साल में नहीं हुए।राहुल वे काम नहीं कर पाए और यहां से पल्ला झाड़ लिया। इसके साथ ही उन्होंने अमेठी से इस बार फिर जीत का दावा करते हुए कहा कि यहां से गांधी परिवार को जीत की गुंजाइश होती तो कोई न कोई जरूर लड़ता।



**कश्मीर को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का बड़ा दावा**

## पीओके के लोग खुद भारत में शामिल होंगे, हमें कुछ करने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली**। भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर हमेशा ही तनातनी बनी रहती है। अब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत को पीओके पर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कश्मीर के विकास को देखने के बाद वहां के लोग खुद ही इसका हिस्सा बनना चाहेंगे। संपूर्ण राजनीतिक परिदृश्य पर बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया।



### कांग्रेस केवल हिंदू- मुस्लिम करके सवाल खड़े कर रही

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावी फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम विभाजन का प्रयास कर रहीं ह। कांग्रेस धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाहती है। वे मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं की जानी चाहिए. राजनीति का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिए।

### नड्डा ने इंडी गठबंधन और घोटालों पर कांग्रेस पर बोला हमला

**सूरजपुर**। पूर्व सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा में मोदी के नेतृत्व में विकास कार्यों का बखान किया, वहीं परिवारवाद को लेकर इंडी गठबंधन तथा घोटालों को लेकर कांग्रेस पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस बार भी पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा के आने के बाद भी कुछ नहीं बदलेगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल में भारत में बहुत कुछ बदल गया। 'सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया। यह चुनाव पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।



**खबर संक्षेप**


### विधायकी गंवाने वाले अनंत पैरोल पर छूटे

**पटना**। विधायकी गंवाने वाले बाहुबली और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार को पटना के बेउर जेल से बाहर निकल गए हैं। अनंत को जेल से 15 दिनों के लिए पैरोल मिला है। सिंह के जेल से बाहर निकलने की सूचना के साथ ही उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। अनंत लगभग 5 वर्षों से जेल में बंद थे।उन पर एके 47 रखने का आरोप है। उन्हें 10 वर्ष की सजा सुनाई थी।



### रेलगाड़ी से इंजन अलग की-मैन ने दी जानकारी

**खन्ना**। पंजाब के खन्ना में चलती रेलगाड़ी का इंजन अलग होकर करीब 3 किलोमीटर दूर अकेला पहुंच गया। पटरी पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाने पर ड्राइवर को इसकी जानकारी मिली। इंजन को रोका और गाड़ी से जोड़ा गया। इस दौरान कोई दूसरी रेलगाड़ी नहीं आई, जिससे यात्रियों की जान बच गई। यह हादसा पटना से जम्मू तवी जा रही अर्चना एक्सप्रेस रेलगाड़ी के साथ हुआ।



### सिप्ला और ग्लेनमार्क ने अमेरिका से 'बुलाई' दवाएं

**नई दिल्ली**। दवा निर्माता सिप्ला और ग्लेनमार्क विनिर्माण समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस बुला रहे हैं।अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है।




**2000 रुपए की फीस से जुड़ी याचिका पर बोला दिल्ली हाईकोर्ट**

# एसी स्कूलों में पढ़ाना है तो इसका खर्च माता-पिता को ही सहन करना पड़ेगा

**कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दिया फैसला, अदालत ने याचिका कर दी खारिज**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपए वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ता है। दलील दी थी छात्रों को एसी सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है।



### अधिकारी को जानकारी दी थी

अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि स्कूल द्वारा जारी की गई फीस रसीद में एयर कंडीशनर के लिए शुल्क की इंट्री फीस में दर्ज है, लेकिन याचिका में आरोप यह है कि फीस और एसी के लिए चार्ज डीओई को अवगत कराने के बाद बढ़ाए गए हैं।

### यह अन्य शुल्कों से अलग नहीं

हाईकोर्ट ने साफ कहा कि स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली एयर कंडीशनिंग सेवाओं की लागत माता-पिता को वहन करनी होगी क्योंकि यह बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधा है। यह प्रयोगशाला शुल्क और स्मार्ट क्लास शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है। माता-पिता स्कूल का चयन करते समय स्कूल में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं और कीमत का भी ध्यान रखना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि शिक्षा निदेशालय को भी शिकायतें मिलने के बाद इस मुद्दे पर विचार करना पड़ा और याचिका सुनवाई योग्य नहीं थी।

### रसीद में एयर कंडीशनिंग का शुल्क दर्ज, रिपोर्ट मांगी

*अदालत ने कहा कि फीस रसीद में एसी दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई अनियमितता नहीं है। याचिकाकर्ता मनीष गोयल स्कूल में 9 वीं कक्षा में पढ़ता था। उनके अनुसार छात्रों को एयर कंडीशनिंग सुविधा प्रदान करने का दायित्व स्कूल प्रबंधन पर है और उक्त सुविधा छात्रों को स्कूल के स्वयं के धन और संसाधनों से प्रदान की जानी चाहिए। डॉक्यूमेंट में बताया कि अधिकारी संबंधित मुद्दे की जांच कर रहे हैं और प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट को बताया गया कि शिकायतों पर महाराजा अग्रसेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।*

**राजस्थान में भीषण सड़क हादसा**

## त्रिनेत्र गणेश के दर्शन को जा रहे एक ही परिवार 6 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ सवाई माधोपुर

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा बौंली थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर बनास पुलिया के समीप हुआ।

मारे गए परिवार के लोग सीकर से रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश के दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ। हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बनास नदी पुल के पास उस समय हुआ जब अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। बौंली थाने के उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने बताया कि कार में सवार लोग सवाई माधोपुर जा रही कार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी।

### 3 भाइयों की पत्नी समेत मौत

बताया जा रहा है कि कार टक्कर में मारे गए एक ही परिवार के मृतकों की पहचान क्रमशः मनीष शर्मा, अनीता शर्मा ( मनीष की पत्नी), कैलाश शर्मा संतोष (पत्नी कैलाश) सतीश शर्मा ( पूनम पत्नी सतीष) के रूप में हुई। घायलों में की पहचान मनीष शर्मा के बच्चों मनन और दीपाली के रूप में की गई है। पुलिसअज्ञान वाहन की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

**बूटी मोड़ (जुमार पुल) के समीप हादसा**

## रांची के बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में भीषण आगजनी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची के जुमार पुल के समीप स्थित बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में रविवार को आग लग गई। करीब 4 घंटे के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है।

दमकलकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए।6 दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। डोरंडा फायर स्टेशन ऑफिसर जीतेंद्र तिवारी नेकहा कि आग से और ज्यादा नुकसान नहीं हो, उसके तेजी से फैलाव को रोकने की कोशिश की जा रही है। बूटी मोड़ (जुमार पुल) के समीप आग लगने की खबर जैसे ही अग्निशमन विभाग को मिली, वैसे ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने में जुटे रहे, लेकिन आग की लपटें काफी तेजी से फैल रही थी। रविवार होने की वजह से बीएसएनएल ऑफिस में अधिकारी नहीं थे। कुछ कर्मी थे। वे धुआं उठते ही बाहर निकल गए. इस कारण इस अगलगी में कोई हताहत नहीं हुआ है। लाखों के नुकसान का अनुमान है।



**कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने प्रज्ज्वल दुष्कर्म मामले में की घोषणा**

## दुष्कर्म पीड़िताओं को मिलेगी वित्तीय मदद, ब्लू कॉर्नर नोटिस की तैयारी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने प्रज्ज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में पीड़ितों को वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है। कर्नाटक में कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने सीएम सिद्धारमैया की मौजूदगी में यह ऐलान किया। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दुष्कर्म पीड़ितों को वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। दुष्कर्म पीड़ितों की संख्या सैकड़ों में हैं। यह एक हैरान करने वाला मामला है और बीते 75 वर्षों में ऐसा कभी नहीं हुआ।

**सुरजेवाला ने भाजपा से गठबंधन पर उठाया सवाल**



### एचडी रेवन्ना हिरासत में

सेक्स स्कैंडल मामले में प्रज्ज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को शनिवार को मामले की जांच कर रही एसआईटी ने हिरासत में ले लिया। रेवन्ना ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में अग्रिम जमानत की अपील की थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद एसआईटी ने एचडी रेवन्ना को हिरासत में ले लिया।

### कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए आरोप

हासन लोकसभा क्षेत्र से जदएस-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। प्रज्ज्वल पर कथित तौर पर सैंकड़ों अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर अपने गठबंधन के सहयोगी जदएस के उम्मीदवार को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि प्रज्ज्वल के बारे में जानकारी होने के बावजूद भाजपा ने जदएस के साथ गठबंधन क्यों किया?

### ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी

*कांग्रेस नेताओं ने ये भी सवाल उठाया कि विदेश मंत्रालय ने प्रज्वल को विदेश भागने से क्यों नहीं रोका? प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द क्यों नहीं किया और उसे वापस लाने के लिए इंटरपोल के माध्यम से कोई ब्लू कॉर्नर नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया? सिद्धारमैया ने कहा कि प्रज्वल को वापस लाने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। प्रज्ज्वल फिलहाल जर्मनी में हैं। 28 अप्रैल को प्रज्ज्वल के खिलाफ उनके घर में घरेलू कामकाज करने वाली महिला ने यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी।*

# नासा ने शेयर की सौरमंडल के ग्रहों की अद्भुत तस्वीरें

## शनि के साथ पेरिडिया को बताया 'छल्ले वाला ग्रह'



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की हैं। नासा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर पेरिडिया ग्रह की एक छवि के साथ शनि ग्रह की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसे नासा ने रिंग वाले ग्रह के समान बताया। नासा ने कहा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था। हालांकि, हमारे सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं हैं।

*पेरिडिया हमारे शनि की तरह भव्य दिख रहा*

*हमारे सौरमंडल में बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था*

*सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं*




### मंगल ग्रह पर टीले, पहाड़ और लाल रंग की जमीन


नासा ने पेरिडिया के बारे में आगे जानकारी दी और कहा कि यह एक्स्ट्रागैलेक्टिक ग्रह है जहां एज़्रा ब्रिजर और ग्रैंड एडमिरल थ्रॉन को गायब कर दिया गया था, जिसे बाद में अहसोका तानो और सबाइन व्रेन ने पाया। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा, मंगल ग्रह में टीलों, पहाड़ों और मैदानों के साथ सूखी लाल रंग की जमीन दिख रही है।

### शनि ग्रह के इर्द-गिर्द भूरे रंग के छल्ले, जो काले स्थान से घिरे

नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पेरिडिया हमारे सौर मंडल के सबसे भव्य दिखने वाले ग्रह शनि की तरह दिख रहा है। शनि का रंग भूरा दिखाई दे रहा है। इसके इर्द-गिर्द छल्ले भूरे रंग के हैं और काले स्थान से घिरे हुए हैं।







---

शहीद जवान अपने बेटे के जन्मदिन पर छिंदवाड़ा आने वाला था, उससे पहले उसके परिवार पर यह पहाड़ टूट पड़ा

# लश्कर के 4 आतंकवादियों ने किया था वायुसेना के काफिले पर हमला, साजिद जट ने दी थी ट्रेनिंग

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले में एक जवान की मौत हो गई थी। 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आईएएफ के काफिले पर हमला साजिद जट द्वारा प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 4 आतंकवादियों का काम था। पिछले हमलों के बाद एक मानक संचालन प्रक्रिया विकसित की गई थी। जैसे ही बलों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की आतंकवादी भाग गए। हमलावर आतंकवदियों की तलाश जारी है। वायुसेना के काफिले पर हमले की घटना शनिवार शाम करीब 6 बजे हुई, जब कॉनवॉय जारनवाली से वायुसेना स्टेशन लौट रहा था। भारतीय वायुसेना का मूवमेंट संभवतः राडार ऑपरेशन के लिए था। दो लोगों की हालत गंभीर है। इस क्षेत्र में लगभग 17 आतंकवादी साजिद जट्ट समूह से हैं।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरकोट में शनिवार को एयरफोर्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में भारतीय वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया।

**हमलावर आतंकवदियों की तलाश जारी**

**17** आतंकवादी साजिद जट्ट समूह क्षेत्र में से हैं

**25** मई को पुंछ में छठे चरण में मतदान

### बलों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की



### इलाज के दौरान जवान ने तोड़ दिया दम

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान से 3 सप्ताह पहले आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें एक सैनिक (कॉर्पोरल विक्की पहाड़े) की मौत हो गई और 4 अन्य जवान घायल हो गए। पुंछ में 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है। अधिकारियों ने कहा कि शाम को पुंछ के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे भारतीय वायुसेना के वाहनों पर 4 आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 5 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। 2 की हालत गंभीर थी। एक ने बाद में इलाज के दौरान एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### तलाशी अभियान, जंगल में छिपे होने का संदेह

पुंछ जिले में शाहसितार के पास स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा फिलहाल घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सैन्य अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफ़लियाज़ में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें 4 सैनिक मारे गए थे और 3 घायल हो गए थे। भारतीय वायुसेना के काफिले में शामिल ट्रकों में से एक को हमले का सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा, जिसमें कई गोलियां उसकी विंडस्क्रीन और साइड में लगी हैं। अधिकारियों ने संदेह है कि हमले को अंजाम देने के बाद आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए।

### नहीं मना पाया बेटे का जन्मदिन आईएएफ ने दी श्रद्धांजलि

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शनिवार की शाम को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में बलिदान हो गए। वह 7 मई को अपने बेटे का जन्मदिन मनाने घर आने वाले थे। विक्की पहाड़े एयर फोर्स में कार्यरत थे। विक्की वर्ष 2011 में एयर फोर्स की सेवा में गए थे। उनके परिवार में मां-पत्नी, 3 बहनें और एक 5 साल का बेटा है। पिता का निधन हो चुका है। विक्की छिंदवाड़ा जिले के नोनिया-करबल गांव के निवासी थे। कॉर्पोरल पहाड़े पिछले महीने अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए परिवार से मिलने आए थे और 18 अप्रैल को यूनिट में शामिल हो गए थे। भारतीय वायुसेना ने कहा कि सीएएस एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायु सेना के सभी कर्मी बहादुर कॉर्पोरल विक्की पहाड़े को सलाम करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में पुंछ सेक्टर में सर्वोच्च बलिदान दिया।

### कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की शहादत को नमन करता हूं: कमलनाथ

उनके शहादत पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में कल एयरफोर्स के काफिले पर हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा जिले के सपूत विक्की पहाड़े की भी शहादत हुई है। कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की शहादत को नमन करता हूं, अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पूरे देश को अपने अमर बलिदानी बेटे विक्की पहाड़े के शौर्य और पराक्रम पर गर्व है।

---

26/11 मामले में वकील थे निकम

# निकम बोले- शहीद करकरे के बहाने मुझ पर हमला



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने एक विवादित बयान देते हुए ये कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे की हत्या नहीं की थी, बल्कि आरएसएस से जुड़े एक पुलिसकर्मी ने उन्हें गोली मारी थी। मालूम हो कि उज्वल निकम 26/11 मामले में वकील थे और इस चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। इस पर पलटवार करते हुए मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से भाजपा उम्मीदवार उज्वल निकम ने कहा कि कांग्रेस के नेता कोई भी मुद्दा उठा रहे हैं। भाजपा ने जब से मेरी उम्मीदवारी घोषित की है तब से कांग्रेस ने मुझ पर हमला करना शुरू कर दिया है। विजय जो कह रहे हैं वह असत्य है।

### बयान की आलोचना हुई तो गलती सुधारी

हालांकि, जैसे ही विजय वडेट्टीवार की टिप्पणियों की आलोचना हुई। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि हेमंत करकरे की मौत के बारे में उन्होंने जो कुछ भी कहा वह सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एसएम मुश्रीफ की 'हू किल्ड करकरे' नाम की किताब में लिखा था। गौरतलब है कि हेमंत करकरे मुंबई एटीएस के प्रमुख थे और 2008 के मुंबई हमलों के दौरान मारे गए थे। 2009 में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र दिया गया था।

### तीन जांबाज अधिकारी हुए थे शहीद

कसाब की ही गोली से मुंबई पुलिस के तीन जांबाज अधिकारी शाहिद हुए थे। जिनमें एक हेमंत करकरे भी शामिल थे। यह बयान खुद कसाब ने कोर्ट में दिया है। कसाब और अबु इस्माइल ने कई निर्दोष लोगों पर गोलीयां चलाई थी, हमारे शहीद हेमन्त करकरे, सालस्कर और कामटे जैसे अधिकारियों को कसाब और अबु इस्माइल ने ही मारा था। ये कसाब ने खुद कोर्ट में कबूल किया है। उसी आधार पर कसाब को सजा हुई थी। अब आप कह रहे हो सब झूठा है? क्या कसाब का बयान झूठा था? अगर आप ऐसा मानते हो तो भगवान आपको क्षमा करे।

---

## खबर संक्षेप


### ईरान-इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान और इजराइल की यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है।



### ताइवान के सिर पर मंडरा रहे चीन के एयरक्राफ्ट

**बीजिंग।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने चीन के 7 मिलिट्री एयरक्राफ्ट और नौसेना के 5 पोत को अपनी जलसीमा में देखा है। ताइवान ने दावा किया है कि चीनी सेना का एक एयरक्राफ्ट समुद्री सीमा को लांघते हुए उसके सीमाक्षेत्र में प्रवेश कर गया।



### लैटिन अमेरिका में तेजी से फैल रहा डेंगू

**वॉशिंगटन।** लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में डेंगू ने तबाही मचाई है। इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच डेंगू के 60 लाख मामले सामने आ चुके हैं। यह स्थिति तब है, जब अभी पीक सीजन आना बाकी है। आने वाले महीनों में हालत और खराब हो सकती है। ब्राज़ील सबसे ज्यादा डेंगू की चपेट में है।



---



### टनकपुर में आग लेती जा रही विकराल रूप, श्रमिक की भी मौत

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के कुमाऊं में जंगलों की आग अब विकराल हो गई है। टनकपुर (चंपावत) क्षेत्र के बूम वन रेंज के जंगल में शुक्रवार देर शाम को भीषण आग लग गई। वन कर्मियों ने बमुश्किल आग को फैलने से रोका। इस बीच एक वन कर्मी धुएं से बेहोश हो गया जिसका उप जिला अस्पताल में इलाज किया गया। वहीं, गुरुवार को जंगल की आग से झुलसी चौथी महिला श्रमिक पूजा ने भी दम तोड़ दिया है। इस हादसे में उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। सोमेश्वर के स्यूनराकोट में तीन दिन पूर्व जंगल की आग में चार नेपाली श्रमिक झुलस गए थे। तीन की मौत पहले ही हो चुकी है जबकि चौथी महिला श्रमिक की ऋषिकेश एम्स में उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई।

---

# 'टाइम्स स्क्वायर' पर भारतीय साड़ियों का प्रदर्शन



### साड़ी को वैश्विक पहचान

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वायर पर साड़ियों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने साड़ी की वैश्विक पहचान को प्रदर्शित करने के मकसद से एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की खूबसूरती, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। 'टाइम्स स्क्वायर' पर बीते शनिवार को आयोजित 'साड़ी गोज ग्लोबल' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय सहित उन 9 देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जहां साड़ी लोकप्रिय परिधान है। इन देशों में भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने अपने संग्रह का प्रदर्शन किया।

---

ज्यूरिख के लिए अभी शुरू हो गई बुकिंग

# एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से भरेगी उड़ान

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू करेगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में 4 दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा। इस उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें 'इकोनोमी' और 'बिजनेस' श्रेणी होंगी। इस गर्मी में स्विटजरलैंड के खूबसूरत नजारे आपका इंतज़ार कर रहे हैं। ज्यूरिख के लिए बुकिंग अभी शुरू हो गई है।

एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि भारत में काम कर रही 250 से अधिक स्विस कंपनियों, स्विट्जरलैंड में सैकड़ों भारतीय कंपनियों और लगभग 18 हजार की प्रवासी भारतीय आबादी के साथ ये उड़ानें दोनों क्षेत्रों में व्यापार और पर्यटन यात्रा की मजबूत मांग को पूरा करेंगी। एयर इंडिया यूरोप के 6 शहरों- एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस और वियना के लिए 60 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

---

खालिस्तान के मुद्दे पर कनाडा पीएम ट्रूडो को लगाई फटकार

देश अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर फैला रहा अतिवाद

# ट्रूडो बोले- 3 गिरफ्तारी पर रुकने वाली नहीं जांच, विदेश मंत्री जयशंकर का पलटवार- पहले सबूत तो दिखाओ

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल 3 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तार पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा में जो कुछ हो रहा है, वह ज्यादातर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडा सरकार की आलोचना की। उन्होंने संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा सरकार वीजा दे रही है। उन्होंने कहा कि देश अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के पैरोकारों को वैधता दे रहा है।

उन्होंने कहा कि कनाडा इस समय भारत के लिए बड़ी समस्या है। खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल 3 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तार पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। जस्टिन ट्रूडो के बयान पर पलटवार करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि कनाडा ने कोई सबूत नहीं दिया। वे न तो कोई सबूत देते हैं और न ही उनकी पुलिस एजेंसियां हमारे साथ सहयोग करती हैं।

### संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा दे रहा वीजा



### कुछ देशों में एक संगठित राजनीतिक लॉबी

जयशंकर ने कहा कि कुछ देशों में इस तरह के लोगों ने खुद को राजनीतिक रूप से संगठित किया है और एक राजनीतिक लॉबी बन गए हैं। इनमें से कुछ लोकतांत्रिक देशों में, वहां के राजनेताओं को यह विश्वास दिलाया जाता है कि अगर वे इन लोगों लोगों का सम्मान करते हैं या इन लोगों का समर्थन करते हैं तो इन उनके पास एक समुदाय को अपना समर्थन देने की क्षमता है।


**भारत के लिए बड़ी समस्या है कनाडा: जयशंकर**

उन्होंने कहा कि अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या कनाडा है, क्योंकि कनाडा में आज जो सरकार है, वह उग्रवाद, अलगाववाद और हिंसा की वकालत करने वालों को आजादी के नाम पर एक निश्चित वैधता दे दी है।

### लगाए गंभीर आरोप

एस जयशंकर ने पंजाब में संगठित अपराधों से जुड़े क्रिमिनल को वीजा देने के लिए कनाडा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि पंजाब के संगठित अपराध से जुड़े कई लोगों का कनाडा में स्वागत किया गया है। हमने कनाडा से कहा है कि ये भारत के वांछित अपराधी हैं, आपने उन्हें वीजा क्यों दिया है। इनमें से कई लोग झूठे दस्तावेजों पर कनाडा जाते हैं।

In Loving Memory of



Smt. Reshma Harbaksh Singh Ji
02.07.1966 - 06.05.2023
[National Gen. Secretary, Forum for Awareness of National Security]

Your spirit is holding us tight from within,
that's why your presence is still ever so strong .
You are our moral compass ,
the joy of our childhood , our bedrock to leap into the future .
We Love you ever so deeply .
that One's heart could leap out of our chest.
And we speak for everyone, who came in touch
with you in your life that you are unforgettable,
and will remain beautiful in perpetuity .

In Remembrance
Sons- Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh and family
Mobile No. : 8104712288, 7738109926, 7837291933



# राजधानी सहित 8 जिलों में पारा 42 डिग्री पर नौगांव के बाद सबसे अधिक गर्माया भोपाल

## आज से दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में बौछारें और बारिश का दौर



दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सोमवार के बाद प्रदेश में बादल गहराने के साथ बारिश, बौछारों का दौर चलेगा इससे पारा गिरने की उम्मीद

महाकोशल क्षेत्र सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अभी छाए हाई क्लाउड, सोमवार-मंगलवार से लो क्लाउड करेंगे बारिश

प्रदेश का अधिकतम पारा सबसे अधिक नौगांव में 3.1 और भोपाल में 2.7 डिग्री बढ़ा, शेष जिलों में एक से 2 डिग्री तक की बढ़त रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार को प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे रहे। राजधानी सहित करीब 8 जिलों में दिन का पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया। इससे दिन में गर्मी का अहसास बढ़ गया। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में बढ़त नौगांव में 3.1 और भोपाल में 2.7 डिग्री की रही। नौगांव में पारा 42.1 और भोपाल में 41.8 डिग्री रहा। सबसे अधिक दिन का पारा खजुराहो में 42.2 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को भी तापमान में कुछ बढ़त होगी। इसके बाद प्रदेश में बारिश का दौर चलेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गए हैं। इससे सोमवार- मंगलवार से प्रदेश में बारिश का सिलसिला शुरू होगा। भोपाल में भी मंगलवार को बादल, बौछारों की उम्मीद है।



### दो डब्ल्यूडी सक्रिय, कल से बारिश

एके शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और इसके आसपास है, जबकि दूसरा अभी ईरान के आगे है, जो रविवार तक ईरान पहुंचेगा। अभी भोपाल सहित कई जिलों में हाई क्लाउड हैं। सोमवार से लो क्लाउड छाने से प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा। कल के बाद बादल गहराएंगे और विशेषकर दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में बौछारें और बारिश का दौर सोमवार रात अथवा मंगलवार से चलेगा। इससे प्रदेश के तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद है।

### कहां-कितनी गर्मी कितना बढ़ा पारा

गुना, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव, सागर, मलाजखंड और भोपाल में दिन का तापमान 42 डिग्री तक रहा। इन जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा। इसके अलावा सभी जिलों में एक से 2 डिग्री तक बढ़त रही। औसत तापमान 41 डिग्री तक दर्ज हुआ है। वहीं रात के तापमान में भी तेजी से बढ़त रही। सबसे अधिक बढ़ोतरी सागर में 3.6, राजगढ़ में 3.5, ग्वालियर, गुना, दतिया में 3 से 3.5 डिग्री के बीच बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसके अलावा प्रदेश में औसत न्यूनतम तापमान में करीब 1०3 डिग्री की बढ़त के बाद रात में गर्मी का अहसास अपेक्षाकृत बढ़ा है।

---

**मतदान** प्रतिशत बढ़ाने जिला निर्वाचन की पहल: हर केंद्र पर ठंडे पानी के अलावा मिलेगा मट्ठा-ओआरएस पाउडर

# फर्स्ट टाइम वोटर बैज लगाकर होंगे सम्मानित, हर 3 घंटे के लकी ड्रॉ में निकलेंगे टीवी-फ्रिज समेत कई इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले लोकसभा चुनाव में 65 फीसदी मतदान किया गया था, हालांकि विधानसभा चुनाव में भी मतदान का यही प्रतिशत रहा। इस बार प्रतिशत को बढ़ाने और मतदाताओं को गर्मी में घर से बाहर निकालने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने व्यापारियों की मदद से लकी और बंपर ड्रॉ का आयोजन रखा है।

जबकि प्रत्येक मतदान केंद्र पर आने वाले पहले मतदाता को बैज लगाकर सम्मान किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनके बाद वोटर कार्ड लेकर नहीं पहुंचेंगे, वे अपनी पर्ची और फोटो आईडी दिखाकर मतदान कर सकेंगे। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 2097 मतदान केंद्रों पर गर्मी से बचाव के लिए टेंट लगाए गए हैं, ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके अलावा मठ्ठा, ओआरएस की सुविधा भी केंद्रों पर रहेगी। इसके अलावा लकी ड्रा और बंपर ड्रा के लिए कूपन दिए जाएंगे। जिन्हें तीन-तीन घंटे में खोला जाएगा। जबकि बंपर ड्रॉ दूसरे दिन निकाला जाएगा, जिसमें 5 डायमंड रिंग, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अनेक उपहार दिए जाएंगे।

भरी गर्मी में वोटर को घर से बाहर निकालने कई सुविधाएं

लकी ड्रॉ में व्यापारियों ने किया सहयोग, नोडल अधिकारी को सौंपी सामग्री




### बंपर-लकी ड्रा के लिए व्यापारियों ने सौंपी सामग्री

मतदान के दौरान आयोजित किए जाने वाले बंपर, लकी ड्रा के लिए दिए व्यापारियों ने सामग्री सौंप दी है। महाराणा प्रताप नगर व्यापारी महासंघ, क्रेडाई संघ, बैरागढ़ व्यापारी संघ की ओर से सहयोग दिया गया। कारोबारी रितेश रमतानी ने चार म्यूजिक बाक्स, अमेरिकन आप्टिकल ने 20 गागल धूप से बचाव के लिए दिए गए हैं। ऐसे ही दो एलईडी टीवी, दो वाशिंग मशीन, 20 डिनर सेट, दो गीजर, नितिन अग्रवाल ने फ्रिज, प्रेस इंडक्शन, सराफा व्यवसायी संघ ने दो डेजर्ट कूलर बंपर गिफ्ट लकी ड्रा के लिए सहायक नोडल रितेश शर्मा को सौंपे हैं।

### तीसरे चरण के लिए एक करोड़ 68 लाख से अधिक मतदाता पर्ची वितरित

मप्र में जिन 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है, वहां मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। इनमें मुरैना, भिण्ड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (अजजा) संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। यहां पर कुल एक करोड़ 77 लाख 52 हजार 583 मतदाता हैं। इनमें से एक करोड़ 68 लाख 31 हजार 603 को मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि तीसरे व चौथे दोनों चरणों के मतदान वाले लोकसभा क्षेत्रों के सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है।

### वोटर पर्ची नहीं, तो जाएं बीएलओ के पास

यदि किसी मतदाता को वोटर पर्ची नहीं मिली है, तो वह अपना वोटर आईडी कार्ड लेकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जाएं। वहां बने मतदाता सहायता केंद्र में वोटर आईडी दिखाएं। यहां बीएलओ आपकी मतदाता सूचना पर्ची दे देंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

### **कल सुबह** आठ बजे से रवाना होंगे मतदान दल, केंद्र पर पहुंचकर करना पड़ेगी रिपोर्टिंग

मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिसके तहत सोमवार को सुबह आठ बजे से लाल परेड ग्राउंड से मतदान दलों की रवानगी शुरु हो जाएगी। मतदान दलों के केंद्र पर पहुंचने के बाद रिपोर्टिंग करना पड़ेगा। इस बार भोपाल लोकसभा सीट के लिए 2097 मतदान केंद्रों पर 21,15, 397 मतदाता वोटिंग करेंगे। चुनाव कराने के लिए करीब 16 हजार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

2097 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे दल



चुनाव सामग्री बांटी जाएगी

लोकसभा क्षेत्र भोपाल में सात मई को मतदान होगा। इससे पहले सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को सुबह आठ बजे लाल परेड मैदान से ईवीएम, चुनाव सामग्री बांटी जाएगी। जहां से बसों के माध्यम से मतदान दल सभी 2097 केंद्रों पर पहुंचेंगे।
**दीपक पांडे**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

---

माशिमं का लोगो लगाकर तैयार करते थे फर्जी प्रश्न-पत्र

## 10वीं-12वीं के पेपर बेचने और ठगी करने वालों को 2 साल की सजा

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मण्डल के लोगो का उपयोग कर टेलीग्राम पर फर्जी लिंक तैयार कर उस लिंक के माध्यम से 10वीं और 12वीं की परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जाने का दावा करते हुए छात्रों से भीम एप के माध्यम से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले कमलेश गुर्जर कौशिक दुबे और बृजेश को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह के कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष के साधारण कारावास और 9 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

■ कमलेश गुर्जर और कौशिक दुबे को दिया दोषी करार

मामले के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल में परीक्षा नियंत्रक के पद पर पदस्थ बलवंत वर्मा ने पुलिस आयुक्त अपराध भोपाल को एक लिखित शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि 2 फरवरी 2022 से 4 मार्च 2023 के बीच आरोपीगण के द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल के लोगो का उपयोग कर टेलीग्राम पर फर्जी लिंक तैयार कर उस लिंक के माध्यम से मण्डल परीक्षाओं के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जाने का दावा करते हुऐ छात्रों से भीम एप के माध्यम से पैसों की अवैध वसूली की तथा अपनी विशिष्ट पहचान को छुपाकर माध्यमिक शिक्षा मण्डल के लोगो का उपयोग कर मण्डल की अनन्य पहचान का उपयोग कपटपूर्वक एवं बेईमानी से किया।

उक्त शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना के पश्चात विवेचना अधिकारी द्वारा जिला अदालत में में आरोपियों के विरूद्ध अभियोग पत्र दायर किया था।

## बसपा प्रत्याशी के खिलाफ टिप्पणी पर पटवारी पर दर्ज हुआ केस

**भोपाल।** पूर्व मंत्री इमरती देवी पर दिए बयान को लेकर मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है। भाजपा नेता शीला जाटव ने अशोकनगर के कोतवाली थाना में पटवारी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। इससे पहले शनिवार को ही भिंड के बसपा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया के खिलाफ बयानबाजी करने के मामले में भिंड के उमरी थाना में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इधर पटवारी ने इसे उन्हें डराने की साजिश बताया है।

---

## उप मुख्यमंत्री ने बनवाई अपनी आभा आईडी और बोले- यह बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में करेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में खुद का आभा आईडी बनवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) डिजिटल हेल्थ आईडी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रतिदिन बनाई जा रही हैं। इस आईडी से मरीज को दिए गए उपचार के सभी विवरण प्राप्त होंगे।

एक प्रकार से यह आईडी मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है। जिससे बेहतर उपचार की सेवाएं मरीज को मिल सकेंगी। आभा आईडी सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क बनाई जाती है। इसके लिए आपको अपना आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना आवश्यक है। आभा आईडी ऐप के माध्यम से स्वयं भी



बनाई जा सकती है। आभा आईडी 14 अंकों का यूनिक नंबर है जिसके माध्यम से मरीज अपनी पैथोलॉजी रिपोर्ट, प्रिसक्रिप्शन और उपचार डिजिटल रूप से प्राप्त कर कर सकते हैं। एक प्रकार से यह आईडी मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है। जिससे बेहतर उपचार की सेवाएं मरीज को प्राप्त हो सकेंगी।

एक हफ्ते में दो दर्जन से ज्यादा गार्डन सील

## कांग्रेस नेता शुक्ला के मैरिज गार्डन में निगम ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बगैर अनुमति चल रहे मैरिज गार्डनों के खिलाफ नगर निगम सीलिंग की कार्रवाई कर रहा है। बीते एक हफ्ते में एक दर्जन से ज्यादा मगार्डनों में तालाबंदी की जा चुकी है।

शनिवार को नगर निगम अमले ने पुलिस की मौजूदगी में अयोध्या बायपास (रासलाखेड़ी) स्थित निर्मल मैरिज गार्डन को सील कर दिया। जानकारी के मुताबिक रासलाखेड़ी स्थित जिस मैरिज गार्डन को सील किया गया, वह कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला का बताया जाता है। निगम अधिकारी जब गार्डन को सील करने पहुंचे तो गार्डन कर्मचारियों ने कुछ लोगों को बुला लिया। यह सभी शुक्ला समर्थक बताए जाते हैं। विवाद बढ़ता देख जोन 17 के जोनल अधिकारी ने थाने को सूचना दी। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पुलिस मौजूदगी में ही निगम अधिकारियों ने गार्डन में तालाबंदी की कार्रवाई को अंजाम दिया।

## रावा पहाड़ मोड़ के पास घाट में बेकाबू तेज रफ्तार पिकअप पलटी, दो की मौत, आठ लोग घायल

### रावा पहाड़ में लगने वाले बाजार जा रहे थे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के कटघोरा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घाट में जा गिरी। पिकअप में एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे।

इस हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई, वही आठ लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि ये घटना जटगा चौकी अंर्तगत रावा और पहाड़ बीच मुख्य मार्ग की है। हर रविवार की तरह बाजार करने रावा पहाड़ पिकअप वाहन में लगभग एक दर्जन से अधिक लोग जा रहे थे। इस दौरान रावा पहाड़ मोड़ के पास घाट में तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई।



### इन लोगों की हुई मौत

बताया जा रहा है कि मृतक ओमप्रकाश जायसवाल और रामकुमार की मौत हो गई, वहीं घायलों का स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

---

भोपाल देश का पहला शहर, जहां होंगे चार ह्यूमन मिल्क बैंक

# अब अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों को मिल सकेगा 'मां का दूध'

**हमीदिया** और काटजू में हुआ शुरू, जेपी के बाद एम्स में भी मदर मिल्क बैंक होगा शुरू

**मदर मिल्क** बैंक में छह माह तक ताजा रखा रहेगा मां का दूध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल देश का ऐसा पहला शहर होगा जहां एक नहीं,चार-चार मदर मिल्क बैंक होंगे। जेपी के बाद हमीदिया व काटजू अस्पताल में इस बैंक की शुरुआत हो गई है। जुलाई से एम्स में भी मदर मिल्क बैंक शुरू हो जाएगा।

मदर मिल्क बैंक की खासियत यह है कि यहां मां के दूध को छह माह तक ताजा रखा जा सकेगा। इन मिल्क बैंकों में माताएं अपना दूध भी दान कर सकेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत भोपाल व इंदौर में ह्यूमन मिल्क बैंक खोलने की योजना बनी थी। लेकिन जेपी और काटजू में ही इसकी शुरुआत हो सकी। मिल्क बैंक में पाश्चराइजेशन यूनिट,डीप फ्रीज, आरओ प्लांट जैसे संसाधनों से 6 महीने तक मां का दूध सुरक्षित रहेगा। अभी काटजू में अब लेक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट तैयार की गई है। यह यूनिट अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों को उनकी मां का दूध उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। मदर मिल्क बैंक जिसे मेडिकल भाषा में कामप्रेहेंसिव लेक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर (सीएलएमसी) कहा जाता है। यह सुविधा सिर्फ मेडिकल कालेजों और डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में ही शुरू की जाती है।

### **जुलाई** में शुरू हो जाएगा मदर मिल्क बैंक

एम्स के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह के अनुसार एम्स में मरीजों की सुविधाओं के लिए लगातार मशीनों व दवाईयों की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां अत्याधुनिक सुविधाएं व संसाधनों में इजाफा किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब मदर मिल्क बैंक स्थापित किया जा रहा है।



### क्या है मदर मिल्क बैंक

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मानव दूध बैंक उन शिशुओं के लिए महत्वपूर्ण है। मानव दूध शिशु मां के दूध के बाद सबसे बेहतर आहार है। मां के दूध में शिशुओं के लिए जरूरी पोषक तत्व और एंटीबॉडी होते हैं। शिशुओं को कम से कम छह महीने तक स्तनपान कराया जाना चाहिए।

### फैक्ट फाइल

अप्रैल 2022-मार्च 2023 के आंकड़ों के अनुसार जेपी मिल्क बैंक में नर्सिंग स्टाफ ने 3824 मरीजो को सेवाएं दी।

इनमें से 157 माताओं ने दूध दान किया। एक साल में कुल जिसमें 304 लीटर दूध संग्रहित हुआ।

एसएनसीयू में भर्ती नवजात शिशुओं को 239 लीटर दूध प्रदाय किया गया, काउंसलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी दी गईं

मदर मिल्क बैंक यूनिट की शुरू होने के साथ काउंसलिंग और अन्य सुविधाएं शुरू कर दी गई हैं।
**कर्नल प्रवीण सिंह,**
अधीक्षक, काटजू अस्पताल

### तेंदुपत्ता तोड़ रहे महिला व युवक भालू के हमले में घायल

**रायगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गए दो युवकों पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले बरमकेला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम झिलगीटर निवासी फूलबाई जायसवाल पति पुरूषोत्तम जायसवाल एवं घुंचापाली निवासी भरत नायक तेंदुपत्ता तोड़ने बोसला खोलिया तालाब की तरफ गए हुए थे जहां भालू ने दोनों पर अचानक हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने हो हल्ला कर भालू को खदेड़ा गया, तब जाकर दोनों की जान बची। दोनों घायलों को बरमकेला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। वन विभाग ने घायलों का हालचाल जानकर उनके परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि दी है।

आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

## पुलिस ने 318 गुंडा-बदमाशों को थानों में बुलाकर कराई परेड



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर पुलिस एक्शन मोड पर हैं। शहर में शांतिपूर्ण मतदान कराने और अपराधों की रोकथाम के लिए 318 से ज्यादा गुंडा-बदमाशों को संबंधित थानों में हाजिर कर परेड लगाई। रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुंडा-बदमाशों, चाकुबाजों समेत अपराधिक तत्वों को थाना में बुलाकर समझाइश दी गई है।

चार मई को सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों से 318 से अधिक चाकूबाजों सहित अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड लगाई गई। इस कार्रवाई के तहत 14 आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, 08 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट और 140 अपराधिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। दो दिनों में कुल 318 गुण्डा/निगरानी बदमाशों, चाकूबाजों एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में मारामारी

## 72 बर्थ के स्लीपर कोच में 200 तक यात्री!

**ट्रेनों के स्लीपर कोच के हालात जनरल से भी बदतर**

जबलपुर।

गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। लोग छुट्टियां मनाने के लिए आरक्षण कराकर यात्रा कर रहे हैं। यही कारण है कि ट्रेनों में कुल क्षमता से 50 फीसद से अधिक टिकट बुक किए जा रहे हैं। आरक्षण खिडक़ी से वेटिंग टिकट लेकर यात्री ट्रेनों के स्लीपर कोच में घुस रहे हैं। इसके चलते ट्रेनों के स्लीपर कोच के हालात जनरल से भी बदतर हो चुके हैं। 72 बर्थ के क्षमता वाले एक कोच में 200 तक यात्री घुस जाते हैं। भोपाल से गुजरने वाली अधिकतर ट्रेनों में यही स्थिति बनी हुई है।

नई दिल्ली और भोपाल की ओर से औसतन 125 ट्रेनें गुजरती हैं। लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों में स्लीपर की अपेक्षा एसी कोच ज्यादा हैं। इन लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों में 20 जून तक क्षमता से अधिक टिकट बुक हैं। यात्रा के दिन तक वेटिंग टिकटों में बमुश्किल 10 से 12 टिकट ही कंफर्म हो पाते हैं। इसके चलते कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट वाले यात्री कोच में फर्श पर बैठकर और गैलरी में लेटकर यात्रा करते नजर आ



रहे हैं। कई यात्री गैलरी में टायलेट के पास खड़े होकर यात्रा कर रहे हैं। मई माह में स्कूलों के अवकाश होने के कारण ट्रेनों में भीड़ बढऩे लगी है। इसके चलते स्लीपर कोचों में भी यात्रियों का चढऩा मुश्किल हो रहा है। कंफर्म टिकट के अलावा ज्यादातर यात्री वेटिंग टिकट के होने के कारण उनको कोच से उतारा भी नहीं जा सकता। इसके चलते वेटिंग टिकट के अलावा कन्फर्म बर्थ वाले यात्रियों को भी अपनी बर्थ प्राप्त करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### स्लीपर कोच में पहुंचता ही नहीं चेकिंग स्टाफ

ट्रेनों में रात के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। यात्रियों का प्रयास रहता है कि वे रात का समय सोते हुए सफर कर सकें, ताकि अगले दिन का लाभ उन्हें घूमने-फिरने के रूप में मिल सके। इसके चलते ज्यादातर रात की ट्रेनों में टिकट बुक हो रहे हैं। यात्री जब कन्फर्म टिकट लेकर कोच में सवार होने की कोशिश करता है, तो उसे भीड़ में जूझना पड़ता है। कोच में सवार होने पर पता चलता है कि उसकी बर्थ पर किसी और यात्री ने कब्जा कर लिया है। जब वह टिकट चेकिंग स्टाफ को ढूंढता है, तो पता चलता है कि स्लीपर कोचों से स्टाफ ही गायब रहता है। ट्रेनों में भारी भीड़ को देखते हुए टीटीइ भी स्लीपर कोचों में टिकट चेक करने के लिए नहीं पहुंचते हैं।

### टिकट रद्द कराने पर कट रहे पैसे

गर्मी का सीजन शुरू होते ही रेलवे द्वारा जमकर वेटिंग टिकट जारी किए जाते हैं। यह सिर्फ राजस्व वसूली का एक तरीका है। गर्मी के सीजन में यात्री भी टिकट काउंटर से ही टिकट लेना पसंद करते हैं, क्योंकि काउंटर से जारी वेटिंग टिकट पर यात्रा की जा सकती है। ट्रेनों में चलने वाली भीड़भाड़ को देखते हुए या फिर टिकट कन्फर्म होने की संभावना न के बराबर होने पर यात्रियों द्वारा जब वेटिंग टिकट को निरस्त कराने की प्रक्रिया की जाती है, तो उसमें भी रेलवे द्वारा राशि काटी जाती है। स्लीपर क्लास में 60 रुपए से लेकर एसी क्लास में 70 रुपए तक राशि काटी जा रही है। यह नुकसान न हो, इसके लिए यात्रियों को मजबूरी में यात्रा करनी पड़ रही है।

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की हीट स्ट्रोक एडवाइजरी

**स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध हैं लू के उपचार की सभी व्यवस्थाएं**

जबलपुर।

तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए सीएमएचओ भोपाल द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। साथ ही जिला अस्पताल से लेकर उपस्वास्थ्य केंद्र तक की संस्थाओं को लू के प्रकरणों के उपचार के लिए अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। हीट स्ट्रोक के प्रारंभिक प्रबंधन के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कॉर्नर बनाए गए हैं। उल्टी, दस्त, बुखार के प्रबंधन और उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर और घातक हो सकता है हीट स्ट्रोकहीट स्ट्रोक होने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच जाता है। यह स्थिति धीरे-धीरे हो सकती है या एकाएक भी आ सकती है। जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बंद कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न किया जाए तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।



### लक्षणों की जल्द पहचान करके बीमारी की गंभीरता को किया जा सकता है कम

तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना, लू लगने के लक्षण है। इन लक्षणों की पहचान जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है, जिससे शीघ्र उपचार शुरू किया जा सके।

### डिहाइड्रेशन की स्थिति से बचें

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि बहुत अधिक समय तक धूप के सीधे संपर्क में न रहे। तेज गर्मी होने पर अधिक मात्रा में पानी पीना, सर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह से ढकना, हल्के सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहनना जरूरी है। पसीना अधिक आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मठ्ठा एवं फलों का रस पीना चाहिए। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर रुक कर आराम करना, शीतल पानी अथवा उपलब्धता अनुसार फलों का रस लस्सी आदि का सेवन किया जाना चाहिए।उल्टी होने, सर दर्द, तेज बुखार की स्थिति होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सलाह लेनी चाहिए। लू लगने पर प्रारंभिक तौर पर व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेट कर आराम करवाना चाहिए। बुखार होने पर सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगानी चाहिए । छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का गर्मी के मौसम में विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।स्वास्थ्य संस्थानों में बनाए गए हैं ओआरएस जिंक कॉर्नरजिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस जिंक कॉर्नर बनाए गए हैं। यहां पर ओआरएस एवं जिंक की उपलब्धता के साथ-साथ, घोल बनाने की विधि, उपयोग के तरीके एवं इससे होने वाले लाभ भी समझाए जा रहे हैं।

## सूने घर का ताला तोड़कर नगदी व सोने के जेवर पार

जबलपुर।

अधारताल थाना अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सुब्हास नगर में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 66 हजार रुपये नगद और सोने के जेवर चोरी करके ले गये। चाट फुलकी की दुकान लगाने वाला युवक अपनी पत्नी के साथ प्रयाग राज गंगाजी स्नान करने गया था। उस दौरान उसके सूने घर में वारदात हुई। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। घटना के संबंध में अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसरा सुब्हास नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 36 वर्षीय चतुर सिंह 30 अप्रैल को अपनी पत्नी के साथ प्रयाग राज गया था। घर पर अपने साले रिंकू सिंह को छोड़ गया था। दो मई की रात 9.30 बजे रिंकू घर में ताला लगाकर अधारताल अपने साडू भाई के घर आ गया था। 3 मई की सुबह रिंकू



वापस आया तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था। उसने घटना की सूचना अपने जीजा को दी। जीजा चतुर सिंह प्रयागराज से लौटा तो घर में बैग में रखे 66 हजार नगद और सोने के जेवर गायब थे। जिन्हें कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर ले गया। पुलिस ने धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## लूट व हत्या के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

**पति की हालत भी गंभीर, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज**

जबलपुर।

माढोताल थाना अंतर्गत सूनसान मार्ग के पास शनिवार की देर रात 10 बजे के लगभग चलती बुलेरो जीप में बदमाशों द्वारा किये गये पथराव और पति व मासूम बेटे के सामने महिला की गला घोंट कर हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस कई जगह छापेमारी कर रही है। उधर घायल पति की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। आरोपी महिला की हत्या के बाद मंगलसूत्र और मोबाईल भी लूट कर भागे हैं। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस को अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है। कुछ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की जा रही है। शनिवार की रात घटना के बाद पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे थे और माढ़ोताल पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश




दिये। यहां उल्लेखनीय है कि कजरवाड़ा निवासी शुभम चौधरी अपनी पत्नी रेश्मा चौधरी को पाट बाबा के दर्शन कराने के बाद बुलेरो कार में लेकर अपनी ससुराल मदर टेरेसा नगर जा रहा था। जीप को शुभम चला रहा था। वे कृषि उपज मंडी के पास स्थित श्मशान घाट होते हुए जा रहे थे। तभी जीप सवार चार बदमाश अचानक उनकी जीप में सामने आ गए और पथराव कर दिया। जिस कारण शुभम ने जीप रोक दी। शुभम के जीप रोकते ही बदमाशों ने शुभम के सिर पर ईंट से वार कर दिया। वहीं रेशमा का मंगलसूत्र और चेन लूटी व उसके दुपट्टे से उसका गला घोंटा और भाग निकले।

### गर्भवती थी रेशमा..

घटना की जानकारी शुभम ने अपने चाचा ससुर नीरज व अन्य को दी। वे मौके पर पहुंचे और नीरज और रेशमा को मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां रेशमा को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों के अनुसार रेशमा आठ माह की गर्भवती थी, 15 दिन बाद डिलिवरी होनी थी।

### हादसे के बाद विवाद की आशंका

माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टाया ऐसा प्रतीत हो रहा कि बदमाशों की बाईक से शुभम की जीप की टक्कर हुई, जिसके बाद विवाद बढ़ा और घटना हुई। मामले में प्रत्येक पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रेशमा की मौत के कारणों का खुलासा होगा। एक वजह यह भी बताई जा रही है बदमाश लूट के इरादे से होंगे और लूटपाट के दौरान विरोध करने पर आरोपियों ने हत्या भी कर दी।

## खनन माफिया ने किसान का सिर फोड़ा

**जबलपुर**। बेलखेड़ा थानांतर्गत ग्राम जुगपुरा में खनन माफिया ने खेत से वाहन निकालने की बात पर एक किसान के सिर में बंदूक की बट से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई तभी बीचबचाव करने आये घायल किसान के भाई के साथ भी खनन माफिया ने मारपीट की। हमलावर खनन माफिया पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। बेलखेड़ा पुलिस ने बताया कि ग्राम जुगपुरा में रहने वाला ब्रजेश मल्लाह खेती किसानी का काम करता है। उसके खेत के समीप ही भारी मात्रा में रेत का अवैध खनन हो रहा है। खेत से रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली निकालने से मना करने पर गांव के खनन माफिया कल्याण सिंह लोधी ने कल ब्रजेश को अपने खेत में बुलाया और गालियां देते हुए बोला कि तुम अपने खेत से हमारे वाहन निकालने नहीं दे रहे है। ब्रजेश के मना करने पर कल्याण सिंह ने ब्रजेश के सिर पर बंदूक की बट से हमला कर दिया तभी बीच बचाव करने आये ब्रजेश के छोटे भाई वीरेन्द्र के साथ भी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौत

जबलपुर।

गढ़ा थाना अंतर्गत अंधमूक बायपास ब्रिज के ऊपर अज्ञात वाहन ने बाईक सवार युवक को बुरी तरह रौंद दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यू हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेरा से शहपुरा डिंडोरी जा रहे मनीराम बैगा को रात 3.30 बजे के लगभग किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यू हो गई। उसकी क्षति ग्रस्त मोटर सायकल और लाश मौके पर पड़ी रही मृतक मनी राम बैगा ग्राम टिमरी पाटन रोड में विनय विनय चड़ार के खेतों में सिंचाई करने का काम करता था। उसके गांव के घर में लैंटर पड़ना था। इसलिये वह शहपुरा डिंडोरी जा रहा था। किसी व्यक्ति ने उसके मोबाईल से विनय चढ़ार को फोन किया और घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पर विनय मौके पर पहुंचा और पुलिस को भी खबर की। मनीराम मौके पर मृत हालत में पड़ा था, चेहरे पर चोट के निशान थे पास में ही क्षतिग्रस्त बाईक पड़ी थी। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मनीराम हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। रिपार्ट पर धारा 279, 304 ए भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## मप्र बोर्ड पांचवीं व आठवीं की पुनः परीक्षा 3 जून से

**दोनों कक्षाओं के परिणाम में दो लाख 51 हजार 202 विद्यार्थी फेल हुए**

**जबलपुर**। मप्र बोर्ड के सरकारी व निजी स्कूलों के पांचवीं व आठवीं की परीक्षा में फेल हुए विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा तीन जून से आयोजित की जा रही है। ये परीक्षाएं आठ जून तक चलेंगी। इस साल दोनों कक्षाओं में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। जहां पांचवीं में 12.33 लाख और आठवीं की परीक्षा में करीब 11.37 लाख लाख बच्चे शामिल हुए थे। इसमें से 5वीं में 90.97 फीसद और 8वीं में 87.71 फीसद बच्चे पास हुए थे। दोनों कक्षाओं के परिणाम में दो लाख 51 हजार 202 विद्यार्थी फेल हुए हैं, जो पुनः परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें बोर्ड परीक्षा से अनुपस्थित परीक्षार्थियों को विशेष कक्षाओं के माध्यम से अतिरिक्त शिक्षण प्रदान कर पुनः परीक्षा का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने समय-सारिणी जारी कर दिया है। पांचवीं व आठवीं की पुनः परीक्षा केंद्र केवल जनशिक्षा केंद्र स्तर पर रहेंगे। अगर किसी जिले में किसी परीक्षा केंद्र पर 500 से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हो तो उस स्थिति में दूसरा केंद्र निर्धारित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए स्कूल प्राचार्य और शिक्षक रहेंगे।

### प्रोजेक्ट कार्य के अंक 15 मई तक भरे जाएंगे

जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि ऐसे परीक्षार्थी जो वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण हैं, लेकिन प्रोजेक्ट कार्य में सात से कम अंक एक से छह अंक होने के कारण अनुत्तीर्ण या मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित हुए विषयों के पूर्व में प्रदान किए गए प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों से 15 मई तक पूर्ण करवाकर उनका मूल्यांकन किया जाए एवं प्रोजेक्ट के प्राप्तांकों को परीक्षा पोर्टल पर अनिवार्यतः करवाई जाए।

**6 वर्ष में कम हो गए मलेरिया के 96 फीसदी केस**

## 2026 में मलेरिया मुक्त हो जायेगा अपना मध्य प्रदेश

जबलपुर।

मलेरिया उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का रंग दिखने लगा है। मप्र में मलेरिया के मामले में पिछले छह साल में करीब 96 प्रतिशत मरीजों की कमी आई है। इससे उम्मीद जगी है कि 2025 के अंत तक यानी 2026 में मप्र मलेरिया मुक्त हो जाएगा। सरकारी कोशिश और जागरुकता के चलते मलेरिया के मामलों में कमी तो आई है, लेकिन अब भी इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सका है। बीते सात सालों में प्रदेश में मलेरिया के मामले सात गुना तक कम हुए हैं। सात साल पहले तक शहर में हर साल मलेरिया के 125 से 150 मरीज सामने आते थे, जो अब घटकर 15 रह गए हैं। जनवरी 2024 से अब शहर मे मलेरिया के महज तीन



### ऐसे कम हुए प्रदेश में मलेरिया केस

मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज के काटने से होता है। साफ और 20 मिलीलीटर ठहरे पानी में ये मच्छर में पनपता है। उम्र छह से आठ सप्ताह है। केंद्र सरकार का 2030 तक मलेरिया खात्मे का लक्ष्य व अभियान सफल हो रहा है। 2018 में संचारी रोग अभियान में 30 दिन गांव-शहर में सफाई, जलभराव न होने, स्कूलों में बच्चों को जानकारी देने अभियान में 12 विभाग शामिल हुए। ठहरे साफ पानी में एंटी लार्वा छिडक़ाव, केरोसिन छिडक़ना और पानी को ढंक कर रखने जागरुकता किया। गांव-गांव मलेरिया रथ भेजा, शिविर में जांच, लोगों को जागरूक करने नुक्कड़ नाटक समेत अन्य आयोजन किए गए।मलेरिया को को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यही कारण है कि यह रोग धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। आने वाले सालों में मलेरिया पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

मामले ही सामने आए हैं। कुछ यही हाल प्रदेश का है।

गौरतलब है की मप्र में कोरोना काल से मरीजों की कमी देखी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना काल में लोगों ने साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा यही कारण है कि मलेरिया के केस लगातार कम हो रहे हैं। मलेरिया राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जयसवार ने बताया कि मध्य प्रदेश में मलेरिया कम होने के प्रमुख कारण कोरोना की वजह से लोग साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने लगे और मच्छरों में काफी कमी आई। मलेरिया विभाग नगर निगम और एंबेड परियोजना के सहयोग से प्रदेश भर में जनजागरूकता अभियान चलाया। स्कूल, कॉलेज से लेकर धर्मगुरुओं को भी इस अभियान में शामिल किया। अभियान में एंबेड परियोजना के कर्मचारी झुग्गी बस्तियों तक पहुंच कर लोगों को जागरूक किया। मलेरिया विभाग के आकड़े को देखें तो जहां वर्ष 2015 में 25 जिले कैटेगरी 3 में सम्मिलित थे, वहीं वर्ष 2023-24 में एक भी जिला कैटेगरी 3 में सम्मिलित नहीं है। इस प्रकार प्रदेश सभी जिलों में मलेरिया एपीआई एक से कम दर्ज किया गया है।

### अब 3000 में एक पॉजिटिव मरीज मिल रहा

2018 में प्रदेश में 22,000 से ज्यादा मरीज मिले थे जो 2024 में घटकर तीन हजार रह गए। दरअसल, बीमारी देने वाली मादा एनाफिलीज का गणित समझ में आते ही विभाग के साथ लोगों ने जागरुकता बरती और मलेरिया के मामले भी घटने लगे। इन पांच सालों में मलेरिया से सिर्फ सात मरीजों की मौत हुई है, जबकि 2010 तक हर साल मलेरिया से दर्जनों मौत होती थीं। इन सबके बावजूद मलेरिया अभियान पूरी तरह सफल नहीं है। दरअसल सरकार ने 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य तय किया था। बावजूद अब भी तीन हजार मरीज हर साल मिल रह हैं।

## तेज वाहन चलाने पर मारपीट

**जबलपुर**। गढ़ा थाना अंतर्गत त्रिपुरी चौक के पास एक्सिस गाड़ी में दो लड़के तेजी से आए और मकान ठेकेदार के साथ मारपीट कर दी। दराअसल ठेकेदार ने लड़कों को तेज गति से वाहन चलाने से मना किया था। घटना के संबंध में गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 9.30 बजे एक्सिस वाहन में दो लड़के तेज रफ्तार से आए और ठेकेदारी करने वाले राजेन्द्र पटेल ने उनसे कहा तेज गाड़ी चला रहे हो टक्कर मारोगे क्या। गाड़ी में पीछे बैठे बाबू ठाकुर के साथ वाले लड़के ने उतरकर राजेन्द्र के साथ मारपीट कर दी। जिससे उसकी दाईं आंख पर चोट आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 506, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## कार की टक्कर से कालेज छात्र घायल

**जबलपुर**। गोरखपुर थानांतर्गत दोपहर लगभग 12.30 बजे जॉनसन स्कूल के सामने तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार कालेज छात्रों को टक्कर मार दी। घटना में जहां मोटरसाइकिल चालक को चोटें आई है वहीं उसके साथी को कोई चोट नहीं आई है। कार की टक्कर से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद कार चालक सदर की ओर भाग गया। आरोपी कार चालक पर धारा 279, 337 का मामला दर्ज कर तलाश जारी है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी कॉलोनी गोरखपुर निवासी ऋषभ कनौजिया सेंट अलॉयसियस कॉलेज में बढ़ता है। शनिवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे ऋषभ अपने दोस्त दिपांशी साहू के साथ पल्सर बाईक से कॉलेज से घर लौट रहा था। तभी जॉनसन स्कूल के समीप तेज रफ्तार कार क्रमांक डीएल 3 सी बीडब्लू 2486 के चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

विधानसभा वार विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान

# जीवीपी पॉइंट की साफ़ सफाई कर किया सौन्दर्यीकरण

## फ़कीर चन्द अखाड़ा सम्भाग क्र. 8 के राधा कृष्णान वार्ड क्र. 58 में अभियान

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत एवं नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार आज विधानसभा वार विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान के दुसरे चरण के दुसरे दिन नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव के मार्गदर्शन में संभाग क्र. 8 के राधा कृष्णन वार्ड क्र. 58 के अंतर्गत आने वाले फ़कीर चन्द अखाड़ा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया इससे पूर्व भानतलैया विद्या पीठ स्कूल से स्वच्छता रैली कार्यक्रम का का प्रारंभ किया गया जो की भान तल्लैया, सिन्धी कैंप एवं वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए फ़कीर चन्द अखाडा में समाप्त हुई जिसमे राधा कृष्णन वार्ड के आम नागरिकों, संभाग क्रमांक 08 के अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं नगर निगम टीम की उपस्थिति में वार्ड के विभिन्न गलियों में स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया एवं नगर पालिक निगम एवं शासन की योजनाओं का लाभ एवं उनकी जानकारी दी गई एवं आम नागरिकों के समस्यों का उनके द्वार पर जाकर उनका निराकरण भी किया गया स्वच्छता रैली की समाप्ति पर फ़कीर चन्द अखाडा गेट ट्रांसफार्मर के समीप आम नागरिकों को बार बार बोलने के बावजूद लम्बे समय से निर्मित हो रहे जी वी पी पॉइंट को युद्ध स्तर पर साफ सफाई कर उसका सौन्द्रियकरण किया गया ताकि निर्मित हुए जी वी पी पॉइंट को हमेशा के लिए हटाया जा सके सौन्द्रियकरण के अंतर्गत साफ़ सफाई, धुलाई करवाकर रंगोली से सजाया गया साथ ही साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु अखाडा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया जिसके अंतर्गत 10 पेड़ लगाए गए स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित सफाई मित्र, आम नागरिको, आस पास के दुकानदारों, एवं रहवासिओं को स्वच्छता के बारे में जागरूक कर उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।अभियान के नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव, संभागीय अधिकारी पवन ठाकुर, उपयंत्री खुशबू पटेल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सुनील गुजराती, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हिटलर अर्खेल,अगस्ते वर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक अप्पा राव, जल विभाग से अरविंद पटैल, अभिषेक रैकवार, सब इंजीनियर निपुण, राजस्व विभाग से देवनाथ राठौर, राजस्व निरीक्षक पवन सक्सेना एवं पूरी राजस्व विभाग की टीम, सभी वार्ड के सुपरवाइजर, नगर निगम की आई ई सी टीम एवं संभाग के सभी विभाग के कर्मचारी की उपस्थिति में व्यापारिक एवं रहवासी एरिया के आम नागरिको, दुकानदारों, एवं राहगीरों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खतरे एवं उससे होने वाली बीमारियों के संबंध में बताया गया इसके साथ ही स्वच्छता रैली में संभाग के सभी विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे रैली मार्ग में आने वाले सभी आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के पश्चात उनका निराकरण किया गया एवं शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ भी आम नागरिकों को इस अभियान के माध्यम से दिया गया अभियान में उपस्थित नगर निगम कार्यपालन यंत्री जल श्री कमलेश श्रीवास्तव ने अपने संदेश में सभी आम नागरिकों से साफ सफाई कर सौन्द्रियकरण किये गए जी वी पी पॉइंट में किसी भी तरह का कचरा न फेंकने अपितु दुकान एवं घर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की कचरे वाली गाड़ी में ही देने साथ ही साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन एवं पौधारोपण हेतु भी सभी से आग्रह किया गया अभियान में उपस्थित संभाग क्रमांक 14 के सभी विभाग के अधिकारीयों, कर्मचारियों, नगर निगम की आई ई सी संस्था एवं उपस्थित सभी आम जनों को एकजुट होकर इसी तरह कार्य करने एवं जबलपुर शहर को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नंबर 01 बनाने के लिए आग्रह किया साथ ही साथ अभियान की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक करने हेतु सभी को निर्देशित किया।



5वीं - 8वीं बोर्ड पेटर्न परीक्षा का मामला

# पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन एंव अवलोकन हेतु भटक रहे छात्र

**सिहोरा।** एक तरफ शिक्षा विभाग छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की दुहाई देते हुए परीक्षा परिणाम सुधारने नित नये प्रयोग कर रहा है वहीं अपने द्वारा जारी किए दिशा निर्देशों के पालन में कोताही बरत रहा है।ऐसा ही एक मामला सिहोरा विकासखण्ड अन्तर्गत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर पांचवी आठवीं की आयोजित परीक्षा परिणाम के उपरांत जारी किए गए परिणाम में देखने में आ रहा है। अनेक अभिभावको ने बताया कि परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होने पर उत्तर पुस्तिका के अवलोकन का प्रावधान नियत किया गया था किंतु शिक्षा विभाग द्वारा आवेदन हेतु परीक्षा पोर्टल पर आज दिनांक तक लिंक ओपन नहीं की बल्कि आगामी 10 में तक पूरक परीक्षा हेतु आवेदन की गाइडलाइन जारी कर दी जिसके चलते अभिभावकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता व्याप्त है।

### क्या है प्रावधान

उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन संबंधी प्रावधान के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा परिणाम की घोषणा उपरांत 7 दिवस के भीतर परीक्षार्थी द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन एवं पुनवेचना हेतु परीक्षा पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन जमा कराना होगा। आवेदन जमा कराते समय 50 रु. प्रति विषय के मान से शुल्क देय होगा।

उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन हेतु ऑनलाईन आवेदन जमा कराने के पश्चात 7 दिवस के भीतर परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका का अवलोकन कराया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन उपरांत कोई अंश अमूल्यांकित पाए जाने की स्थिति में उत्तर पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन कराने हेतु परीक्षार्थी द्वारा 50 रु. प्रति विषय के मान से शुल्क जमा कराते हुए परीक्षा पोर्टल पर तत्काल ही ऑनलाईन आवेदन जमा कराया जा सकेगा।उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन केन्द्राधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी जो पुनर्मूल्यांकन संबंधी समस्त प्रक्रियाओं को संपादित करेगी।उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाईन जमा कराए गए आवेदनों की स्कूटनिंग पश्चात उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं संशोधित प्राप्तांकों की प्रविष्टि परीक्षा पोर्टल पर कराने का दायित्व संबंधित मूल्यांकन केन्द्राधिकारी का होगा। उत्तर पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन संबंधित मूल्यांकनकर्ता से न कराया जाए।

### एक-दो दिन में विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं

पुनर्मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका अवलोकन संबंधी लिंक परीक्षा पोर्टल पर अभी जारी नहीं हुई है संभवत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से एक-दो दिन में जारी होने के बाद छात्र आवेदन कर सकते हैं।

**बृजेश श्रीवास्तव**
विकासखंड स्त्रोत समन्वयक

समाज के वरिष्ठों, छात्र छात्राओं का किया सम्मान

# सेन जयंती पर निकाली वाहन रैली

**सिहोरा।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724 जयंती के आयोजन पर सेन समाज द्वारा वाहन रैली निकालने के साथ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन पुलिस थाने के पास स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। सेन जी महाराज के पूजन अर्चन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में सबसे पहले वरिष्ठों के सम्मान के साथ ही 10 वीं 12 वीं में प्रथम आने वाले समाज के बच्चों का सम्मान किया गया। वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली । अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल भाजपा अंकित तिवारी, समाज के तहसील अध्यक्ष सुग्रीव श्रीवास,भारत श्रीवास,संतोष श्रीवास, रुपेश श्रीवास,किशन श्रीवास,बिट्टू सेन,आकाश सेन,भैया जी सेन, जनपद सदस्य भूरा सेन,लखन श्रीवास,उमाकांता सेन,संतोष श्रीवास,महाजन श्रीवास,भारत श्रीवास,नंदू सेन,विजय सेन,संजय श्रीवास,शंकर श्रीवास,बल्लू सेन,संतोष सेन रतीराम सेन,दुर्गा श्रीवास,गुड्डु श्रीवास,लल्लू श्रीवास,बाबा श्रीवास,गोलू श्रीवास,मदन श्रीवास, रतीरामराम,नारायण,चंदू सेन,शारदा,गज्जू,पवन, सत्यम,अश्वनी,गीत,अजय पाई लाल आदि उपस्थित थे।



## सीएम राइज स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना सी एम राइज विद्यालय जिसके विजन, मिशन और वैल्यूज को ध्यान में रखते हुए उसे सार्थक बनाते हुए वर्तमान में विद्यालय में समर कैंप का आयोजन 1 से 13 मई तक आयोजित किया जा रहा है। सी एम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिहोरा में कक्षा 3 से 12 तक के बच्चों के लिए योगा, डांस,खेल, आर्ट एंड क्राफ्ट, मधुबनी और वारली पेंटिंग ,संगीत गतिविधियां संचालित की जा रही है विद्यालय में लगभग 65 बच्चे इस समर कैंप में शिरकत कर रहे हैं बच्चों में बहुत ही उमंग, उत्साह देखने मिल रहा है पूरी ऊर्जा के साथ जोश के साथ बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं खेल गतिविधियों के नोडल अशोक राय,योगा और मेडिटेशन के लिए श्रीमती सुधा उपाध्याय ,मधुबनी पेंटिंग के लिए श्रीमती वर्षा साहू और डांस के लिए मिस ईशा उपाध्याय बच्चों को सिखा रहे हैं।

हॉकी के मशहूर अंपायर अब्दुल कय्यूम हुए सम्मानित

# जागरूक खेल संघ ने अब्दुल कय्यूम को किया सम्मानित

**जबलपुर।**

मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की हॉकी जगत में अपनी अंपायरिंग से सभी का दिल जीत लेने वाले मशहूर अंपायर अब्दुल कय्यूम भाईजान का हॉकी जगत में खेल और अंपायरिंग में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज भी कय्यूम भाईजान अपने अनुभवों का लाभ देते हुए शहर की नई पौध को तैयार करते हुए उन्हें अपना संरक्षण देते आ रहे हैं। उनके हॉकी के प्रति इसी महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए जागरूक खेल संघ के द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए उनकी दीर्घ आयु और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ध्यान रहे आज अपनी संक्षिप्त भेंट वार्ता में उन्होनें भी जागरूक खेल संघ जबलपुर की आवाज में आवाज मिलाते हुए खिलाड़ियों के हित में पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में खिलाड़ियों के हितों पर ध्यान देने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया। इस शुभ अवसर पर अपने समय के ख्यातिलब्ध स्टार हॉकी प्लेयर में शुमार अरुण यादव उर्फ लड्डु भैया और सुनील यादव भी उपस्थित रहे। जागरूक खेल संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, अरुण यादव, सुनील यादव, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, शशीरमन स्वामी, ज़ियाउर्रहीम, दिनेश गोंड, लॉरेंस मार्टिन, राजेश सहारिया, एस तंडेलु, धनराज पिल्ले, दीनू स्वामी, शकील, प्रदीप पटेल आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए माल्यार्पण कर उनकी दीर्घ आयु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



# समाज की बैठक में केवट जयंती मनाने प्रस्ताव पारित



**जबलपुर।** निषाद बंसी संयुक्त महासभा एवं केवट विकास समिति के तत्वावधान में एक बैठक 5 मई को जानकीरमण कॉलेज में आयोजित की गई, जिसमें दिनांक 15 मई को केवट जयंती समारोह मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह कार्यक्रम जानकी रमन महाविद्यालय आगाचौक जबलपुर में शाम 4:00 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित जाएगा। बैठक में अनिल केवट, राकेश केवट, धर्मेंद्र केवट, टेक केक चंद, माला सुदामा केवट, अशोक सोंधिया आदि उपस्थित रहे।



# महर्षि सुदर्शन समाज का धार्मिक आयोजन 18 व 19 को

**जबलपुर।** संभागीय डीडीएस सुदर्शन समाज की बैठक 05 मई को आयोजित की गई, जिसमें महर्षि सुदर्शन धर्म एवं आध्यात्मिक सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया गौरीघाट के समीप्य बसे रामपुर सेठीनगर की सामाजिक भूमि में प्रथम बार महर्षि सुदर्शन धर्मसभा एवं आध्यात्मिक सभा, शांति यज्ञ, हवन, पूजन का आयोजन दस महाविद्या शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर महंत स्वामी कालीनंद महाराज के परम सान्निध्य में 18 मई से होने जा रहा है। आयोजन में पूज्य संतजनों के श्रीमुख से ज्ञान रूपी अमृतवाणी का श्रवण कर प्रवचनमाला का शुभ लाभ अर्जित करें एवं यज्ञशाला में पांच-पांच आहुति देकर अपना मानव जीवन सफल करें। आयोजन के प्रथम दिवस 18 मई को सायं 04 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जो मिसकोट बंदरिया तिराहा से प्रारंभ होकर कार्यस्थल पहुंचकर संपन्न होगी। संध्या 06 बजे से संत सत्संग प्रवचनमाला सुश्री पं. राधिका तिवारी भगवताचार्य के श्रीमुख से अमृततुल्य वाणी का श्रवण कराया जाएगा। 19 मई को प्रातः 8.30 बजे से अरणी प्राकट्य, हवन प्रारंभ, शाम 5 बजे पूर्णाहुति, भजन संध्या व विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# बाजनामठ तक स्वच्छता का संदेश देते हुए निकली स्वच्छता रैली




## प्रतिबंधित पॉलीथिन का बहिष्कार करने किया आग्रह

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत एवं नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार आज संभाग क्रमांक 01 सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज से लेकर बाजनामठ तक स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें मार्ग में उपस्थित दुकानदारों, राहगीरों एवं आम नागरिकों को नगर निगम का कचरा यहां वहां ना फेंक कर उसे सिर्फ नगर निगम की गाड़ी में ही देने के लिए एवं सिंगल यूज्ड प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का बहिष्कार करने का आग्रह किया गया गतिविधि के दौरान सीएसआई केआर सोलंकी, एसआई श्रीराम कोरी, ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज की NCC बटालियन एमपी सीटीआर 04 और एमपी नेवल एमपी नेवल 2 एवं वार्डो के सभी सुपरवाइजर और सभी कर्मचारी की उपस्थिति में बाजना मठ में नुक्कड़ नाटक गतिविधि कराई गई जिसमे की सभी लोगो को यह समझाइश दी गई की जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा प्रथक्करण, कचरा नाली और परिसर में न फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने और अपने आस पास के वातावरण में साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया एवं नगर निगम के कार्यों में सहयोग के लिए अपील जारी की गई।

## निधन

**श्रीमती शांता देवी खांडे-** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री बाबू लाल खांडे की धर्मपत्नी श्रीमती शांता देवी खांडे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश ठाकुर-** सेठी नगर एमजीएम स्कूल के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री मंगल सिंह ठाकुर के पुत्र श्री आकाश ठाकुर (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सत्येंद्र शाक्या-** चेरीताल निवासी श्री सत्येंद्र शाक्या (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक अतरोलिया-** बड़ी खेरमाई सिंधी कैंप चौकी के पीछे निवासी श्री अशोक अतरोलिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रेवाचंद राजानी-** नेपियर टाउन पवन विला निवासी श्री रेवाचंद राजानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दर्शन कौर-** अपून विहार तिलहरी निवासी श्री इंदरजीत सिंह पुरवा की धर्मपत्नी श्रीमती दर्शन कौर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री फागेंद्र प्रसाद सिंह-** एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी श्री फागेंद्र प्रसाद सिंह (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री डालचंद मेहरा-** न्यू रामनगर अमखेरा अधारताल निवासी श्री डालचंद मेहरा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक खत्री-** नेपियर टाउन निवासी श्री मुरलीधर खत्री के पुत्र श्री विवेक खत्री (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई बेन-** बजरंग नगर साईं मंदिर के पास रांझी व्हीकल रोड निवासी श्री रमेश प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई बेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुलई चौधरी-** रविदास नगर गली नं. 4 पोलीपाथर निवासी श्री मुलई चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**गौतम बंशकार-** नई बस्ती रांझी हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री बबलू बंशकार के पुत्र गौतम बंशकार (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री अशोक कुमार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# संत निरंकारी चेरिटेबल फ़ाउंडेशन ने संस्कारधानी में आयोजित किया ऐतिहासिक रक्तदान शिविर

## 387 रक्तदाताओं ने किया स्वेच्छिक रक्तदान

**जबलपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फ़ाउंडेशन के सौजन्य से संत निरंकारी सत्संग भवन गोलबाजार में एक ऐतिहासिक विशालतम शिविर का आयोजन किया गया है। संत निरंकारी सत्संग भवन में प्रातः 10 बजे विधायक अशोक रोहणी ने शिविर का उद्घाटन किया, साथ ही राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री ने भी अपनी उपस्थिति दी। मंत्री व विधायक का स्वागत सेवा दल के भाई बहनों ने मार्च गीत "न हिन्दू न सिख ईसाई न हम मुसलमान हैं, मानवता है धर्म हमारा हम केवल इंसान हैं" से किया। नवनीत नागपाल ने निरंकारी परंपरा के अनुसार दुप्पट्टा पहना कर सदस्य-द्वय का स्वागत किया। श्री सिंह व श्री रोहाणी ने मिशन की गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा "संत निरंकारी संस्था प्रति वर्ष शिविर लगाकर मानवता के हितार्थ जो कार्य कर रही है वह अतुल्यनीय है तथा जरूरतमंदों के लिए संस्था के सेवादार न सिर्फ शिविर में, बल्कि प्रतिदिन जरूरतमंदों को रक्त देने हेतु सदेव तत्पर रहते हैं, इस संस्था पर गुरु की विशेष कृपा है।"

रक्त का संग्रहण नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, रानी दुर्गावती (एल्गिन) अस्पताल, सेठ हरगोविंद दास (विक्टोरिया) अस्पताल एवं जबलपुर ब्लड बैंक के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा उचित निरीक्षण के उपरांत किया गया।

यह जबलपुर में 24वां रक्तदान शिविर रहा, इस शिविर में 387 रक्तदाताओं ने स्वेच्छिक रक्तदान किया तथा इसके अतिरिक्त वर्ष भर में प्रतिदिन 368 रक्तदाता ने जरूरतमंदों को रक्तदान कर नवजीवन प्रदान करने में योगदान दिया। इस तरह वर्ष में 387+ 368 = कुल 755 रक्तदाताओं ने रक्त दान कर नया कीर्तिमान बनाया, जो की विगत 23 वर्ष से अधिकतम रहा, प्रति वर्ष रक्तदाताओं की संख्या का ग्राफ बढ़ता जाता है।



अधिकतम रक्तदान हेतु जबलपुर के सभी सेवादार भाई बहनों ने ग्रुपों में बंटकर विगत 3 सप्ताह से शहर के मुख्य स्थलों पर तथा घर-घर जाकर रक्तदान हेतु लोगों को प्रेरित किया तथा 04 मई 2024 को एक विशाल वाहन रैली द्वारा संस्कारधानी के मुख्य स्थलों पर जाकर "रक्तदान- महादान" की प्रेरणा दी। निरंकारी जगत द्वारा 24अप्रैल 2024 तक 8349 रत्कदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है तथा 13,50,000 यूनिट रक्त का संग्रहण तथा जिससे 4.1 मिलियन लोगों की जान बचाई जा सकी है।

"रक्तदान सामाजिक कारक न होकर मानवीयता का एक ऐसा गुण है जो योगदान की भावना को दर्शाता है।" उक्त उद्गार सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा मानव एकता दिवस पर विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए गए। सर्वविदित है मानव एकता दिवस का दिन युग प्रवर्तक बाबा गुरु वचन सिंह की प्रेरणादायी सिखलाइयों को समर्पित है व समर्पित गुरु भक्त चाचा प्रताप सिंह एवं अन्य बलिदानी संतों को भी स्मरण किया जाता है व देश भर में शिविरों का आयोजन करता है तथा निरंकारी बाबा हरदेव सिंह के ब्रह्म वाक्य "रक्त नाड़ियों में बहे न की नालियों में" को चरितार्थ करने हेतु सभी भक्तजन अपना 100% योगदान देते हैं। शिविर में अनेक गणमान्य व्यक्ति, महापौर जगत बहादुर अन्नु, रिंकू विज, सोनू बचवानी, राजेंद्र सिंह, हरजीत सिंह ज्ञानी, गुरुदरा गोरखपुर व गुलाम रसूल साहिब ने भी अपनी उपस्थिति दी।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 9 से

**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम घाट सिमरिया में उप सरपंच के निवास में 9 मई से श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ आयोजित है सात दिवसीय संगीतमय में कथा में आचार्य डॉ रामाधर शुक्ल प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे कार्यक्रम संयोजक उप सरपंच प्रदीप चौबे ने बताया श्रीमद् भागवत कथा पुराण का शुभारंभ 9 में को कलश शोभायात्रा से होगा जो शाम 5 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होगी और ग्राम के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद कथा स्थल पर समाप्त होगी। कथा प्रवक्ता के सानिध्य में निकलने वाली कलश शोभायात्रा में ग्राम के गणमान्य ने नागरिकों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच पंच शामिल होंगे कथा स्थल में पुराण बैठकी महात्म का आयोजन होगा 10 मई को भीष्म स्तुति हिरण्यकश्यप वध कपिल उपदेश का पाठ होगा पूर्व विधायक दिलीप दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मंनेद्र अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे,समाजसेवी देवेंद्र अग्निहोत्री, सुबोध पांडे,सचिन अग्निहोत्री,सतीश चौबे,सुषमा चौबे,राहुल चौबे,सुदामा तिवारी ने सभी श्रद्धालु जनों से श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल होने का आवाहन किया है।


## खबर संक्षेप

### एनएसई के शुद्ध लाभ में 20 फीसदी की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 2,488 करोड़ रुपये रहा। एनएसई ने बयान में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय मार्च तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 4,625 करोड़ रुपये रही।

### बीते सप्ताह रहा सोयाबीन तेल तिलहन में सुधार



**नई दिल्ली।** किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बिकवाली से बचने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। विदेशी बाजारों में दाम टूटने के कारण बाकी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए।

### टाइटन का शुद्ध लाभ 5% बढ़कर 771 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 771 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 736 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बीते वित्त वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 11,472 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 9,419 करोड़ रुपये थी।

### एडीबी में पांच अरब डॉलर डाले जाएंगे



**त्बिलीसी (जॉर्जिया)।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे कमजोर वर्गों की मदद के लिए एशियाई विकास कोष में पांच अरब अमेरिकी डॉलर डाले जाएंगे। एशियाई विकास बैंक की 57वीं वार्षिक बैठक के दौरान दानदाताओं और मनीला स्थित बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी ने एडीएफ और 'तकनीकी सहायता विशेष कोष' में यह राशि डालने पर सहमति जताई।

### गो फैशन की 150 नए स्टोर खोलने की योजना



**चेन्नई।** गो फैशन (इंडिया) लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 120-150 नए स्टोर खोलने की योजना बनाई है। कंपनी के सीईओ गौतम सरावगी ने यह जानकारी दी। गो फैशन के पास महिलाओं के लोकप्रिय ब्रांड 'गो कलर्स' का स्वामित्व है। कंपनी ने पिछले वर्ष में कुल 94 स्टोर जोड़े, जिससे हमारे कुल स्टोर की संख्या संख्या 714 हो गई है।

### कार्लाइल ने यस बैंक में हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** कार्लाइल ग्रुप ने निजी क्षेत्र के यस बैंक में करीब दो प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 1,441 करोड़ रुपये में बेच दी। अमेरिका स्थित कार्लाइल ग्रुप ने अपनी सहयोगी इकाई सीए बास्क इंवेस्टमेंट्स के जरिये यस बैंक में अपनी इस हिस्सेदारी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर थोक सौदे के जरिये बेच दिया। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, सीए बास्क इंवेस्टमेंट्स ने यस बैंक में 59.40 करोड़ शेयरों की बिक्री की जो 1.98 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# रोज खुल रही देश में 500 से ज्यादा कंपनियां, बन रही अर्थव्यवस्था का हिस्सा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत सरकार भी देश में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की हरसंभव कोशिश कर रही है ताकि लोग रोजगार मांगने के बजाय नौकरियां पैदा करने वाले बनें। इन कोशिशों का नतीजा लगभग हर मोर्चे पर दिखाई दे रहा है।

- इनमें से 64 प्रतिशत अर्थात 16 लाख से अधिक कंपनियां सक्रिय है

देश की आर्थिक तरक्की का हिस्सा बनने के लिए भारतीयों में भी जबरदस्त उत्साह है। यही वजह है कि देश में कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। रोजाना देश में 500 से ज्यादा कंपनियां खुल रही हैं। वित्त वर्ष 2024 में अब तक देश में कुल 26 लाख से ज्यादा कंपनियां खुल चुकी हैं।

## वित्त वर्ष 2024 में अब तक 26 लाख से ज्यादा कंपनियां खुल चुकी

### महाराष्ट्र में रजिस्टर हुईं सबसे ज्यादा कंपनियां

सबसे ज्यादा 17.6 फीसदी नई कंपनियां महाराष्ट्र में रजिस्टर हुई हैं। 31 मार्च, 2024 तक देश में 5,164 विदेशी कंपनियां भी रजिस्टर थीं। इनमें से 3,288 कंपनियां (64 फीसदी) एक्टिव थीं। मार्च, 2024 में भारत में 67 फीसदी डायरेक्टर्स पुरुष और 33 फीसदी महिलाएं थीं। नए डायरेक्टर्स में से 43 फीसदी 31 से 45 उम्र के बीच हैं।



### 9 लाख से ज्यादा कंपनियां हुईं बंद

कॉरपोरेट मिनिस्ट्री के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के अंत तक देश में कम से कम 9,31,644 कंपनियां बंद हो गईं। इसके अलावा 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां दिवालिया होने की प्रक्रिया में जा चुकी हैं। इसके साथ ही 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाए जाने की प्रक्रिया चालू थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रजिस्टर हुईं 1,85,312 कंपनियों की कुल पूंजी 30,927.40 करोड़ रुपए थी। इनमें से 71 फीसदी सर्विस सेक्टर, 23 फीसदी इंडस्ट्रियल सेगमेंट और 6 फीसदी एग्रीकल्चर सेक्टर में शुरू हुई हैं।

### देश में 26 लाख से ज्यादा कंपनियां

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 के अंत तक देश में 26,63,016 कंपनियां खुल चुकी थीं। इनमें से 16,91,495 कंपनियां (64 फीसदी) सक्रिय भी हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियां रजिस्टर्ड हुईं। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में काफी ज्यादा है। इस साल मार्च में ही लगभग 16,600 कंपनियां रजिस्टर हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 1,59,524 कंपनियां रजिस्टर हुई थीं। इनकी पेड अप कैपिटल 18,132.16 करोड़ रुपए थी।

## आईएमएफ में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक भल्ला ने किया दावा

# युवाओं के नई नौकरी तलाशने की वजह से बेरोजगारी अधिक बढ़ी : अर्थशास्त्री


एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक सुरजीत भल्ला ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत आधार पर रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंच गया है।

भल्ला ने कहा कि 2004-13 (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल) के दौरान सबसे कम नौकरियां पैदा हुईं और तभी 'रोजगार रहित वृद्धि' शब्द आया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत रोजगार सृजन ऊंचे स्तर पर रहा है।

### वाजपेयी व मोदी के कार्यकाल में अधिक नौकरियां

भल्ला ने एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, 'भारतीय इतिहास में पहले कभी औसत आधार पर इतनी अधिक नौकरियां पैदा नहीं हुईं। पिछले 7-8 वर्षों में लगभग एक करोड़ नौकरियां पैदा हुईं।' प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के पूर्व सदस्य भल्ला ने जोर देकर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और मोदी के कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक नौकरियां पैदा हुईं।





### भाजपा को मिल सकती है 330 से 350 सीटें

भल्ला ने अनुमान जताया कि सत्ताधारी भाजपा इन लोकसभा चुनावों में अकेले 330 से 350 सीटें प्राप्त कर सकती है। देश के सात चरण के लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू हुआ है। मतगणना चार जून को होगी।

- मोदी सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन
- पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंचा
- 2022 में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी

### एफडीआई में गिरावट का कारण सरकार की नई नीति

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 2014 में सत्ता में आई और 2019 के आम चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ इसने फिर वापसी की। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की गति धीमी होने पर भल्ला ने कहा कि भारत में एफडीआई में गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार की नई नीति को माना जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि यदि निवेश से संबंधित कोई विवाद है, तो उसे भारत में ही सुलझाना होगा।

### विदेशी निवेशक प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे

भल्ला ने कहा, 'अब, अगर मैं एक विदेशी निवेशक हूं, तो मुझे यह जोखिम क्यों लेना चाहिए? और मुझे नहीं लगता कि दुनिया में कहीं और ऐसा है।' उनके मुताबिक, विदेशी निवेशक अपना प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपना पोर्टफोलियो निवेश बढ़ा रहे हैं।

### शुद्ध एफडीआई प्रवाह में आई कमी

भल्ला ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि नई सरकार जो भी होगी वह इस नीति पर दोबारा विचार करेगी। हालांकि, मुझे विश्वास है कि नई सरकार भाजपा की होगी।' पिछले साल, अप्रैल-जनवरी, 2023-24 में कुल एफडीआई प्रवाह एक साल पहले के 61.7 अरब डॉलर से थोड़ा कम घटकर 59.9 अरब डॉलर रहा है। वहीं शुद्ध एफडीआई प्रवाह 25 अरब डॉलर से घटकर 14.2 अरब डॉलर पर आ गया है।

# दो साल में आवास ऋण बकाया 10 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आवास क्षेत्र के लिए बकाया ऋण पिछले दो वित्त वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरबीआई के 'बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण' आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च, 2024 के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण पर आंकड़ों के अनुसार आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) के लिए बकाया ऋण मार्च, 2024 में 27,22,720 करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था। आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च



- आरबीआई ने मार्च 2024 के लिए जारी किए आंकड़े
- दबी मांग सामने आने की वजह से आवास ऋण बकाय में वृद्धि

2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था। विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।

### आवास ऋण खंड में वृद्धि बनी रहेगी

जसूजा ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 से पहली श्रेणी के शहरों में 50-100 प्रतिशत के बीच मूल्य वृद्धि देखी गई है। इसके चलते प्रति संपत्ति औसत ऋण आकार में वृद्धि हुई। जसूजा को उम्मीद है कि आवास ऋण खंड में तेजी बनी रहेगी, क्योंकि आवासीय रियल एस्टेट की मांग मजबूत बनी हुई है।

# भारत ने कीटनाशक अवशेषों के लिए कड़े मानदंड अपनाए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने रविवार को कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों के लिए सबसे कड़े मानदंड हैं। इसके साथ ही खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मसालों और जड़ी-बूटियों में उच्चस्तर के कीटनाशक अवशेषों की अनुमति है।

- खादय नियामक ने मसालों में कीटनाशक अवशेषों की रिपोर्ट की खारिज

इससे पहले हांगकांग के खाद्य नियामक ने दो प्रमुख भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड की कथित उपस्थिति के कारण प्रतिबंध लगा दिया था। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) घरेलू बाजारों में बेचे जाने वाले एमडीएच और एवरेस्ट सहित ब्रांडेड मसालों के नमूने ले रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे इसके गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन करते हैं। प्राधिकरण निर्यात किए जाने वाले मसालों की गुणवत्ता निर्धारित नहीं करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जोखिम मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों की अधिकतम मात्रा अलग-अलग होती है।



### मसालों में 10 गुना कीटनाशक की अनुमति गलत

मंत्रालय ने कहा, 'कुछ मीडिया खबरों में दावा किया जा रहा है कि एफएसएसएआई जड़ी-बूटियों और मसालों में 10 गुना अधिक कीटनाशक अवशेषों की अनुमति देता है। ऐसी रिपोर्ट झूठी और दुर्भावनापूर्ण हैं।' मंत्रालय ने कहा कि भारत में अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) के लिए बेहद कड़े मानक हैं।

# इस सप्ताह तीन कंपनियां लाएंगी अपना आईपीओ

एजेंसी ▸▸| गुवाहटी

इस सप्ताह तीन कंपनियां- ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस, चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिजेन और यात्रा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी टीबीओ टेक कुल मिलाकर 6,400 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएंगी।

इससे पहले, जेएनके इंडिया ने पिछले महीने आईपीओ के माध्यम से 650 करोड़ रुपये जुटाए थे। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक महावीर लुनावत ने कहा कि साल 2004 के बाद से पिछले चार आम चुनाव चक्रों में मई के दौरान एक भी आईपीओ पेश नहीं हुआ है। आमतौर पर, इन वर्षों के दौरान अप्रैल से जून की अवधि चुनावी अनिश्चितता के कारण प्राथमिक बाजारों के लिए धीमी रही है। हालांकि, यह प्रवृत्ति अब अगले सप्ताह तीन आईपीओ पेशकश के साथ बदल गई है। आनंद राठी एडवाइजर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर बहल ने कहा कि नया चलन एक सकारात्मक संकेत है जो भारतीय पूंजी बाजार के परिपक्व होने और राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत की दीर्घकालिक वृद्धि गाथा में विश्वास का संकेत देता है।




- 6,400 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद
- अप्रैल से जून की अवधि प्राथमिक बाजार के लिए धीमी रही

### बाजार में तेजी बनी रहेगी

सेंट्रम कैपिटल में साझेदार निवेश बैंकिंग प्रांजल श्रीवास्तव ने कहा कि समग्र सकारात्मक आर्थिक भावनाओं, शेयर बाजारों में तेजी और मजबूत प्रवाह के कारण प्राथमिक बाजार की गति जारी है। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के 3,000 करोड़ रुपये के आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

## सरकार रैंकिंग बढ़ाने के लिए कर रही है वैश्विक कारोबार पर काम



**नई दिल्ली।** विश्व बैंक अपनी पहली बिजनेस रेडी (कारोबार के लिए तैयार) रिपोर्ट इसी साल सितंबर में जारी करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारोबार विषय पर काम शुरू कर दिया है। बिजनेस रेडी (बी-रेडी) विश्व बैंक की नई प्रमुख रिपोर्ट है जो दुनियाभर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश माहौल का मापन करती है।रिपोर्ट कंपनियों पर निर्देशित नियामकीय ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मापने का काम करती है।

- भारतीय होटल संघ ने सरकार से की मांग

# होटल क्षेत्र को उद्योग, बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा दिए जाने की मांग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

होटल या आतिथ्य क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए इसे राज्य स्तर पर उद्योग का दर्जा दिए जाने की जरूरत है। इसके अलावा क्षेत्र को केंद्र के स्तर पर बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा दिया जाना चाहिए। भारतीय होटल संघ (एचएआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष के बी काचरू ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर यह क्षेत्र सरकार द्वारा 50 नए गंतव्यों के विकास की घोषणा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। आतिथ्य क्षेत्र को यह भी उम्मीद है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन अगले साल मार्च तक कोविड महामारी-पूर्व स्तर तक पहुंच जाएगा, लेकिन वीजा सुविधा को सुगम करने की जरूरत है।



*उद्योग के दर्जे से कई लाभ मिलेंगे : चेयरमैन ने कहा, 'हम ये कह रहे हैं कि सरकार चाहे जो भी चाहे, हम कैसे योगदान दे सकते हैं? जैसे कि सरकारी स्तर पर हमें उद्योग के अंग तौर पर व्यवहार करें। अगर ऐसा होता है तो हमें संबंधित लाभ मिलेंगे और हम वृद्धि कर सकेंगे।'*

## देश के खनन क्षेत्र में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** देश के खनन क्षेत्र में बीते वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। इस दौरान लौह अयस्क और चूना पत्थर के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। बयान में कहा गया कि मार्च में खनिज उत्पादन सूचकांक सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत बढ़कर 156.1 रहा। लौह अयस्क का उत्पादन 2023-24 में 7.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 27.7 करोड़ टन था, जो 2022-23 में 25.8 करोड़ टन था।बयान के अनुसार, 'चूना पत्थर का उत्पादन भी वित्त वर्ष 2022-23 के 40.65 करोड़ टन के उत्पादन आंकड़े को पार कर लिया। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 10.7 प्रतिशत बढ़कर 45 करोड़ टन रहा।'लौह अयस्क और चूना पत्थर की उत्पादन वृद्धि इस्पात और सीमेंट जैसे संबंधित उद्योगों में मजबूत मांग दिखाती है। अलौह धातु क्षेत्र में प्राथमिक एल्यूमीनियम का उत्पादन 2023-24 के दौरान बढ़कर 41.59 लाख टन हो गया, जो 2022-23 में 40.73 लाख टन था।

## दुनिया के सबसे बड़े निवेशक बफे ने हेथवे की सालाना बैठक को किया संबोधित

# वारेन बफेट को भारत में दिख रहे हैं निवेश के बड़े अवसर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


वारेन बफेट की गिनती दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में की जाती है। दुनियाभर के निवेशक उम्मीद से उनकी ओर देखते रहते हैं। उन्होंने कई निवेश को मल्टीबैगर बनाकर दिखाया है। हर साल वह बर्कशायर हेथवे की सालाना मीटिंग को संबोधित करते हैं।

- बैठक में बफे ने कंपनी के फ्यूचर प्लान और निवेश की दी जानकारी

वित्तीय जगत को इस इवेंट का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दौरान वारेन बफेट कंपनी के फ्यूचर प्लान, इनवेस्टमेंट, कॉरपोरेट गवर्नेंस और इकोनॉमी जैसे कई मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। इस साल उन्होंने भारत में निवेश के संकेत दिए हैं। वारेन बफेट ने कहा कि भारत में जबरदस्त अवसर हैं। हालांकि, उन्होंने भारत में निवेश का फैसला कंपनी के अगले मैनेजमेंट पर छोड़ दिया है।

### भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई इकोनॉमी

पिछले कुछ सालों में भारतीय इकोनॉमी की उछाल कमाल की रही है। दुनिया में चल रहीं अलग-अलग तरह की दिक्कतों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी बनी हुई है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 8.4 फीसदी रही थी। यही वजह है कि टेस्ला और बर्कशायर हेथवे जैसी दिग्गज कंपनियां अब भारत की ओर आशा की नजरों से देख रही हैं।



### जापान में निवेश का नतीजा बेहतरीन निकला

बफे ने कहा कि जापान में हमारे निवेश का नतीजा बेहतरीन निकला है। ऐसी कई संभावनाएं भारत में भी हैं। हालांकि, युवा मैनेजमेंट इस बारे में बेहतर निर्णय ले सकता है। आपको इसके लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वारेन बफेट के इस बयान से साफ है कि वह जल्द ही बर्कशायर हेथवे का कंट्रोल किसी युवा अधिकारी के हाथ में सौंपना चाहते हैं।

### बर्कशायर हेथवे का अगला मैनेजमेंट लेगा फैसला

बर्कशायर हेथवे के सीईओ वारेन बफेट ने शेयरहोल्डर्स से कहा कि हम अभी तक भारत में एंट्री नहीं कर पाए हैं। वहां कई सारी संभावनाएं हैं। मगर, इस एशियाई देश के बारे में फैसला मैं नहीं लेना चाहता। यह काम हमारे अगले मैनेजमेंट को करना होगा। भारत के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमें भारत को लेकर स्पष्ट रणनीति बनानी होगी। हमें देखना होगा कि बर्कशायर हेथवे को किस सेक्टर में कितना लाभ हो सकता है। भारत भी चाहता होगा कि हम वहां निवेश करें। मगर, यह काम अगला मैनेजमेंट करे तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

## फर्स्टसोर्स सॉल्यूशंस का लाभ 5.6 प्रतिशत घटा

firstsource

**कोलकाता।** आरपी संजीव गोयनका समूह की बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज कंपनी फर्स्टसोर्स सॉल्यूशंस लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 5.6 प्रतिशत घटकर 133.5 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 141.3 करोड़ रुपये था। इस बीपीओ कंपनी का परिचालन से होने वाली आय मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 1,669 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल इसी तिमाही में 1,556 करोड़ रुपये थी। सौदा पूरी तरह से नकद और कर्ज मुक्त आधार पर 327.81 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा।

## चिंतन

# भारतीय क्षेत्र को अपना बताने का दुस्साहस नहीं करे नेपाल

नेपाल को कोई भी उकसावे वाले कदम नहीं उठाने चाहिए। चीनी प्रभाव में आकर भारत के प्रति किसी भी प्रकार का दुस्साहस नेपाल को ही भारी पड़ेगा। भारत प्रचीनकाल से नंपाल को सहयोग करता रहा है। दोनों देशों की संस्कृति भी एक है। नेपाल सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक रूप से भारत के बहुत करीब है। नेपाल की समूची अर्थव्यवस्था भारतीय सहयोग पर निर्भर है। इसलिए भारतीय क्षेत्र को अपने नोट में अंकित करना नेपाल की गरिमा के अनुरूप नहीं है। नेपाल ने जो नए नोट जारी किए हैं, जिन पर भारत के कुछ इलाकों को दर्शाया है, यह दुस्साहस ही है। नेपाल ने अपने नए नोटों में भारत के इलाकों-लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दर्शाया है। नेपाल अपनी विदेश नीति तय करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उसे अपनी सामरिक ताकत के हिसाब से ही चीजें करनी चाहिए। भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर नेपाल अपना ही नुकसान करेगा। नेपाल के सामने श्रीलंका के हश्र का उदाहरण है, मालदीव की चीनपरस्ती के नतीजे का भी उदाहरण है। चीन का रिकार्ड रहा है, जो भी देश उसके करीब गया, उसके हिस्से आर्थिक तबाही ही आई। पाकिस्तान भी अच्छा उदाहरण है। चीन अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा के चलते छोटे देशों की संप्रभुता का सम्मान कर ही नहीं पाता है। चीन के अपने 13 सीमाई पड़ोसियों से सीमा विवाद है, नेपाल भी चीनी चाल को देख चुका है, दक्षिण चीन सागर में चीनी मनमानी सबके सामने है, फिलिपींस के साथ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चीन केस हार चुका है, ताइवान के साथ चीन का तनाव चरम पर है, शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्रों को चीन ने किस तरीके से अपने में मिलाया, यह उदाहरण भी नेपाल के सामने है, इसके बाद भी अगर नेपाल चीनी प्रभाव में आकर भारतीय क्षेत्र को अपने नोटों पर दिखाया है, तो यह उसके लिए आत्मघाती कदम है। भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कि नेपाल भारतीय क्षेत्रों को अपना दिखाने की बचकानी हरकत करे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बनाना जटिल होता है, अक्सर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में राजनीति का भी ध्यान रखना पड़ता है। जयशंकर का इशारा साफ है कि नेपाल किस तरह की राजनीति के तहत ऐसा कर रहा है। नेपाल में जब जब चीन समर्थित कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनती है, भारत के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू हो जाता है। इससे पूर्व में भी नेपाल ने अपने नक्शे में लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दिखाया था। उस वक्त भी चीनी प्रभाव में ऐसा किया था। भारत व नेपाल के बीच हुई संधि के तहत स्पष्ट है कि ये तीनों क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं, नेपाल को समझना चाहिए कि नक्शे में दिखा देने से या नोटों पर अंकित कर देने से भारत के क्षेत्र नेपाल के नहीं हो जाएंगे। भारत ने हमेशा कोशिश की है कि नेपाल को हरसंभव सहायता हमेशा मिलती रहे। नेपाल को अपनी कूटनीति के इतिहास को देखना चाहिए कि वह भारत के साथ किता सहज है, जबकि चीन ने नेपाल को कितना दंश दिया है। हिमालय क्षेत्र में चीन की अभी भी कई नेपाली हिस्से पर गिद्ध दृष्टि है। नेपाल की मंत्रिमंडल की बैठक में गत शुक्रवार को 100 रुपये के नोट पर नेपाल का नया राजनीतिक नक्शा छापने का फैसला किया गया है, जिसमें भारतीय इलाके लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को नेपाल के क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। भारत को यह कतई मंजूर नहीं है, भारत सरकार इस मसले पर राजयनयिक चर्चा कर रही है, पर नेपाल को संयम से काम लेना चाहिए, किसी के उकसावे में नहीं आना चाहिए। भारत के साथ कटुता नेपाल के लिए ही ठीक नहीं है।

## सारा संसार



भगवान विष्णु को समर्पित और 108 दिव्य देसमों में से एक, उलगलांथर पेरुमल मंदिर, कांचीपुरम शहर में कामाक्षी अम्मन मंदिर के बहुत पास स्थित है। मंदिर महान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है।

**सियासत**
राजेंद्र बज



# जाति आधारित राजनीति चिंताजनक

बहुत ही सुलझी हुई विचारधारा के साथ राष्ट्रनायकों ने समाजवादी परिकल्पना को साकार करने के निमित्त आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु संवैधानिक रूप से विशेष प्रावधान किए। तत्कालीन देश काल और परिस्थिति के संदर्भ में यह कदम सर्वथा स्वागतयोग्य था। कालांतर में समर्पित तथा सुरक्षित मतदाता के रूप में लाभान्वित वर्ग को साधने और साधे रखने का राजनीतिक सिलसिला चल पड़ा। परिणामस्वरूप अल्पकालिक नीति को राजनीतिक स्वार्थसिद्धि के चलते बार बार दोहराया गया। वंचित वर्ग की घुटन, घुटन की अति से विस्फोटक रूप लेने लगी। मामला दो और दो चार की तरह स्पष्ट है। दरअसल सर्वहारा वर्ग के संपूर्ण कल्याण की पवित्र भावनाओं के साथ उठाए गए कदम का कोई विरोध नहीं था, लेकिन सत्ता के लिए की जाने वाली राजनीति के कर्णधारों ने समाज और समाज में अंतर की खाई को गहरा कर दिया। बेहतर होगा यदि राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों से इस विषयक विरोधाभासों को दूर किए जाने के प्रयास किए जाएं। अन्यथा वर्ग संघर्ष का दंश विकसित भारत की राह में बाधक सिद्ध हो सकता है। अनेकता में एकता का हमारा सामाजिक तानाबाना, परस्पर सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण से परिपूर्ण रहा है, लेकिन निकृष्ट राजनीति के चलते परस्पर सामाजिक सद्भाव दांव पर लगता जा रहा है। इस संदर्भ में बद से बदतर स्थिति का आलम यह है कि जातिगत तथा वर्गीय आधार पर राजनीतिक संगठन गठित होने लगे हैं। यह निश्चित है कि यह संगठन आम नागरिकों के कल्याणार्थ क्रियाशील नहीं रहेंगे अपितु अपनी जाति या वर्ग के उत्थान को ही प्राथमिकता देंगे। कालांतर में जातिवादी राजनीतिक दलों की राजनीति तथाकथित अनेकता में एकता को तार-तार कर रख देगी। दरअसल समय रहते जाति व वर्गवाद की राजनीति को हतोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से समुदाय विशेष के सर्वांगीण विकास हेतु सामाजिक ध्रुवीकरण के प्रयास स्वागत योग्य होते हैं। किंतु नकारात्मक मानसिकता के आधार पर सामाजिक संगठनों की राजनीति अत्यंत घातक सिद्ध होती है। नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति बीते समय की बात हो गई है। अलग-अलग जाति व वर्ग द्वारा अलग-अलग महापुरुषों को अपनी जाति व वर्ग का महानायक मान लिया गया है। प्रकारांतर से अलग-अलग समूह द्वारा अलग-अलग महापुरुषों का बंटवारा कर लिया गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंता का विषय है। बेहतर हो यदि राजनीतिक दलों के आचरण एवं व्यवहार में भारतीय संविधान की मूल अवधारणा के अनुरूप आत्मसात की गई भावना स्पष्ट तौर पर दिखाई दे। इतिहास साक्षी है कि विभाजित समाज सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार सिद्ध नहीं कर सकता। दरअसल सामाजिक ढांचे को कुछ ऐसा गढ़ना होगा कि हर किसी के लिए कुछ कर गुजरने के समान अवसर उपलब्ध हो। निश्चित रूप से ऐसी ही कुछ परिकल्पना उन्होंने भी की होगी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में तन मन धन से आहुति दी। बदलते संदर्भ में राजनीति के तौर तरीकों में भी आमूलचूल परिवर्तन करना होगा। अंग्रेजों की नीति अपनाने से क्षणिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसके दूरगामी परिणामों के मद्देनजर सामाजिक एकता और अखंडता के ताने-बाने को छेड़ना नहीं चाहिए। बेहतर हो यदि समय रहते इस विषयक संज्ञान लिया जाए, ताकि अन्यान्य कारणों से देश प्रदेश की प्रगति में कोई बाधा न आ सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**एआई**
उमेश चतुर्वेदी

> आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल से अभी दुनिया जूझ ही रही थी कि इसका एक एक और चेहरा सामने आ गया। गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के जरिए चुनावी माहौल को बीजेपी के विरोध में मोड़ने की कोशिश एआई के बेजा इस्तेमाल का उदाहरण है। आरक्षण हटाने को लेकर शाह के वीडियो को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया, जिसके पीछे उनका मकसद अमित शाह को बदनाम करना था। एआई के प्रयोग ने न सिर्फ तकनीक, बल्कि राजनीति के विद्रूप चेहरे को उजागर किया है। यह भी जाहिर किया है कि तकनीक को एक सीमा के बाद काबू में रखा जाना चाहिए।

# तकनीक के प्रयोग की सीमा तय हो

नामी हीरोइनों के डीप फेक फोटो के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) के गलत इस्तेमाल से अभी दुनिया जूझ ही रही थी कि इसका एक एक और चेहरा सामने आ गया। गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के जरिए चुनावी माहौल को बीजेपी के विरोध में मोड़ने की कोशिश एआई के बेजा इस्तेमाल का उदाहरण है। आरक्षण हटाने को लेकर शाह के वीडियो को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है।

गृह मंत्री अमित शाह का 'डीपफेक' वीडियो कथित तौर पर शेयर करने के लिए मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह वह प्रौद्योगिकी है जिससे एक वीडियो में छेड़छाड़ कर किसी ऐसे व्यक्ति के चेहरे को उसमें फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। इस फर्जी वीडियो में अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अमित शाह के जिस भाषण से छेड़छाड़ की गई है, वह 25 अप्रैल का है। उस दिन वह तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में बीजेपी की चुनावी रैली में भाषण दिये थे। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इसके बाद गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस मामले में बीजेपी की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने भी सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर शेयर किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद बीजेपी नेता अमित शाह को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर शेयर किया था। शिकायत के आधार पर महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ साइबर थाने में आईपीसी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। भारत आजादी की हीरक जयंती मना चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों से 2047 में देश के चहुंमुखी विकास की आए दिन बात करते हैं, लेकिन हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को प्रौढ़ होना चाहिए था, लेकिन नहीं हो पाई। आज की राजनीति की ओर देखते हैं तो विनोबा की एक पंक्ति याद आती है। चारों तरफ सुराख ही सुराख हैं। आज की राजनीति के लिए सत्ता सबसे बड़ा लक्ष्य हो गई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह हर तरह के काम करने को तैयार बैठी है। इस प्रक्रिया में वह न्यूनतम नैतिक आचरण की बुनियादी शर्त को भी झुठला रही है। इसमें वह आधुनिक तकनीक का सहारा भी ले रही है। मोटे तौर पर



देखें तो फेक बयान वाले वीडियो का मामला तकनीक की सीमाओं के विस्तार के साथ ही तकनीकी नैतिकता का सवाल भी उठाता है। इसे महान वैज्ञानिक आइंस्टाइन के सापेक्षिकता के सिद्धांत के जरिए समझ सकते हैं। अक्टूबर 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के आखिर में अमेरिका ने जापान के नागासाकी और हिरोशिमा पर जिन अणु बमों को गिराकर मानवता को भयंकर नारकीय चोट पहुंचाई थी, उनके निर्माण का आधार आइंस्टाइन का सापेक्षिकता का सिद्धांत ही था। मानवता को कराहते देख आइंस्टाइन ने कहा था कि अगर वे जानते कि उनकी खोज से ऐसा नरसंहार हो सकता है तो वे इस खोज को दुनिया के सामने ही नहीं लाते। लोकतांत्रिक व्यवस्था मोटे तौर पर संवैधानिक नियमों से चलती है। हालांकि संविधान की शायद ही कोई किताब होगी, जिसमें नैतिकता का जिक्र हुआ है। नैतिक आचरण की परिभाषा भी नहीं दी गई है। इसके बावजूद गतिशील लोकतंत्र की बुनियादी शर्त नैतिकता और शुचिता को स्वीकार करना है। बेशक राजनीति दांवपेच का खेल है। आज दुनिया ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबसे बेहतर शासन व्यवस्था के रूप में स्वीकार किया है। इसके बावजूद हकीकत यह भी है कि दुनियाभर में सियासी फायदे के लिए दांवपेच लगाए जाते हैं, लेकिन इस उठापटक के खेल में भी न्यूनतम नैतिकता की उम्मीद दुनियाभर के मतदाता अपने राजनेताओं से रखते हैं। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से उपजी भारतीय राजनीतिक दुनिया की पहली पीढ़ी की नैतिकता, ईमानदारी और आचरण की पवित्रता से जुड़े तमाम किस्से हम सुनते-पढ़ते रहे हैं। गांधी जी की ओर जब हम देखते हैं तो पाते हैं कि वे अक्सर नई तकनीक का विरोध करते नजर आते हैं। उनका यह विरोध तकनीक के ऐसे ही नकारात्मक इस्तेमाल की आशंका के चलते था। यह आशंका रोजाना सही साबित हो रही है। एआई के इस्तेमाल से राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने की शायद यह पहली कोशिश है। अब तक अराजक तत्व दंगे फैलाने, गलत सूचनाओं को सही साबित करने आदि के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते रहे हैं, लेकिन एआई के जरिए फेक सूचना और बयान को तैयार करके सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित करने का यह पहला मामला है। एआई से तैयार की जाने वाली सूचनाओं और बयान आदि की खासियत है कि ये हूबहू लगते हैं, लेकिन चूंकि मौजूदा दौर नैरेटिव को प्रसारित करने का है, वह गलत है या सही है, बाद की बात है। अमित शाह का फेक बयान एआई के जरिए तैयार करके प्रसारित करने का मकसद यह है कि जब तक उसकी सच्चाई सामने आए, अमित शाह चौंके, तब तक संदेश का नकारात्मक असर फैल चुका होगा। बहरहाल इस मामले की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने जिस तरह राजनीति की दुनिया की बड़ी हस्तियों को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा है, उसे लेकर राजनीति होनी शुरू हो गई है, लेकिन यह भी सच है कि अगर एआई के इस बेजा और फेक इस्तेमाल में बड़ी मछलियां फंसी तो भारतीय राजनीतिक तंत्र के इतिहास में यह बड़ा मामला होगा। राजनीतिक नैतिकता की गिरावट का भी यह बड़ा उदाहरण होगा।

राजनीति की दुनिया नैतिकता की सबसे ज्यादा बात करती है। चूंकि फेक बयान के मामले में शक राजनीति पर ही है और प्रभावित राजनीति ही है, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि एआई के उपयोग को वैधानिक दायरे में बांधने और उसे नैतिक बनाने की कानूनी कोशिश राजनीति ही करेगी। एआई के इस्तेमाल को इसे नियम संयत बनाने और बेजा इस्तेमाल करने वालों के लिए समुचित दंड की व्यवस्था इस उदाहरण के बाद मदद मिलेगी। एआई के प्रयोग ने न सिर्फ तकनीक, बल्कि राजनीति के भी विद्रूप चेहरे को उजागर किया है। यह भी जाहिर किया है कि तकनीक को एक सीमा के बाद काबू में ही रखा जाना तो चाहिए ही, उसे नैतिकता के दायरे में भी कहीं ज्यादा कसा जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
**दर्शन**

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें। यह दायीं नासिका में चल रहा है या बायीं नासिका में? जब आप दायीं नासिका से श्वास ले रहे होते हैं, तब आपमें ज्ञान का उदय होता है और जो मैं कह रहा हूं, वह आपको समझ में आता है।

# तुलसीदास ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
**प्रेरणा**

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जिसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय-जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया। परिवार की भी बात रह गई।

## सटाका





## आज की पाती

### हंसना जरूरी, लेकिन बेवजह नहीं

सारी दुनिया में मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। हास्य योग के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया ने दुनिया, देश और समाज में हास्य की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से ही शायद 11 जनवरी, 1998 को मुंबई में विश्व हास्य दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। इस दिन दुनिया के बहुत से देशों में हास्य व्यंग्य, कविता, चुटकले और हंसने-हंसाने के बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। टीवी, अखबारों और अन्य बहुत से साधनों द्वारा बहुत से हास्य कलाकार प्रोग्राम पेश करते हैं। जिंदगी में अगर हंसने-हंसाने को हम उतना जरूरी बना लें जितना खानपान, अन्य जरूरी कामों को बनाते हैं तो हमारी जिंदगी तनावमुक्त गुजरेगी। हंसना वो औषधि है जो किसी बीमार व्यक्ति को भी तंदुरुस्त करने में मददगार साबित हो सकती है। *– सोहन वर्मा, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# टाइम्स स्क्वायर पर भिन्न शैली की साड़ियों का प्रदर्शन



न्यूयॉर्क का प्रतिष्ठित 'टाइम्स स्क्वायर' सैकड़ों महिलाओं की भिन्न प्रकार और शैलियों की साड़ियों से सजा दिखायी दिया तथा भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ ही अन्य देशों की सैकड़ों महिलाओं ने यहां एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की शाश्वत सुंदरता, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। 'टाइम्स स्क्वायर' में शनिवार को आयोजित 'साड़ी गोज ग्लोबल' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ ही कम से कम उन नौ देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जहां नौ गज का यह परिधान लोकप्रिय है तथा उसे पसंद किया जाता है। इन देशों में बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। खादी सहित विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने गर्व से अपने संग्रह का प्रदर्शन किया, राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया, तस्वीरें लीं और अपनी साड़ियों, संस्कृति तथा विरासत के बारे में कहानियां साझा कीं। यह कार्यक्रम 'ब्रिटिश वुमेन इन साड़ी' ने उमा संगठन के साथ मिलकर आयोजित किया जिसमें संगीत, नृत्य और साड़ी 'वॉकथन' के जरिए साड़ी की शाश्वत सुंदरता का प्रदर्शन किया गया।

## ऑफ बीट


# हर कोई चाहता है आत्म-सम्मान



भले ही आपकी बात में कितना ही दम क्यों न हो, लेकिन किसी को समझाना-बुझाना यानी 'पर्सुएशन' इतना कठिन क्यों होता है? दर्शनशास्त्री के तौर पर मैं पर्सुएशन में खासतौर पर रुचि रखता हूं। इसमें आपको न केवल यह पता होना चाहिए कि आपको किस तरह किसी को समझाना है, बल्कि यह जानना भी जरूरी है कि इसे बिना किसी हेरफेर के नैतिक रूप से कैसे किया जाए। मैंने इस बारे में सबसे गहरी अंतर्दृष्टि जर्मन दार्शनिक इमैनुअल केंट से पाई है, जिन पर मेरा शोध केंद्रित रहा है। केंट 300 साल पहले 22 अप्रैल 1724 में जन्मे थे। नीतिशास्त्र पर अपनी अंतिम पुस्तक 'द डॉक्टरीन ऑफ वर्च्यु' में केंट लिखते हैं कि जब हम किसी अन्य के विचारों को दुरुस्त करने का प्रयास करते हैं तो हर किसी का एक निश्चित कर्तव्य होता है। यदि हमें लगता है कि वे (विचार) गलत हैं, तो हमें उन्हें 'बेतुकापन' या 'खराब' कहकर खारिज नहीं करना चाहिए, बल्कि यह मानना चाहिए कि उनके विचारों में 'कुछ सच्चाई है।' केंट के कहने का मतलब है कि यह स्वीकार कर लेना कि हम जो नहीं जानते, वह अन्य लोग जानते हैं, एक विनम्रता की तरह लगता है। हालांकि यह इससे भी महत्वपूर्ण होता है।

## ट्रेंड

### सस्ती बिजली का लाभ



हमारा कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवर्तन पर्याप्त तेज़ और निष्पक्ष हो - वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना, और 2030 तक सभी को सस्ती स्वच्छ बिजली का लाभ पहुंचाना।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमारा सामूहिक पाप



हैती मंगल ग्रह पर नहीं है. यह उसी पृथ्वी का एक हिस्सा है। पीड़ित हाईटियन एलियंस नहीं हैं; वे हम में से एक हैं। यह सामूहिक उदासीनता हमारा सामूहिक पाप है। यह एक पुरानी नैतिक ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की कमी है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### आत्मविश्वास से जीवन सिद्धि



ध्येयनिष्ठ एवं पुरुषार्थी साधकों के समक्ष कोई भी चुनौती उनके उत्साह और प्रगति को बाधित नही करती। जिन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित कर लिए हैं, उनके जीवन में मान-सम्मान जैसी अवस्थाएं बाधाएं नहीं बनती। आत्मविश्वास से ही जीवन सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आपने 10 साल में क्या बनाया



वे पूछते हैं कि 70 सालों में क्या किया? हमने आईआईएम बनाए, आईआईटी बनाई, एम्स बनाए, एचएएल, भेल बनाया, राष्ट्रीय महत्व के जिस संस्थान का नाम लीजिए, कांग्रेस ने बनाया। आपने 10 साल में क्या बनाया, ये क्यों नहीं बताते?
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




> लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का चुनाव प्रचार रविवार शाम 5 के बाद बंद हो गया है। 7 मई को तीसरे चरण के लिए वोटिंग होगी। 7 मई को 10 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 94 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, गोवा की 2, गुजरात की सभी 26, कर्नाटक की 14, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र के 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की 4 और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की दो-दो सीटों पर वोटिंग होगी। आइए जानते हैं किन महत्वपूर्ण सीटों पर रहेगी सबकी नजर...

**तीसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटें जिन पर है पूरे देश की नजर**

# सिंधिया, जोशी, डिंपल, अधीर रंजन की दांव पर प्रतिष्ठा

## कल 7 मई को 94 सीटों पर किया जाएगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

**गुना से सिंधिया मैदान में :** तीसरे चरण में करीब 10 सीटें ऐसी है, जहां पर हाई प्रोफाइल उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 7 मई को मध्य प्रदेश के गुना में भी वोटिंग होगी, जहां बीजेपी के टिकट पर ज्योतिरादित्य सिंधिया मैदान में हैं। 2019 के चुनाव में वह कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर हार गए थे। 7 मई को आगरा लोकसभा सीट पर भी वोटिंग होगी, जहां से बीजेपी के टिकट पर मोदी सरकार में मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं।


ज्योतिरादित्य सिंधिया


प्रहलाद जोशी


डिंपल यादव


अधीर रंजन चौधरी


शिवराज सिंह चौहान


दिग्विजय सिंह

**प्रह्लाद जोशी, डिंपल, अधीर रंजन की दांव पर प्रतिष्ठा**

मोदी सरकार में मंत्री प्रह्लाद जोशी धारवाड़ से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां पर 7 मई को मतदान होगा। 7 मई को मैनपुरी में भी मतदान होगा, जहां से सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैदान में है। बंगाल की बहरामपुर लोकसभा सीट से अधीर रंजन चौधरी कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। 7 मई को यहां वोटिंग होगी। दक्षिण गोवा लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर पल्लवी डेम्पो चुनाव लड़ रही हैं। वह तीसरे चरण की सबसे अमीर उम्मीदवार हैं।

**अजमल, शिवराज, दिग्विजय और सुप्रिया सुले का भी होगा फैसला**

असम की धुबरी सीट से ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल मैदान में हैं। वह 2009 से ही इस सीट पर चुनाव जीत रहे हैं। मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। शिवराज सिंह चौहान पांच बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं। मध्य प्रदेश की राजगढ़ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले मैदान में हैं। यहां पवार बनाम पवार की लड़ाई है, क्योंकि उनके खिलाफ अजित पवार की पत्नी मैदान में हैं।

### ये हैं बड़े मुद्दे

**पाकिस्तान**

पाकिस्तान के पूर्व सूचना प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी हुसैन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर राहुल गांधी की तारीफ की थी। उन्होंने राहुल की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से की थी। इस मुद्दे को भी बीजेपी ने उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद गुजरात में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि राहुल गांधी के लिए पाकिस्तान से दुआ हो रही है। यानी पाकिस्तान भी भारत में कमजोर कांग्रेस सरकार चाहता है। यह मुद्दा तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान काफी उछाला था।

**आरक्षण**

अमित शाह ने तेलंगाना में मुस्लिमों के लिए आरक्षण हटाने की बात कही थी। इस बयान को लेकर भी काफी हंगामा मच गया। इस वीडियो को एडिट करके ऐसा बना दिया गया जिससे ऐसा लग रहा हो कि अमित शाह एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात कर रहे हैं। हालांकि पुलिस इस मामले में सक्रिय हो गई और बताया कि यह डीपफेक वीडियो है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी को भी समन भेजा है।

**राहुल पर अमेठी से भागने का आरोप**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से भी नामांकन भरा है। यानी वह रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। पहले राहुल अमेठी से सांसद थे। 2019 में वह चुनाव हार गए थे। वहीं अब उनके रायबरेली जाने पर बीजेपी आरोप लगा रही है कि वह हारने के बाद अमेठी छोड़कर रायबरेली भाग रहे हैं।

---

### आमने/सामने

**कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने का कोई कारण नहीं बचा : बृजमोहन**



बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ की भी हवा बदल गई है। कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार, घोटाले और अपराधियों का बोलबाला था। विकास का काम ठप हो गया था। विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को सबक सिखा दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 5 साल के अधिकांश वादों को 3 महीने में ही पूरा कर दिया है, जिसके बाद अब कांग्रेस के पास जनता के बीच में जाने का कोई कारण ही नहीं बचा है।

**केंद्र और साय सरकार की वादाखिलाफी का बदला लेगी जनता : दीपक**



पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार के साथ 5 माह की साय सरकार के खिलाफ भी जनता मतदान करेगी। पहली कैबिनेट में 18 लाख मकान स्वीकृत किए, लेकिन केंद्र ने इनके प्रस्ताव को नहीं माना। 18 लाख मकान सिर्फ होर्डिंग और कागजों में बने हैं। दो साल के बकाया बोनस में भी किसानों को धोखा दिया। 500 में सिलेंडर का वादा पूरा नहीं किया, बेरोजगारी भत्ता देना बंद कर दिया। जनता इसका बदला चुनाव में लेगी।

## कांग्रेस को मप्र में एक और झटका बीना विधायक भाजपा में शामिल



**सीएम यादव की सभा में थामा कमल**

लोकसभा चुनाव के बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस को एक बाद एक झटका लग रहा है। अब सागर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। बीना से कांग्रेस की विधायक निर्मला सप्रे भाजपा में शामिल हो गईं हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में निर्मला ने सागर के राहतगढ़ में आयोजित सभा में भाजपा की सदस्यता ली। विधायक निर्मला सप्रे सागर जिले में कांग्रेस की इकलौती विधायक थी। अब उनके भाजपा में जाने से जिले में कांग्रेस का कोई विधायक नहीं बचा है। निर्मला सप्रे एससी वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, ऐसे में लोकसभा चुनाव के बीच उनका भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

**हजारों लोगों के सामने ज्वाइन की भाजपा :** सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होना है। इसे लेकर सीएम मोहन यादव समेत भाजपा के अन्य नेता लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। रविवार को सीएम मोहन यादव ने पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में सुरखी विधानसभा के राहतगढ़ में चुनावी सभा की। इस सभा में मौजूद हजारों लोगों की भीड़ के सामने कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे भाजपा में शामिल हों गईं।

## रायबरेली, अमेठी में कांग्रेस का प्रचार कमान संभालेंगी प्रियंका

**सोमवार से चुनाव खत्म होने तक रहेंगी यहीं**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी में लोकसभा चुनाव प्रचार का नेतृत्व करेंगी तथा दोनों सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से उत्तर प्रदेश के इन संसदीय क्षेत्रों में डेरा डालेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कई दिनों से जारी असमंजस को खत्म करते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पिछले दो दशकों से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। वहीं, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। प्रियंका गांधी ने पहले ही प्रचार अभियान की कमान संभाल ली है और सोमवार से चुनाव खत्म होने तक वह रायबरेली तथा अमेठी में डेरा डाले रहेंगी।

**250-300 गांवों को करेंगी कवर**

प्रियंका गांधी कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जैसे शीर्ष नेताओं के प्रचार अभियानों की योजना और कार्यक्रम का भी ध्यान रखेंगी। सूत्रों ने कहा कि वह लगभग 250-300 गांवों को कवर करेंगी और दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को बराबर समय देंगी। फिरोज गांधी ने रायबरेली में जो मजबूत नींव रखी, उसे बाद में उनकी पत्नी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने और मजबूत किया।

---

**हॉट सीट आगरा की सियासी जंग में भाजपा को चुनौती दे रहे सपा व बसपा**

# जातीगत समीकरण साधना चुनौती त्रिकोणीय मुकाबले के बने आसार

*उत्तर प्रदेश में ताजनगरी के नाम से सुविख्यात आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक दल जोड़तोड़ की सियासत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। हालांकि इस सीट पर पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा है, लेकिन विपक्षी गठबंधन से समाजवादी पार्टी और अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरी बहुजन समाज पार्टी जातीय समीकरण साधकर चुनावी मुकाबले में है। इसलिए इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।*

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

आगरा लोकसभा सीट पर आगामी सात मई को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ यहां के लोगों में भी बेहद उत्साह का वातावरण है। कभी कांग्रेस का गढ़ बनी इस सीट पर सियासी समीकरणों ने समय समय पर ऐसी करवट ली है, कि कांग्रेस को इस सीट पर जीत के लिए तरसना पड़ रहा है। इस बार कांग्रेसनीत गठबंधन इंडिया की तरफ से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जबकि बसपा अपने अकेले दम पर चुनाव मैदान में है। यहां के सियासी समीकरणों में जातीय आधारित रणनीति बनाने में राजनीतिक दल ज्यादा विश्वास रखते हैं, जो वाजिब इसलिए भी है कि कुछ समुदाय ऐसे हैं जिन्हें कोई दल या प्रत्याशी भा गया तो उसकी जीत सुनिश्चत है। भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रो. बघेल को इसलिए भी एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है कि वह केंद्र में मंत्री होने के बावजूद आगरा लोकसभा क्षेत्र में सक्रीय रहा है। भाजपा को टक्कर देने के इरादे से सपा व बसपा ने मुस्लिम व दलित वोट बैंक को आकर्षित करने की चुनावी रणनीति से अपने अभियान को अंजाम दिया है। इसलिए इस सीट पर प्रमुख रुप से चुनावी जंग भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशियों के बीच मानी जा रही है, जहां भाजपा जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे से चुनाव मैदान में है। हालांकि छोटे दलो व निर्दलीय समेत यहां 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**पहली बार मतदान करेंगे 21 हजार युवा**

लोकसभा चुनाव में आगरा में कुल मतदाताओं की संख्या 20,46,772 है। इनमें 11,64,714 पुरुष, 8,81,961 महिला तथा 97 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इस सीट पर 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 21,343 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।


सुरेश चंद्र कर्दम


एसपी सिंह बघेल


पूजा अमरोही

**लोकसभा सीट का सियासी इतिहास**

आगरा लोकसभा सीट पर अब तक हुए 17 लोसभा चुनाव में सात बार कांग्रेस काबिज रही है और खासबात ये है कि सातों पर यहां एक ही परिवार के बाप-बेटा कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा पहुंचे है, लेकिन पिछले चार दशक से कांग्रेस को इस सीट पर जीत का स्वाद नहीं मिल पा रहा है। लोकसभा चुनाव के इतिहास में पहले पांच चुनाव में यहां सेठ अचल सिंह ने अपना परचम लहराया है, जिसके बाद 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस हार गई। लेकिन इसके बाद 1980 और 1984 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर अचल सिंह के सुपुत्र निहाल सिंह निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचे हैं। साल 1989 के चुनाव में भाजपा समर्थित जनता दल ने जीत दर्ज की, तो उसके बाद लगातार 1991, 1996 व 1998 के तीन चुनाव में हैट्रिक के साथ भगवान शंकर रावत ने भाजपा का परचम लहराया। इसके बाद 1999 के चुनाव में सपा के टिकट पर बॉलीवुड अभिनेता राजबब्बर ने यहां जीत दर्ज की, लेकिन उसके बाद इस सीट पर भाजपा लगातार तीन बार से चुनाव जीतकर इसे अपना गढ़ बना चुकी है। इस बार भाजपा इसलिए भी आश्वस्त है कि आगरा लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभाएं आती है, जिसमें आगरा जिले की आगरा कैंट, आगरा उत्तर, आगरा दक्षिण और एत्मादपुर तथा एटा जिले की जलेसर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है।

**कौन हैं भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी**

*यूपी की आगरा लोकसभा सीट पर भाजपा ने इस सीट के मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में केंद्रीय न्याय एवं विधि राज्यमंत्री प्रोफेसर सत्यपाल सिंह बघेल पर एक बार फिर भरोसा जताया है। बघेल सब इंस्पेक्टर से महाविद्यालय में प्रोफेसर बने, जिन्होंने सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने राजनीति में दाखिला दिलाया। प्रो. बघेल सपा से 1998 से 2004 तक जलेसर से सांसद निर्वाचित हुए। सपा को अलविदा कहकर वे बसपा में आए और राज्यसभा सदस्य बने। फिर वे भाजपा में आकर टूंडला से विधायक चुने गये और योगी सरकार में मंत्री रहे। भाजपा ने उन्हें पिछला लोकसभा चुनाव आगरा से लड़ाकर जिताया और केंद्र में मंत्री बन गये। भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देने के लिए इस सीट पर उतरे सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम जूता विक्रेता और बसपा के पूर्व कार्यकर्ता हैं। वे इससे पहले साल 2000 में आगरा से बसपा के लिए मेयर पद का नामांकन लड़ चुके हैं। जबकि बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस दिग्गज नेता सत्या बहन की बेटी हैं और अपनी मां के साथ राजनीति में सक्रीय रही हैं।*

---

**इटावा की सभा में बोले पीएम मोदी**

# 'सपा और कांग्रेस धर्म के नाम पर आरक्षण बांटना चाहते हैं'

एजेंसी ▶▶ इटावा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटावा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि सपा और कांग्रेस कंपनी एससी और एसटी का आरक्षण छीन कर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में इन्होंने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर दिया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था। उसमें डाका मार लिया। यूपी में ऐसा हुआ, तो यहां के ओबीसी के हक का क्या होगा? यह बहुत बड़े खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि आज भी सपा को अपने परिवार के अलावा कोई उम्मीदवार नहीं मिला। भाजपा में कोई भी व्यक्ति बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। मोहन यादव सीएम होने के नाते मध्य प्रदेश को दौड़ा रहे हैं। सपा- कांग्रेस की खोटी नियत का हिसाब बहुत लंबा है।

**शहजादे का मंदिर दर्शन बंद हो गया**

पीएम मोदी ने कहा कि पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने तो कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। इस बार मंदिर का दर्शन बंद हो गया है। 500 साल के बाद एक ऐतिहासिक पल आया, पूरा देश राममंदिर बनने से खुश हुआ, लेकिन इन्होंने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

**तेलंगाना में बोले- राहुल गांधी**

# 'प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण विरोधी हैं, इसे जनता से छीनना चाहते हैं'

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और वह आरक्षण छीनना चाहते हैं। तेलंगाना के आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि मौजूदा आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है, जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है जबकि भाजपा-आरएसएस मिलकर इसे और जनता के अधिकारों को खत्म करना चाहते हैं।



**मोदी ने किया अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ**

राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 22-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। उन्होंने दावा किया, "16 लाख करोड़ रुपये यानी 24 साल का मनरेगा का पैसा, नरेन्द्र मोदी जी ने 22 लोगों को दे दिया।" उन्होंने कहा, "22 अमीरों के पास 70 करोड़ भारतीयों के बराबर पैसा है और कांग्रेस इसे बदलने जा रही है।'

---


**गुरुग्राम में लड़ चुके हैं शाहरुख के पिता, शर्मिला टैगोर के पति टाइगर पटौदी**

# कांग्रेस को अभिनेता राज बब्बर से है करिश्मे की उम्मीद

**पहली बार उतरा है कोई अभिनेता, कांग्रेस जीत की तलबगार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में शायद गुरुग्राम में कांग्रेस को अभिनेता राज बब्बर से किसी करिश्मे की उम्मीद है इसीलिए काफी मशक्कत और लंबे इंतजार के बाद पार्टी ने यहां से उनके नाम पर मुहर लगाई है। कांग्रेस पिछले दो लोकसभा चुनावों में यहां से हार रही है। हालांकि, वह यहां से 5 बार जीत भी हासिल कर चुकी है। गुरुग्राम में साल 1952 से 1971 तक लोकसभा के चुनाव होते रहे, लेकिन 1977 में इस निर्वाचन क्षेत्र को समाप्त कर दिया गया। 2009 में जब लोकसभा सीटों का परिसीमन हुआ तो यह सीट फिर से अस्तित्व में आई। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के चुनावी मैदान में 2024 से पहले कोई अभिनेता नहीं उतरा था। हालांकि, शाहरुख खान के पिता यहां से पहले ही चुनाव में किस्मत आजमा चुके थे। नवाब पटौदी जैसी दिग्गज हस्ती भी यहां दो-दो हाथ कर चुकी है। संजय बारू का तर्क है कि मोदी को 370 सीटें आ गईं तो आगे चल कर बीजेपी का वही हश्र होगा जो इंदिरा गांधी या राजीव गांधी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद कांग्रेस का हुआ था।



**भाजपा से इंद्रजीत की चुनौती**

बीजेपी ने एक बार फिर राव इंद्रजीत सिंह को ही टिकट दिया है जबकि 4.5 साल तक हरियाणा में बीजेपी के साथ सरकार चलाने वाली जेजेपी ने इस लोकसभा क्षेत्र में अहीर मतदाताओं की संख्या को देखते हुए पॉपुलर हरियाणवी गायक राहुल यादव फाजिलपुरिया को उम्मीदवार बनाया है।

**बब्बर को क्यों मिला टिकट?**



राज बब्बर को टिकट मिलने के पीछे कुछ अहम कारण हो सकते हैं। राज बब्बर ओबीसी वर्ग में आने वाले पंजाबी सुनार समुदाय से आते हैं। गुरुग्राम में 2 लाख मतदाता पंजाबी समुदाय के हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि राजबब्बर को प्रत्याशी बनाने से उसे पंजाबी समुदाय के मतदाताओं का साथ मिल सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा में कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरे भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खुलकर राज बब्बर के नाम की पैरवी की थी। यही वजह रही कि पार्टी हाई कमान ने यहां पर हुड्डा की पसंद को नजरअंदाज नहीं किया। इंडिया गठबंधन में इस बार सपा भी शामिल है। इस क्षेत्र में अहीर समुदाय के मतदाताओं की संख्या 6 लाख से ज्यादा है। राज बब्बर लंबे वक्त तक सपा में रहे हैं इसलिए कुछ हद तक अहीर मतदाता कांग्रेस का साथ दे सकते हैं, यह भी एक सोच रही होगी। फिल्म अभिनेता होने की वजह से राज बब्बर की अपनी फैन फ़ॉलोइंग भी है। इसका भी फायदा कांग्रेस को यहां मिल सकता है।

**गुरुग्राम से अब तक बने सांसद**

गुरुग्राम सीट पर पिछले तीन चुनाव में राव इंद्रजीत सिंह को जीत मिली है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले राव इंद्रजीत सिंह कांग्रेस छोड़कर बीजेपी के साथ चले गए थे। 2019 में राव इंद्रजीत सिंह की जीत का अंतर लगभग चार लाख वोटों का रहा था। वह मोदी सरकार में मंत्री भी हैं।

| साल | जीते उम्मीदवार का नाम | किस राजनीतिक दल को मिली जीत |
|---|---|---|
| 1952 | ठाकुर दास भार्गव | कांग्रेस |
| 1957 | अबुल कलाम आजाद | कांग्रेस |
| 1958 | प्रकाश वीर शास्त्री | निर्दलीय |
| 1962 | गजराज सिंह यादव | कांग्रेस |
| 1967 | अब्दुल गनी डार | निर्दलीय |
| 1971 | तैय्यब हुसैन | कांग्रेस |
| 2009 | राव इंद्रजीत सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | राव इंद्रजीत सिंह | बीजेपी |
| 2019 | राव इंद्रजीत सिंह | बीजेपी |

खबर संक्षेप

## 14 वर्षों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** चोरी के एक मामले में पिछले 14 वर्षों से फरार चल रही स्थाई वारंटी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि 5 मई 24 को न्यायालय श्रीमती पूर्णिमा सिंह बघेल जेएमएफसी न्यायालय कटनी के प्रकरण क्रमांक 3184/10 अपराध क्रमांक 169/10 धारा 379, 356, 34 आईपीसी के स्थाई वारंटी सीता घसिया पिता नीरज घसिया निवासी महेंद्रगढ़ जिला कोरिया एवं स्थाई वारंटी सुमन उर्फ लक्ष्मी उर्फ बबली घसिया पिता राजेश घसिया निवासी महेंद्रगढ़ थाना महेंद्रगढ़ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ की तलाश करते स्थाई वारंटी की सकुनत पर पहुंचे। स्थाई वारंटी सकुनत पर दस्तयाब हुई, जिन्हें विधिवत अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया। स्थाई वारंटी को तामील करने में थाना जीआरपी कटनी निरीक्षक अरुणा वाहने, सहायक उप निरीक्षक निर्दोष टोप्पो, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शर्मा, आरक्षक सरफराज खान, महिला आरक्षक ज्योति तिवारी, चौकी जीआरपी अनूपपुर से महिला आरक्षक प्रीति विश्वकर्मा, थाना मनेंद्रगढ़ स्टाफ प्रधाना आरक्षक मुनेश्वर राम भगत, उत्तर कुमार, म. आरक्षक दिनको तिर्की की सराहनीय भूमिका रही।

## हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 7 जून तक

**सतना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल,भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 1मई से भरने शुरु हो गये हैं। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ऑफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## जल संकट को देखते हुए भवन निर्माण पर क्यों नहीं लग रही रोक

**मैहर।** जिला कलेक्टर रानी बाटड के फरमान से जहां जल संकट की त्रासदी को ध्यान में दृष्टिगत रखते हुए बोरिंग मशीनों पर तो प्रतिबंध लगा दिया गया है लेकिन नगर पालिका परिषद मैहर का तुकलगी फरमान है कि एक दिन में छोड़कर जल सप्लाई नल जल योजना के तहत किया जा रहा है। बीते कई वर्षो से नगर के 24 वार्डो में पानी की भीषण तबाही मची हुई है लेकिन पालिका प्रशासन पूर्व के पानी टेंकर के सप्लाई ठेकेदार को टेंडर देकर पुनः भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कारण यह है कि शहर में निर्माणाधीन भवनों के निर्माण में जो पानी लग रहा है वह आम जन मानस को किए जा रहे सप्लाई टेंकर का पानी निर्माण करने वाले भवनों को लंबी रकम लेकर पानी की सप्लाई की जा रही है। परिषद के ही एक पार्षद के द्वारा यह कहा जा रहा है कि पालिका प्रशासन के सीएमओ लालजी ताम्रकार के द्वारा नवीन भवनों के निर्माण पर जल संकट के आधार पर तत्काल ही रोक लगा दी जाने चाहिए चाहे वह अपने निजी नलकूप से भी पानी लेकर यदि निर्माण कर रहे है तो उस पर भी रोक लगनी चाहिए तब रोक क्यों नही लग रही है। जिला कलेक्टर से स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि टमस नदी के सूख जाने के कारण शहर की जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है तो जल को क्यों नहीं बचाया जा रहा है। जल उपभोक्ता महेन्द्र अग्रवाल वार्ड क्रमांक 6 ने सीएम हेल्प लाइन 181 में एवं सीएमओ नगर पालिका परिषद मैहर को शिकायत देकर कहा है कि जब एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है तो पानी का बिल भी एक माह का न लेकर 15 दिनों का भी लिया जाना चाहिए।

### प्रतिबंध के बावजूद भी रात को किए जा रहे बोर, नहीं हो रही कार्यवाही

# रात के अंधेरे में रोजाना धड़ल्ले से बोरिंग मशीनों से किए जा रहे बोर, रेट भी बढ़ा दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढ़ीमरखेड़ा

तहसील क्षेत्र ढीमरखेड़ा में इन दिनों अवैध रूप से बोर बैल्स की मशीनें संचालित हो रही हैं। जिले में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को गिरने से रोकने के लिए कटनी कलेक्टर ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब जिले में अशासकीय और निजी नलकूप खनन पर रोक लगा दी गई है, यानी कि अब आप अपनी मर्जी से बोर नहीं करा सकेंगे।

कलेक्टर के आदेशों के मुताबिक जिले की सीमाओं में कोई भी बोरिंग मशीन सार्वजनिक मार्गों को छोड़कर प्रवेश नहीं कर सकेगी और ना ही कोई नलकूप खनन कर सकेगी। लिहाज़ा कटनी कलेक्टर के आदेशों के मुताबिक बोर करने पर रोक लगाई गई है। ये फैसला गिरते जल स्तर को देखते हुए लिया गया है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक अगर कोई बोरिंग मशीन बोर करते पाई गए तो उस पर एफआईआर दर्ज की जाएगी, साथ ही 2000 रुपये का जुर्माना और 2 साल की जेल तक सजा हो सकती है।



***गर्मियों के दिनों में नहीं होंगे बोर**

गिरते जल स्तर को बचाने के लिए कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व की अनुमति के बगैर नलकूप या बोर करने पर रोक लगा दी है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति निजी बोर नहीं करा सकता है। इसके लिए बोरिंग मशीनों को सार्वजनिक मार्गों को छोड़कर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

**जल स्तर गिरने से बचाना**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। पेयजल संकट की स्थिति का परीक्षण किये जाने पर यह परिलक्षित हुआ है कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नही लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है। ये फैसला मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) के तहत लिया गया है।

**धड़ल्ले से संचालित मशीनें**

बोर बैल्स की गाड़ियों में प्रशासन के जिम्मेदारों का हाथ रखा हुआ हैं तभी तो कार्यवाही करने में परहेज किया जा रहा है। अनेकों जगह में गाड़ी पकड़ी गईं तो कार्यवाही करने में परहेज किया गया। लिहाज़ा कार्यवाही करने में अनेकों प्रकार के बहाना बनाएं जा रहे हैं, जैसे ही ध्यान हटा तो लेन - देन करके गाड़ी को छोड़ दिया जाता हैं सोचा जा सकता हैं कि इनके ऊपर प्रशासन का ऐसा हाथ रखा हुआ हैं कि सीधे आम नागरिक कलेक्टर को जानकारी तलब करता हैं तब कार्यवाही होती हैं। स्थानी प्रशासनिक अधिकारियों का खुलेआम संरक्षण मिल रहा है सूचना देने के बावजूद भी कार्यवाही करने से अधिकारी कतरा रहे हैं क्योंकि बोरिंग मशीन वालों के ऊपर स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है जिले में प्रतिबंध लगाते ही अधिकारियों को कमाई का एक जरिया मिल गया है

## तहसीलदार के आदेश का पालन करवाने में विभाग नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय चारागाह मद की भूमि से कब्जा धारी का कब्जा हटाने में राजस्व निरीक्षक तथा हल्का पटवारी की भूमिका पर सवालियां निशान लग रहे है।

न्यायालय तहसीलदार बड़वारा के रा0 प्र0 क्र0-0013/ अ-68/2023-24 के आदेश दिनांक 01.04.2024 के पालन के सम्बंध में बड़वारा तहसीलदार के द्वारा अनावेदक नर्मदा प्रसाद पिता कन्धई कोल शाकिन जगतपुर उमरिया के द्वारा शासकीय चारागाह मद की भूमि खसरा नम्बर 216, रकवा 0.65 है0 इसी जमीन से होकर नहर भी निकली है जिस पर कुछ लोगों के द्वारा मिट्टी भर कर (भांटकर) मकान बना लिया गया है जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने जगतपुर उमरिया एवं अन्य जगहों पर नहर से कब्जा हटाने के लिए आवेदन तहसील बड़वारा में दिया गया है नहर में कब्ज हो जाने से जल बहाव पूरी तरह बंद हो चुका है एवं तालाब भरने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है बरसात का महीना आने वाला है लेकिन अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंग रही, इसी के अंश भाग रकवा 0.04है0 भूमि पर अनाधिकृत रूप से मकान एवम बाउंड्रीबाल का निर्माण करवा कर बेजा कब्जा किया गया है। जिसे भू राजस्व संहिता में दिए गए प्रावधानों के अनुसार 500/-रुपये, शब्दों में पांच सौ रुपये का अर्थ दंड आरोपित कर बेजा कब्जा की भूमि से बेदखल करने का आदेश पारित किया गया है। राजस्व निरीक्षक को अनावेदक नर्मदा प्रसाद को वाद भूमि से बेदखल करवाकर की गई कार्रवाई से तहसीलदार बड़वारा को अवगत करवाने को आदेशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जब बड़वारा तहसीलदार द्वारा राजस्व निरीक्षक बड़वारा को शाकिन जगतपुर उमरिया में अनावेदक नर्मदा प्रसाद कोल को वाद भूमि पर किये गए कब्जा को हटवाकर बेदखल करबाने के लिए आदेश पारित किया गया है तो फिर उन्हीं के अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक एवम हल्का पटवारी के द्वारा अब तक अनावेदक नर्मदा प्रसाद के द्वारा किये गए अवैध कब्जे को हटवाने में किसी भी प्रकार की कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है इसके अनावेदक के ऊपर कार्यवाही करने में स्थानीय प्रशासन क्यों हिमाकत नही कर पा रहा है यह एक गम्भीर प्रश्न बनकर सन्देह को जन्म देता है।

**गाताखेड़ा में श्रीमद भागवत कथा का हो रहा आयोजन**

## जब जब धरा में अधर्म, अनाचार बढ़ता है तब तब अवतरित होते हैं श्री भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गाताखेड़ा गांव में चल रही श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस मौके पर कथा वाचक आचार्य पं ब्रजेश कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में भगवान के जन्मोत्सव का कथा रस बरसा। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्वारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

आचार्य ब्रजेश शास्त्री ने धर्म सभा मे कहा जब जब धरा में धर्म की हानि होती अत्याचार अनाचार बढ़ जाता हैं तब तब निराकार ब्रह्म साकार रूप में धरती पर आते हैं और दुष्टों का नाश कर धर्म की पताका फहराते हैं। महाराज श्री ने कथा का गूढ़ रहस्य समझाते हुए कहा इस धरती में माता पिता ही हमारे भगवान हैं। बगैर इनकी पूजा किए आप कोई भी तीर्थ जाओ तो वहाँ मंदिर तो दिख जाएगा पर मंदिर में बैठे हुए वांके विहारी नही दिखेंगे। अगर मंदिर में बैठे विग्रह में ईश्वर के दर्शन चाहते हो तो घर मे बैठे माता पिता अथवा गुरू की सदैव शरण मे रहो। दिव्य कथा में संध्याकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।



इस दौरान मुख्य श्रोता ओंकार प्रसाद मिश्रा, श्रीमती गायत्री देवी मिश्रा एवं गाता खेड़ा सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों भक्त माताएं बहने युवा बुजुर्ग भक्त रस का पान कर रहे है।

## लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश



निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के द्वारा रविवार को माई नदी में चल रहे पुनर्जीवन कार्य के तहत विभिन्न घाट जैसे बैलेट घाट,अग्रवाल घाट का निरीक्षण कर युद्ध स्तर में विभिन्न मशीनों हेतु लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इसी क्रम में श्री शुक्ल द्वारा केसीएस शाला परिसर में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर सम्बन्धित ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को पूरी गंभीरता व मौके पर मौजूद रहकर कराएं,वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के अगले क्रम में माधवनगर उपकार्यालय में चल रहे फायर स्टेशन निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के लिए कार्यपालन यंत्री को आदेशित किया। कटाएघाट रोड स्थित दुगाड़ी नाला पर पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए समयसीमां में कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए।

## बड़वारा में पदस्थ संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर की सेवाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक प्रियंका दास ने जिले के बड़वारा विकासखंड में पदस्थ संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर श्रीमती प्रेमलता माझी को शासकीय कार्य में लापरवाही को लेकर उनकी सेवाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सीएमएचओ कटनी डॉक्टर आरके अठ्या की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की।

सीएमएचओ आरके अठ्या ने पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अवगत कराया की श्रीमती प्रेमलता माझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में सितंबर 2021 से कार्यरत हैं इनको आशा कार्यक्रम का राज्य स्तर व जिला स्तर पर समीक्षा बैठक, कार्यशाला, वीडियो कांफ्रेंस का प्रशिक्षण दिया गया है किंतु उनके कार्य में दक्षता कौशल जिम्मेदारी जवाबदेही परिलक्षित नहीं हुई जिले या राज्य द्वारा जो भी कार्य दिए जाते हैं उन कार्यों की प्रमुख परफॉर्मेंस शून्य होने से विकासखंड के कार्य एवं प्रगति प्रभावित होती हैं तथा विकासखंड को नोटिस जारी होते हैं बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी ने भी श्रीमती प्रेमलता मांझी को दिए गए नोटिस एवं जिला स्तर से दिए गए फीडबैक के आधार पर सेवाओं से पृथक किए जाने के अनुशंसा की है इसके पहले बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी ने श्रीमती प्रेमलता मांझी को अनेकों बार नोटिस दिया किंतु उनके कार्य में सुधार नहीं आया इन्हें किसी भी कार्यक्रम योजनाओं की समझ नहीं है इनके व्यवहार में नोटिस देने के बावजूद कोई भी सुधार नहीं हुआ कंप्यूटर संबंधी कार्य करने में भी बीसीएम प्रेमलता मांझी असमर्थ हैं इनके पास व्यावहारिक एवं सामान्य ज्ञान की बहुत कमी है बीसीएम के कार्य दायित्व जिम्मेदारी एवं जवाब देही की योग्यता नहीं है बीसीएम पर कार्य करने की योग्यता नहीं है। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल झामनानी द्वारा दिए गए समस्त नोटिस एवं जिला स्तर से दिए गए फीडबैक केआधार पर इन्हें तत्काल बीसीएम के पद से पृथक किया जाए। शिकायतों के आधार पर नेशनल हेल्थ मिशन ने पाया कि बीसीएम श्रीमती प्रेमलता मांझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा का कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है इसलिए श्रीमती प्रेमलता मांझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा की संविदा सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है।

**साबुन से हाथों की सफाई कर बताया हाथ स्वच्छता का महत्व, बताए तरीके**

## छात्र छात्राओं ने मनाया विश्व हाथ स्वच्छता दिवस, स्वास्थ्य के प्रति किया गया बच्चों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढ़ीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में रविवार को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया गया। सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं को हाथ स्वच्छता का महत्व बताया गया। बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की छात्रा आकृति मौर्य ने हाथों की सफाई के सभी सात चरण बताये। हाथ में साबुन लगाकर सफाई किया उपस्थित छात्रों को भी हाथों की सफाई कराई।



छात्रा ने बताया कि अपने हाथों को साफ, बहते पानी से गीला करें।नल बंद कर दें और साबुन ठीक से लगा लें।अपने हाथों पर साबुन लगाएं और अपने हाथों और कलाइयों को ढकने के लिए पर्याप्त साबुन लगाएं। अपने हाथों के पिछले हिस्से, उंगलियों के बीच और अपने नाखूनों के नीचे न चूकें।कम से कम 20 सेकंड तक रगड़ें। अब नल खोलें और हाथ धो लें। इन्हें साफ तौलिए से सुखाएं। सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया ने बताया कि 2009 में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य विश्व स्तर पर हाथ की स्वच्छता के समर्थन में 'लोगों को एक साथ लाना' है। वर्ष 2024 का विषय है हाथ की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर नवीन व प्रभावशाली प्रशिक्षण एवं शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों के ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।₹ सेक्टरप्रभारी प्रकाशनाथ साहू ने बताया कि इस वैश्विक आयोजन का उद्देश्य बीमारियों और संक्रमणों के प्रसार को रोकने में हाथ की स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना है। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस लोगों को हाथ की स्वच्छता का पालन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। परामर्शदाता शैलेश दुबे,सुमित सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमर सिंह जोगी ने बताया कि हाथ वॉशरूम इस्तेमाल करने के बाद धोना चाहिए। इसके अलावा जब आप खाना बनाने जा रहे हैं इससे पहले हाथ को पानी से धोकर भी बनाएं। यहीं नहीं जानवरों को छूने के बाद, खाना खाने से पहले, नाक साफ करने और छींकने, खांसने के बाद हाथ धोना चाहिए।घर की सफाई करने या कचरा छूने के बाद भी हाथ का धोना बेहद जरूरी होता है।खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों का सेवन करने से पहले,दवा लेना या किसी घाव का इलाज करने के बाद,शौचालय का उपयोग करने के बाद,डायपर बदलना या बच्चे को संभालना हो तो इसके बाद हाथों की सफाई जरूरी है। अगर आप बाहर से आ रहे हैं तो भी अपने हाथों को जरूर धोएं।

### जिले के सीएम राइज स्कूलों के 12 वीं के परीक्षा परिणाम में 62 फीसदी हुआ सुधार

## 50वें स्थान की जगह 9वें स्थान पर प्रदेश के टॉप टेन में शामिल हुआ जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के सभी सी एम राइज स्कूलों के हायर सेकेण्डरी बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में पिछले साल की तुलना में इस साल 62.44 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं के पिछले साल के खराब परीक्षा परिणाम को देखते हुए इस साल कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की कोशिशों ने नया कीर्तिमान रच दिया। 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में बीते साल प्रदेश में 50 वें स्थान पर रहने वाला कटनी जिला इस साल ऊंची छलांग लगा कर पूरे प्रदेश में 9 वें स्थान पर पहुंच गया।कलेक्टर के मार्गदर्शन में इस साल जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने विशेष कार्ययोजना के तहत पाठ्यक्रम आधारित मिशन -45 आधार बुकलेट और फाइनल -30 के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा कर , इसी के अनुरूप छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराई गई।



**सीएम राइज 12वीं का परिणाम**

जिले के सीएम राइज स्कूल करेला ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में इस साल रिकॉर्ड 62.44फीसदी की वृद्धि के साथ ऊंची छलांग लगाई है । पिछले साल यहां का 12 वीं कक्षा का परिणाम मात्र 33.9 फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 96.36 प्रतिशत हो गया है।इसी प्रकार सी एम राइज स्कूल बडवारा के परिणाम में भी जादुई सुधार हुआ है । पिछले साल की तुलना में यहां के परीक्षा परिणाम में इस साल 44.40प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले साल बडवारा स्कूल का परीक्षा परिणाम 42.86फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 87.25 प्रतिशत हो गया है। आश्चर्यजनक रुप से सी एम राइज स्कूल रीठी का इस साल का परीक्षा परिणाम सौ- फीसदी रहा । यहां के सभी 71 छात्र उत्तीर्ण हो गये हैं। जबकि पिछले साल यहां का परीक्षा परिणाम 74.47प्रतिशत ही रहा था। सीएम राइज स्कूल कारीतलाई ने अपने बीते साल के परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत में इस साल जबरदस्त सुधार किया है। यहां का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम 82.18प्रतिशत रहा। जिसमें बीते साल के परीक्षा परिणाम की तुलना में 26.73 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि सीएम राइज स्कूल बहोरीबंद का इस साल का कक्षा 12वीं का परिणाम 97.92प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 65.22प्रतिशत रहा। इस प्रकार बहोरीबंद स्कूल के परीक्षा परिणाम में 32.70 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। सीएम राइज स्कूल कटनी के 12 वीं के इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में करीब 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले साल यहां का परिणाम 79.31 प्रतिशत रहा था, और इस वर्ष यहां का परिणाम सुधर कर 94.32 प्रतिशत आया है।

**10वीं के परीक्षा परिणाम में भी बड़ा सुधारः** सीएम राइज स्कूलों के दसवीं के परीक्षा परिणाम में भी 3 फीसदी से लेकर 26 प्रतिशत तक का जबरदस्त सुधार परिलक्षित हुआ है।

## ग्राम पंचायतों के स्वच्छता मिशन में शो पीस बने हैं शौचालय

**मैहर**

मैहर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 115पंचायतों में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण तालों में बंद हैं वहीं स्वच्छता अभियान संचालन का भार उठाने में सक्षम नहीं है। मैहर जिले की कोई पंचायत कहने को तो स्वच्छता को बढ़ावा दिए जाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कुछ ही गांव में हो पाया है। यहां तक तो ठीक है वहां पर कचरे के लिए बनाए गए कचरा दान भी महज शो पीस बनकर रह गए है। पुरुष एवं महिला प्रशाधन महज शो पीस बनकर गांवों की शोभा बढ़ा रहे हैं। शासन की योजना को पलीता लगाने में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव व रोजगार सहायक इस दिशा पर कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इसी तरह बताया जा रहा है कि कर्मचारियों के रख रखाव हेतु कार्यालयों में चपरासी नहीं है न ही गांव में सफाई कर्मी नियुक्त है। बजट का रोना बता कर सिर्फ जनता को गुमराह किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन ने तो घर-घर शौचालय का निर्माण का कार्य कराए जाने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए गए थे परन्तु पंचायतों में कमीशन बाजी के तौर वह भी यह योजना भी खटाई में नजर आ रही है। कारण यह है कि जिन शौचालयों का निर्माण पंचायतों के द्वारा हितग्राही के खाते में 12 हजार की राशि दी गई वह भी महज कमीशन रूप में शौचालय का निर्माण गुणवत्ताविहीन हो गया है।



# 'कुबेर' से नागार्जुन का फर्स्ट लुक रिलीज...

**नई दिल्ली।** धनुष और रशिमका मंदाना स्टारर 'कुबेर' से नागार्जुन अक्कनिनो का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज कर दिया गया है। महीनों पहले फिल्म से धनुष का फर्स्ट लुक आया था। 51 सेकेंड के इस नए टीजर में नागार्जुन का लुक और उनका किरदार ना सिर्फ एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, बल्कि कहानी को लेकर एक बैचेनी भी पैदा करता है। इसमें नागार्जुन का शांत और गंभीर अंदाज बिना बोले बहुत कुछ कह जाता है। फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत रात के अंधेरे में भारी बारिश से होती है। वहां नागार्जुन को नोटों से भरे एक ट्रक के सामने छाते के साथ नजर आते हैं।

## लाइफ Style

# निया

## 'सुहागन चुड़ैल' में शैतानी अवतार


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निया उर्फ 'सुहागन चुड़ैल' अपने पहले प्रोमो में एक चेतावनी लेकर आती हैं, 'जिसने सभी से अपने प्यार का ख्याल रखने के लिए कहा है। क्योंकि वो यहां उनका प्यार चुराने आई है।''सुहागन चुड़ैल' में निया शर्मा के साथ जैन इबाद खान भी लीड रोल में हैं।

निया शर्मा के आने वाले टीवी शो 'सुहागन चुड़ैल' का प्रोमो रिलीज हो गया है। एक्ट्रेस सबसे शैतानी अवतार में टीवी स्क्रीन पर वापस आ गई है। फैंस भी प्रोमो को देखकर खूब रिएक्शन दे रहे है। निया शर्मा अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। इस बार निया 'सुहागन चुडैल' के साथ वापस आ गई हैं। इस शो में एक्ट्रेस का शैतानी अवतार देखने को मिल रहा है। निया इससे पहले सुपरनेचुरल टीवी शो 'नागिन 4' में नजर आ चुकी हैं। 'सुहागन चुडैल' में निया चुडैल के किरदार में नजर आएंगी। निया उर्फ 'सुहागन चुडैल' अपने पहले प्रोमो में एक चेतावनी लेकर आती हैं, 'जिसने सभी से अपने प्यार का ख्याल रखने के लिए कहा है। क्योंकि वो यहां उनका प्यार चुराने आई है।''सुहागन चुड़ैल' में निया शर्मा के साथ जैन इबाद खान भी लीड रोल में हैं। शो में एक्ट्रेस देबचंद्रिमा सिंघा रॉय भी नजर आएंगी। शो की कहानी एक चुडैल के बारे में है जो 200 साल की है और परम शक्ति हासिल करने के मिशन पर है। चुडैल परम शक्ति लेने के लिए 16 श्रृंगार शक्तियां हासिल कर रही है और 16वीं शक्ति सिन्दूर है और इसे लेने के लिए उसे अपने जीवन में 16वें पुरुष को खत्म करना होगा।



## हॉलीवुड मसाला



# क्रिस व रॉबर्ट ने जताई खुशी

**मुंबई।** हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ और रॉबर्ट डाउनी जूनियर इन दिनों काफी खुश नजर आ रहे हैं। दरअसल वे अपने साथी कलाकार जेरेमी रेनर के ठीक होने का जश्न मना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2023 जेरेमी रेनर एक दुर्घटना के शिकार हो गए थे। फिल्म 'एवेंजर्स' में क्रिस हेम्सवर्थ और रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने रेनर के साथ काम किया था। क्रिस हेम्सवर्थ और रॉबर्ट डाउनी जूनियर रेनर से बहुत प्यार करते हैं और उनका काफी सम्मान भी करते हैं।



# मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों का भारत में जलवा...

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियोज की कई फिल्में और वेब सीरीज भारत में शानदार कलेक्शन कर चुकी है। भारत में हॉलीवुड मूवी देखने का क्रेज तो हमेशा से ही रहा है, लेकिन मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों का इंडिया में अलग ही जलवा देखने को मिलता है। हाल ही में मार्वल की धमाकेदार फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' का तीसरा पार्ट थिएटर्स में रिलीज होने के बाद अब ओटीटी पर रिलीज हुआ है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी। ये फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इंग्लिश, हिंदी और तमिल समेत कई भाषाओं में स्ट्रीम किया जा चुका है। मार्वल यूनिवर्स पर बेस्ड फिल्मों और सीरीज के अलावा उनके किरदार निभाने वाले भी दुनियाभर में पॉपुलर हैं। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम 'आयरन मैन' का है। दुनियाभर के चहेते सुपरहीरो 'आयरन मैन' का किरदार निभाने वाले रॉबर्ट डाउनी जूनियर की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।



# छोटी सी बात की वजह से छोड़ी 'टॉक्सिक'

**नई दिल्ली।** करीना कपूर केजीएफ स्टार यश के साथ फिल्म टॉक्सिक में नज़र आने वाली हैं, इस खबर ने दोनों एक्टर्स के फैंस को खुश कर दिया था। ये एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होती जिसे गीतू मोहनदास डायरेक्ट करने वाले थे। फैंस करीना और यश को स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन अब ताजा खबर के मुताबिक करीना इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। ये फिल्म एक्ट्रेस के करियर के लिए मील का पत्थर होती। लेकिन अब वो टॉक्सिक का हिस्सा नहीं हैं। इसके पीछे की साधारण सी वजह ने फैंस हैरान कर दिया है। रिपोर्ट की माने तो करीना के यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक से बाहर होने के पीछे का कारण डेट्स बताई गई है। एक्ट्रेस फिल्म के शेड्यूल के हिसाब से डेट्स मैनेज नहीं कर पा रही हैं।



# 'अगर तुम साथ हो' गाना पसंद था

**मुंबई।** इरफान खान बॉलीवुड के सबसे टैलेंटेड एक्टर्स में से एक थे। उनकी एक्टिंग का हर कोई दीवाना था। कुछ दिन पहले इरफान खान की चौथी पुण्यतिथि थी। अपने पति की चौथी पुण्यतिथि पर पत्नी सुतापा सिकदर ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान के साथ अपनी तस्वीर शेयर करते हुए दिल को छू लेने वाला पोस्ट लिखा था। 3 मई को सुतापा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने लोगों को उनका पिछला पोस्ट पसंद करने के लिए शुक्रिया कहा है। इसी के साथ स्टोरी पर उन्होंने दीपिका और रणबीर की फिल्म तमाशा का एक गाना- 'अगर तुम साथ हो' शेयर किया है। सुतापा ने पोस्ट में बताया कि यह गाना इरफान खान का पसंदीदा गाना था। साथ ही ये गाना उनका भी फेवरेट है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को पछाड़ने में नाकामयाब रही झनक


***नई दिल्ली।*** *टॉप टीवी सीरियल्स की 17वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हफ्ते कई टीवी सीरियल को झटका लगा है. हालांकि, टॉप 5 की रैंक पर अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, झनक और कई पॉपुलर टीवी शोज ही कायम है। रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना के शो 'अनुपमा' की टीआरपी संख्या में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। वहीं, 'ये रिश्ता...' और 'गुम है किसी के प्यार में' कांटे की टक्कर चल रही है।*

*रुपाली गांगुली, गौरव खन्ना, सुधांशु पांडे, सुकीर्ति खंडपाल स्टारर 'अनुपमा' को इस हफ्ते 2.3 की टीआरपी रेटिंग मिली है। इसकी संख्या में थोड़ी गिरावट देखी गई है। क्योंकि पिछले हफ्ते अनुपमा को 2.4 की टीआरपी रेटिंग मिली थी। फिलहाल शो की कहानी श्रुति और आध्या की देखभाल के लिए अनु के कपाड़िया हाउस में जाने के बारे में चल रही है। कृशाल आहूजा और हिबा नवाब का टीवी सीरियल 'झनक' दूसरे नंबर पर है। शो की टीआरपी 2.2 से गिरकर 2.0 हो गई है। झनक और अनिरुद्ध का उलझा हुआ प्यार फैंस को टीवी स्क्रीन से बांधे हुए है। शक्ति अरोड़ा और भाविका शर्मा का टीवी सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' तीसरे नंबर पर है। इसे 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। शो में हाल ही में ईशान और सावी अलग हुए हैं, सीरियल टीआरपी बरकरार रखने के लिए स्ट्रगल कर रहा है। वहीं रोहित पुरोहित, गर्विता साधवानी और समृद्धि शुक्ला के 'ये रिश्ता क्या कहलाता' को भी 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है।*

*इसके अलावा टीवी शो टीआरपी चार्ट पर टॉप 5 की रैंक पर वापस आ गए हैं। इसे 1.4 की टीआरपी रेटिंग मिली है। इमली में अद्रिजा रॉय और साई केतन राव मुख्य भूमिका में हैं। टीवी सीरियल 'उड़ने की आशा' जो कि इमली से ऊपर था, अब ये शो इमली से नीचे आ गया है और सीरियल को 1.3 की रेटिंग मिली है। इमली की कहानी भी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है।*

# श्रीकृष्ण राह दिखा रहे हैं अगले जन्म के लिए

**नई दिल्ली।** परिवार में दरार, पत्नी के साथ टूटते रिश्तों को लेकर नीतीश भारद्वाज पिछले कुछ समय से सुर्खियों में छाए हुए हैं। टीवी पर श्रीकृष्ण बन दर्शकों को गीता का पाठ समझाने वाले नीतीश ने हाल ही में स्वीकार किया कि उन्हें अब प्रभु श्रीकृष्ण राह दिखा रहे हैं। उन्होंने बातचीत में, कृष्ण की भूमिका निभाने के प्रति अपने जुनून के बारे में बात की। उन्होंने बताया कैसे कृष्ण का दर्शन उन्हें आध्यात्मिक रूप से विकसित होने में मदद कर रहा है, वो भी तब जब वह जीवन में कठिन समय से गुजर रहे हैं।



उन्होंने कहा, मैंने 80 के दशक में सई परांजपे और दिनेश ठाकुर के साथ पेशेवर मराठी और हिंदी थिएटर किया। लेकिन 'चक्रव्यूह' से पहले मेरा आखिरी नाटक यूके में था, जो बॉलीवुड की रूढ़ियों की एक संगीतमय पैरोडी थी। हमने लंदन टाइम आउट पुरस्कार जीता और पूरे यूके और कनाडा का दौरा किया। नीतीश भारद्वाज की दूसरी पत्नी के बीच तनाव चल रहा है। मामला तलाक तक पहुंच गया है। घर-परिवार में आई इन मुसीबतों के बीच पर्दे पर नीतिश एक बार फिल्म नजर आने वाले हैं। 'चक्रव्यूह' नाम के नाटक में वह एक बार फिर से भगवान कृष्ण के रूप में दिखाई देंगे, जिसका मंचन बहुत जल्द मुंबई में किया जाएगा।

# फेक न्यूज का शिकार बन गईं रागिनी

**नई दिल्ली।** गोविंदा की भांजी टीवी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना फेक न्यूज का शिकार बन गईं। सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर तमाम लोग दावा कर रहे हैं कि उन्होंने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया है। हालात तब और बिगड़ गए, जब रागिनी ने संबंधित पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया। एक्ट्रेस ने अब सफाई दी है कि पोस्ट गलत थी और उन्होंने धर्म-परिवर्तन नहीं किया है। रागिनी खन्ना ने यह भी दावा किया कि उन्होंने गलती से पोस्ट का प्रचार कर दिया, यह सोचे बिना कि लोग फेक न्यूज को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने इस घटना से सीखा है कि हमें एक्टर होने के नाते ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। दरअसल, मैं पिछले कुछ महीनों से फैंस की पोस्ट को दोबारा पोस्ट कर रही हूं। मैं मानती हूं कि आज मैं जो कुछ भी हूं, अपने फैंस की वजह से हूं। मैंने उनका आभार जताया है।' एक्ट्रेस आगे लिखती हैं, 'मैंने सोचा नहीं था कि यह एक समस्या बन जाएगी। मेरी पहचान पर सवाल खड़े किए जाएंगे। एक फैन ने फर्जी पोस्ट बनाया, जिसमें मैं ईसाई धर्म को अपनाते हुए दिखाई गई हूं। पोस्ट के साथ मुझे टैग किया गया। फिर उसने मेरे साथ साझेदारी करने की अनुमति मांगी। मैं अपनी गलती मानती हूं. उसने कुछ वक्त बाद, वह फेक पोस्ट शेयर की, जिसमें मैं धर्म-परिवर्तन पर बात कर रही हूं। वह बिल्कुल फेक है।





# अंकिता को नहीं ऑफर हुई 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3'

**मुंबई।** टीवी की फेमस एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के सितारे बुलंदियों पर हैं। खबर आई है कि उन्हें करण जौहर की ओर से स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया है। लेकिन जानकारी मिली है कि ऐसा कुछ नहीं है। ये खबर गलत है। अंकिता को करण जौहर की ओर से कोई ऑफर नहीं दिया गया है। अंकिता की टीम ने बताया कि ये फेक खबर है। अंकिता को करण जौहर की ओर से किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच नहीं किया गया है। हालांकि इससे पहले खबर चल रही थी कि अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 के लिए एक अहम रोल का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया। करण जौहर इस बार स्टोरी को एक सीरीज के तौर पर बनाने वाले हैं। वो बिग बॉस में अंकिता की पर्सनैलिटी से बेहद इम्प्रेस हुए थे। एक्ट्रेस की पॉपुलैरिटी को देखते हुए उन्होंने उन्हें कास्ट करने का फैसला लिया था।

## एक एक्ट्रेस तो 14 बार प्रेग्नेंट होने के बाद भी नहीं बन पाईं मां

# कई अभिनेत्रियों को नहीं मिला औलाद का सुख

***मुंबई।*** *मां बनना हर औरत के लिए बेहद खूबसूरत एहसास होता है. हालांकि हिंदी सिनेमा की कुछ अभिनेत्रियां शादी के सालों बीत जाने के बाद भी इस एहसास से महरूम रही। इम अदाकारों को मां बनने सा सुख नसीब नहीं हुआ। बॉलीवुड की कईं ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ में काफी नेम-फेम हासिल किया, लेकिन पर्सनल लाइफ में काफी दर्द झेले। यहां तक कि कईं अभिनेत्रा ताउम्र मां बनीं बन पाईं और बेऔलाद रहीं। कई एक्ट्रेसेस ने तो मां बनने के लिए काफी ट्रीटमेंट भी कराया, लेकिन इनकी गोद सूनी ही रही।*

बॉलीवुड की एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा की एक्टिंग और खूबसूरती के आज भी लोग दीवाने हैं। इस अदाकारा की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव भरी रही। रेखा उन बदनसीब अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो बेऔलाद हैं। दिग्गज एक्ट्रेस ने बिजनेसमैन मुकेश अग्रवाल से शादी की थी। शादी के एक साल बाद ही रेखा के पति ने सुसाइड कर ली थी। इसके बाद से रेखा तन्हा जिंदगी गुजार रही हैं और उन्हें मां बनने का सुख नसीब नहीं हुआ है।



रेखा



शबाना आजमी

शबाना आजमी ने जावेद अख्तर से शादी की है। शबाना जावेद की दूसरी पत्नी है। शादी के सालों बाद भी ये जोड़ी बेऔलाद है। हालांकि जावेद के पहली पत्नी हनी ईरानी से दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। शबाना इन्हें ही अपने बच्चों की तरह मानती हैं।

बॉलीवुड की कैबरे क्वीन और दिग्गज एक्ट्रेस हेलन ने सलमान खान के पिता और स्क्रीन राइटर सलीम खान से शादी की थी। हेलन भी सलीम की दूसरी पत्नी और बेऔलाद हैं। हेलन सलीम खान की पहली पत्नी सलमा खान के चारों बच्चों सलमान, अरबाज, सोहेल और अलवीरा को अपने बच्चों की तरह ही प्यार करती हैं। वहीं सलीम और हेलन ने



हेलन



कश्मीरा शाह

बॉलीवुड एक्ट्रेस कश्मीरा शाह ने गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक से शादी की है। एक्ट्रेस भी नेचुरली कंसीव नहीं कर पाईं। कश्मीरा ने मां बनने के लिए ट्रीटमेंट भी करवाया और 14 बार कंसीव करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें औलाद का सुख नसीब नहीं हुआ। बाद में कश्मीरा और कृष्णा अभिषेक सरोगेसी के जरिये दो बेटों को पैरेंट्स बने।

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। सायरा ने 1966 में दिलीप कुमार से शादी की थी। इस जोड़ी की भी कोई संतान नहीं हुई। दरअसल मेडिकल कॉम्पिलेशन की वजह से सायरा कभी मां नहीं बन पाईं।



सायरा बानो




# रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लिगा खिताब

- 4 मैच शेष रहते बना चैंपियन
- 3-0 से केडिज को दी मात
- 34 मैच में मैड्रिड के 87 अंक

**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार रात को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लिगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1650 चौके

946 छक्के

## खबर संक्षेप



### पुजारा के शतक से ससेक्स मजबूत

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नाबाद 104 रन की मदद से ससेक्स ने डर्बीशर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच में पहली पारी में 111 रन की बढ़त बना ली है। पुजारा ने अपनी नाबाद पारी में 167 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके मारे हैं। उन्होंने काउंटी सत्र के अपने तीसरे मैच में सत्र का पहला शतक जड़ा। शनिवार को डर्बी के काउंटी ग्राउंड में खेले गए मैच में डर्बीशर के पहली पारी के 246 रन के जवाब में ससेक्स ने पुजारा के शतक से पांच विकेट पर 357 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की।

### विवान शूट ऑफ में हारे ट्रैप निशानेबाज फेल



**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूट ऑफ में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूट ऑफ का हिस्सा थे।

### बुंदेसलिगा में स्टुटगार्ट से हारा बायर्न म्यूनिख



**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले से पहले बुंदेसलिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में स्टुटगार्ट के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान बायर्न के राफेल गुरेइरो चोटिल भी हो गए। गुरेइरो संभवतः मांसपेशियों में चोट के कारण मुकाबले के बीच से बाहर हो गए और बुधवार को मैड्रिड के खिलाफ होने वाले निर्णायक मैच में भी उनका खेलना संदिग्ध है। बायर्न की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी पर हैरी केन ने 37वें मिनट में दागा जबकि स्टुटगार्ट की ओर से लियोनिडास स्टरगियो (29वें मिनट), जियोंग वू यिओंग (83वें मिनट) और सिलास (90 प्लस तीन मिनट) ने गोल किए। बोरूसिया डोर्टमंड ने ऑग्सबर्ग को 5-1 से रौंदकर मंगलवार को पेरिस सेंट जर्मन के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल की तैयारी की। कोलोन ने फ्राइबर्ग से गोल रहित ड्रॉ खेला जिससे उस पर रेलिगेशन (निचली लीग में खिसकना) का खतरा बढ़ गया है।

**आईपीएल**
**जडेजा 43 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर बने मैच के हीरो**

# चेन्नई की जीत से शीर्ष चार में वापसी
# पंजाब से बदला पूरा, 28 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

जडेजा ने 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की।जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।



### शशांक ने बनाए 27 रन

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। टीम के लिए राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 09 | 07 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4 | 1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2 | 0 |
| जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3 | 2 |
| सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1 | 0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2 | 1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 167/9

गेंदबाजी : रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सिंह का स्था. रिजवी बो जडेजा | 30 | 23 | 2 | 2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 07 | 06 | 1 | 0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 00 | 03 | 0 | 0 |
| शशांक का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4 | 0 |
| कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 07 | 11 | 0 | 0 |
| जितेश का धोनी बो सिमरजीत | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आशुतोष का सिमरजीत बो जडेजा | 03 | 10 | 0 | 0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 13 | 2 | 0 |
| हर्षल का स्था. रिजवी बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1 | 1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2 | 0 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 139/9

गेंदबाजी : सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शार्दुल 2-0-12-1.

### नंबर-3 बनी सीएसके

इस जीत के साथ चेन्नई की टीम अंक तालिका में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके लखनऊ और हैदराबाद के समान अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में बाकी दोनों टीमों से आगे है। इस जीत ने सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। चेन्नई का अगला मैच 10 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है। वहीं, पंजाब की टीम नौ मई को धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से भिड़ेगी।

### मुंबई के खिलाफ जीत से मजबूत होगा हैदराबाद

*मुंबई। आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और*



*विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है।*

**खास खबर**

## चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप




**चेंगडू।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद चेन किंग चेन और जिया यि फान की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने सिटी फादिया सिल्वा रामाधंती और रिक्का सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर बढ़त 2-0 कर दी। युवा एस्टर नुरुमी ने इंडोनेशिया के लिए कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चीन की ही बिंग जियाओ ने उबरते हुए 10-21, 21-15, 21-17 से जीत हासिल ली। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

### भारत और बांग्लादेश के बीच चौथा टी20 आज

**सिलहट।** श्रृंखला में पहले ही विजयी बढ़त बना चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी कमियों का हल ढूंढने की कोशिश करेगी, विशेषकर बल्लेबाजी में। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली है लेकिन इस नतीजे से भारत की बल्लेबाजी की कमियां जाहिर नहीं होतीं। इन तीन मैच में भारत की ओर से सिर्फ एक अर्धशतक लगा जब शेफाली ने तीसरे मैच में 51 रन की पारी खेली।

### शुभमन को बहुत कुछ सीखना है : मिलर



**बेंगलुरु।** शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस की कप्तानी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस भूमिका के साथ तेजी से 'सामंजस्य' बैठा रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पिछले साल की उपविजेता और 2022 की चैंपियन टाइटंस की टीम गिल की कप्तानी में अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल की घोषणा, भारत ग्रुप-ए में शामिल

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से




भिड़ेगी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।' मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

### श्रीलंका लौटे सीएसके के तेज गेंदबाज पाथिराना

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्सके तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए इस चरण से बाहर हो गए और वह जल्द ही चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पाथिराना ने अभी तक आईपीएल के इस चरण में छह मैच खेलकर 13 विकेट झटके हैं। सीएसके ने रविवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'चेन्नई सुपर किंग्स पाथिराना के जल्द ठीक होने की कामना करती है।' पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमें टीम 78 रन से जीती थी।



### स्वियाटेक ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब




**मैड्रिड।** इगा स्वियाटेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार देर रात को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियाटेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियाटेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी है। स्वियाटेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रही थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

**23 अप्रैल को सौंपा था अस्थायी निलंबन, कल अंतिम तारिख**

# नाडा ने बजरंग पर लगाया बैन, सैंपल नहीं देने का मामला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है।भारतीय कुश्ती महासंघ इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी से शिकायत करने की योजना बना रहा है।

बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गए थे।

### दी गई थी एक्सपायरी किट : बजरंग

बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।'




### नाडा ने डब्ल्यूएफआई को नहीं दी निलंबन की सूचना

*बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, 'यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।'*

# भारत की रिले टीम हीट पूरा करने में नाकाम

एजेंसी ▸▸ नासाउ

दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट पूरी करने में विफल रही।

मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी




कर चुके थे। भारत के पास सोमवार को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के दौरान एक और मौका होगा जहां रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो से बाहर रहने वाली अन्य सभी टीमें पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगी।




फैक्ट्री में इतना बारूद की 5 दिन बाद भी नहीं हो रहा खत्म

# खजरी में बम के खोल और बारूद का डिस्पोज जारी

**जबलपुर।** आखिर शमीम कबाड़ी के कारखाने में बमों का कितना खोल था और उसमें कितना बारूद था कि बीते चार दिन में 75 से अधिक विस्फोट करके उन बमों को निष्क्रिय और बारूद को खत्म किया गया। बड़ी क्षति से बचने के लिए पुलिस सुरक्षा के बीच छोटे-छोटे विस्फोट कर बमों के खोल निष्क्रिय करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके साथ ही कई सवाल भी खड़े हैं कि पहला यही है कि आखिर वहां इतना बारूद कैसे जमा हो गया और पुलिस प्रशासन भी नहीं लगी। गौरतलब है कि खजरी-खिरिया बाइपास स्थित रजा मेटल इंडस्ट्री में 25 अप्रैल को हुए विस्फोट के मामले में



हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहम्मद शमीम को ढूंढ रही पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस की लंबी छानबीन के बाद भी आरोपित के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है। विस्फोट की घटना से पूर्व में अधारताल थाना में वर्ष 2021 में पंजीबद्ध एक अपराधिक मामले में मोहम्मद शमीम अभी तक फरार है।

### डीएनए रिपोर्ट का इंतजार

आज तक इस दिशा में कोई जानकारी नहीं दी गई है कि खजरी ब्लास्ट में कितने मरे और कितने घायल हुये। आज तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। विस्फोट के बाद से दो श्रमिक लापता है। मौके से जांच टीम ने अंग के कुछ टुकड़े जब्त किए थे। इनकी और लापता श्रमिकों के स्वजन के डीएनए रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी है। इस रिपोर्ट के बाद ही घटना में मृतक की पुष्टि होगी। जानकारों का कहना है कि डीएनए के लिये भेजे गये अंग के टुकड़े अलग अलग लोगों के भी हो सकते हैं। जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ जाएगा।

### तीन साल से है फरार

तीन वर्ष से फरार आरोपित को अपनी गिरफ्त में नहीं ले सकी पुलिस के लिए अब विस्फोट के बाद शमीम की गिरफ्तारी चुनौती बन गई है। उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उसके स्वजन और साझेदारों की कुंडली खंगाल रही है। उसके छिपाने के ठिकाने का पता लगाने का दावा कर रही है। विस्फोट के बाद की अभी तक कार्रवाई में पुलिस बमों के खाली खोल निष्क्रिय करने की प्रक्रिया में ही अधिक जुटी नजर आ रही है। वहीं, शमीम का बेटा फहीम और साझेदार सुल्तान जेल में है।

## हत्या के आरोपी किस्सू तिवारी पर 25 हजार ईनाम

**जबलपुर।** हत्या के प्रकरण में फरार कटनी के शातिर बदमाश किस्सू उर्फ किशोर तिवारी की गिरफ्तारी पर पुलिस महानिरीक्षक ने ईनामी राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी है। हीरागंज कटनी निवासी किस्सू उर्फ किशोरी तिवारी के खिलाफ गत 4 मार्च 2022 को गैरमियादी वरंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी किस्सू तिवारी की गिरफ्तारी के लिए 27 संभावित स्थान पर दबिश दी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने हत्या के आरोपी किस्सू तिवारी को पकड़ने 10 हजार रुपये इनाम का एलान किया था। आरोपी की गिरफ्तारी में हो रही देरी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने ईनाम राशि बढ़ाने पुलिस महानिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाह को पत्र लिखा। आईजी ने फरार ईनामी बदमाश किस्सू तिवारी पर इनाम राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी।

प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी होगी अंतिम सूची

# हाई कोर्ट बार चुनावः नाम वापसी आज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के आगामी 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर विभिन्न पदों के लिये कुल 62 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। शनिवार को स्क्रूटनी के बाद सभी के पत्र मान्य किये गये और प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। नामांकन और स्क्रूटनी की प्रक्रिया के बाद आज सोमवार को नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद स्थिति साफ होगी की किस पद पर कितने उम्मीदवार डटे हैं। नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि सोमवार, छह मई को नाम वापसी प्रक्रिया के उपरांत प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। 13 मई को मतदान होगा। उल्लेखनीय है कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा सहित सात उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। अन्य प्रत्याशियों में पूर्व अध्यक्ष रमन पटेल, डीके जैन, सुनील चौबे, केके पांडे, प्रवीण वर्मा व आनंद चावला शामिल हैं। इसी तरह सचिव पद पर निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता व ओपी अग्निहोत्री ने अपने नामांकन दाखिल किये हैं।

### उपाध्यक्ष के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें प्रकाश गुप्ता, देवेन्द्र कुमार शर्मा, मुकेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पटेल, योगेश मोहन तिवारी, घनश्याम पांडे, प्रमेन्द्र सेन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, विश्वास पलिया, अमित जैन, शम्भुदयाल गुप्ता, प्रशांत अवस्थी व अनीता कैथवास शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए योगेश सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुश मिश्रा, दीपक सिंह मैदान में है।

### अन्य पदों के उम्मीदवार

वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए संगीता नायडू, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र खरे, धर्मेन्द्र कुमार पांडे व पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अमन शर्मा मैदान में है। कार्यकारिणी सदस्य के लिये गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, हरीश शुक्ला, राजरूप पटेल, प्रेमनारायण वर्मा, कृष्णकुमार द्विवेदी, विवेक कुमार पांडे, अनुराग पटेल, शेषमणि मिश्रा, तीरथ प्रसाद जायसवाल, मुनेन्द्र, सुनील कुमार गौतम, सपना तिवारी, अतुल सिंह भारद्वाज, प्रियंक चंसोरिया, नीरज पाठक, मनोज कुशवाहा, संदीप कुमार दुबे, अनुपम भट्ट, संजय कुमार मालवीय, रविन्द्र प्रताप सिंह, आजाद श्रीवास्तव, डा. वीरेन्द्र कुमार दुबे, स्मिता कहेरी व रूपेश सिंह ने अपने नामांकन पत्र जमा किए हैं।

# भर्तियों में ओबीसी के 13 फीसदी पद होल्ड पर शासन ने रखा पक्ष

## दोनों पक्षों के अनुरोध पर अगली सुनवाई जुलाई में

**जबलपुर।** सब इंजीनियर व अन्य पदों पर भर्ती में ओबीसी के 13 प्रतिशत होल्ड करने के मामले में सरकार ने हाईकोर्ट में आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रही है। दोनों पक्षों के अनुरोध पर जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की खंडपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई एक जुलाई वाले सप्ताह में निर्धारित की है।

जबलपुर निवासी शंकरलाल धाकड़, रवींद्र प्रजापत सहित भोपाल, सागर, टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर व अन्य जिलों के दो दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर बताया क सरकार ने 2022 में 34 विभागों में ग्रुप-3 सब इंजीनियर, ड्राफ्ट्समेन, टाइम कीपर और उनके समकक्ष के 33 सौ पदों के लिए भर्ती निकाली थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने बताया कि सरकार ने फरवरी 2023 में भर्ती प्रक्रिया पूरी कर मेरिट लिस्ट तैयार कर सभी विभागों को सूची भेज दी। उन्होंने बताया कि इंदौर बेंच ने 27 मार्च को एक याचिका पर अंतरिम आदेश देते हुए कहा कि ओबीसी को 14 फीसदी से अधिक आरक्षण नहीं दिया जाए। उन्होंने बताया क इस अंतरिम आदेश के आधार पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने 12 जून 2023 को ओबीसी के 13 फीसदी पद होल्ड करने कहा। इसके बाद 26 जून को सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया। कोर्ट को बताया गया कि सरकार ने अगस्त 2023 में 87 पदों पर नियुक्ति दे दी और शेष पद होल्ड कर लिए। दलील दी गई कि जब फरवरी में सौ फीसदी पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई थी, तो बाद में अभिमत देना और उस पर अमल करना अवैधानिक है। याचिका में महाधिवक्ता के अभिमत और जीएडी के परिपत्र को चुनौती दी गई है। अधिवक्ताद्वय द्वारा यह भी कहा गया क शासन इस मामले में पिछले 8 माह से जवाब नहीं दे रही है, जिस कारण सैकड़ों ओबीसी अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लगा है।

पति सहित अन्य को अदालत ने किया दोषमुक्त

# सिर्फ क्रूर व्यवहार आत्महत्या दुष्प्रेरण का पर्याप्त आधार नहीं

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने अपनी टिप्पणी में साफ किया कि सिर्फ क्रूर या अपमानजनक व्यवहार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला कार्य नहीं माना जा सकता। इस सिलसिले में हाई कोर्ट का न्यायदृष्टांत मार्गदर्शी है, जिसमें महत्वपूर्ण कानूनी सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए इस संबंध में व्यवस्था दी गई है। इस आधार पर आत्महत्या करने वाली पूनम चढार के पति गिरवर चढार सहित अन्य स्वजन राजकुमार बाई व विनोद कुमार चढार को आत्महत्या दुप्रेरण के प्रकरण में दोषमुक्त किया जाता है।



आरोपितों की ओर से अधिवक्ता राजेश यादव, ममता यादव व अरुण यादव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूनम चढार का विवाह आरोपित गिरवर चढार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। 29 दिसंबर, 2017 को उसने जहरीली वस्तु खाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद मायके पक्ष ने पुलिस में आत्महत्या दुप्रेरण की शिकायत कर दी। क्रूरतापूर्ण व्यवहार व अपमान का आरोप लगाया। तर्प दिया गया कि इसी वजह से आत्महत्या की गई है। दरअसल, शारीरिक व मानसिक प्रताडना के आरोप में दम नहीं है। पति-पत्नी के बीच कभी-कभार कहा-सुनी सामान्य सी बात है, जिसे प्रताडना निरूपित करना अनुचित है। सास-ससुर व देवर आदि से भी कहा-सुनी हो जाया करती है। इसका यह आशय नहीं कि चूहा मार दवा खाकर कीमती जीवन समाप्त कर लिया जाए। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि मृत्यु से पूर्व पूनम का अपने ससुराल में किसी से विवाद हुआ हो, इस सिलसिले में अभियोजन साक्षी ने किसी तरह की जानकारी न होने का कथन रेखांकित कराया है। उसने घटनास्थल पर न होने की बात भी कही है। ऐसे में यह आरोप लगाना कि पति गिरवर ने पूनम से कहा कि असल बाप की है तो घर में रखी दवाई पी लेना और मर जाना।

बहुचर्चित हत्याकांड अपर सत्र न्यायाधीश का फैसला

# डॉ. शकील अंसारी की हत्या के 7 आरोपी बरी

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सहलाम की अदालत ने जबलपुर के बेदीनगर क्षेत्र में डा. शकील अंसारी की गला दबाकर हत्या के बहुचर्चित प्रकरण के सात आरोपियों के विरुद्ध दोष सिद्ध नहीं पाया। इसी के साथ अदालत ने सभी को बरी कर दिया। इस दोषमुक्ति आदेश से जबलपुर निवासी अनुराधा उर्फ अन्नु तिवारी, अभिषेक तिवारी, रश्मि चढार, राजकुमार चढार, सिमरन उर्फ पूजा केवट, गुड्डा खान उर्फ जानू उर्फ इरफान खान और विक्की उर्फ विकास बेन ने राहत की सांस ली। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता वीके त्यागी, घनश्याम पांडे, अशोक कुमार तिवारी व आरके परोहा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 25 व 26 नवंबर, 20217 को दोपहर तीन से प्रातः पौने सात बजे के बीच बेदीनगर, जबलपुर या उसके आसपास डा.शकील अंसारी की हत्या का बहुचर्चित मामला सामने आया था। माढ़ोताल पुलिस ने वास्तविक आरोपितों के पकड़ से बाहर होने के कारण महज संदेह के आधार पर रश्मि चढार सहित अन्य को आरोपी बना लिया। जबकि उनका इस हत्याकांड से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं था। इसके बावजूद पुलिस ने कहानी गढ़ ली कि षडयंत्रपूर्वक हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। इससे आरोपित व उनके परिवारजन हलकान हो गए। पुलिस ने तो यहां तक आरोप लगाया कि बेदीनगर या उसके आसपास हत्या के बाद शव को ग्राम रैगवां हार स्थित मूलचंद पटेल के कचनारी वाले खेत में फेंककर साक्ष्य को विलोपित करने का प्रयास किया गया। अभियोजन की ओर से तर्प दिया गया कि रूपयों के विवाद के चलते चुन्नी से गला घोंटकर हत्या की गई है। जबकि बचाव पक्ष ने ठोस सबूत न होने की दलील दी। अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गवाहों और सबूतों के आभाव में न्यायालय ने आरोपियों को बरी कर दिया।

दिन में तेज धूप की तपन से भीषण गर्मी का अहसास

# धीरे धीरे उछाल ले रहा पारा

**जबलपुर।** फिलहाल मौसम शुष्क होने पर पारे में धीरे धीरे उछाल आ रही है। हालांकी मौसम विभाग का कहना है कि मई के तीसरे सप्ताह में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। जिसके बाद फिर हवा पानी के आसार बनेंगे। फिलहाल तेज धूप के बीच पारा 40 डिग्री के पार चल रहा है। हर दिन आंशिक उछाल आ रही है। ऐसी संभावना है कि मई के दूसरे सप्ताह में मौसम में मिला जुला असर देखने को मिलेगा और पारे में उतार चढाव का क्रम चलेगा। लेकिन धूप अब तेज लगने लगी है। जिससे भीषण गर्मी का अहसास हो रहा है। रविवार को तापमान 40.09 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान औसत से कम चल रहा है। जिससे कूलर पंखों की हवा में शीतलता बनी हुई है। पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर चक्रवात बना हुआ है। जिससे संभाग के एक दो स्थानों में गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विज्ञानिकों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान 42 से 43 डिग्री तक आ सकता है। आशंका जताई गई है कि तेज गर्मी के साथ हीट वेव, बारिश और ओले का दौर भी जारी रहेगा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकत्तम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया



गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 24.08 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 27 प्रतिशत और सायंकाल 23 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.53 पर और सूर्यास्त शाम 6.40 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43 डिग्री तापमान छतरपुर में दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी हवायें 3 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 33.8 और न्यूनतम तापमान 21.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा, वहीं संभाग के एकदो स्थान पर हलकी बूंदाबांदी की संभावना है।

## आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार, 3 मोबाइल जप्त

**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने पारसी कब्रिस्तान महाराणा प्रताप चौक के पास आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाते हुये एक आरोपी को पकड़ा और उसके पास से तीन मोबाईल फोन जप्त किये गये। आरोपी 500 रुपये दिहाड़ी पर सट्टे का काम करता था। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर करियापाथर शमसान रोड महाराणा प्रताप चौके के पास पुलिस ने 28 वर्षीय विक्की दौलतानी को पकड़ा उसके पास से तीन मोबाईल जप्त किये गये। जिनमें वाट्सअप में आईपीएल क्रिकेट के सट्टे पर दांव लगाए जा रहे थे। पुलिस को आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह 500 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी में राहुल मोटवानी और श्याम चेतनानी के कहने पर यह काम करता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 109 भादवि के तहत कार्यवाही की गई।




अभियान के तहत 1 लाख महिला यात्रियों की मदद

# पश्चिम मध्य रेलवे ने चलाया आपरेशन मेरी सहेली

**जबलपुर।** ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान में पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) द्वारा वर्ष 2023-24 में 1 लाख से अधिक महिला यात्रियों की मदद की गयी। पमरे महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण पमरे में मेरी सहेली अभियान के तहत महिला यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महाप्रबंधक द्वारा महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए विभिन्न बैठकों में भी रेल सुरक्षा बल को शिकायत मिलने पर त्वरित कारवाई के निर्देश दिए गए हैं। पमरे ने तीनों मंडलों के विशेष महिला वाहनियों की टीम द्वारा माह अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के दौरान मेरी सहेली अभियान के तहत 21251 यात्री ट्रेनों में 105120 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई। वर्ष 2022-23 के दौरान मेरी सहेली अभियान के तहत 12914 यात्री ट्रेनों में 46451 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई। वर्ष 2024 में मण्डल स्तर पर मेरी सहेली अभियान के तहत जबलपुर मण्डल में 7412 यात्री ट्रेनों में 36841 महिला यात्रियों, भोपाल मण्डल में 8123 यात्री ट्रेनों में 39471 महिला यात्रियों एवं कोटा मण्डल में 5716 यात्री ट्रेनों में 28808 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई। पमरे द्वारा ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान के तहत महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए अहम भूमिका निभा रही हैं। महिला यात्रियों से प्रोत्साहन के साथ सराहना भी मिली।



उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे में महिला सुरक्षा के लिये ऑपरेशन मेरी सहेली पहल के तहत शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना है। इस ऑपरेशन के अंतर्गत जो महिला यात्री अकेले सफर करती है, उन यात्रियों का विशेष ध्यान मेरी सहेली रख रही है। अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्री सुकून के साथ अब ट्रेन से सफर कर रही है।

### कैसे काम करता है ऑपरेशन मेरी सहेली

प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकते ही हर कोच में टीम की एक-एक महिला जवान अंदर जाकर महिला यात्री से मेरी सहेली की पूरी जानकारी देकर एक फॉर्म में उनका मोबाइल, नाम और अंतिम स्टेशन के बारे में पूछती है। ट्रेन में भी मेरी सहेली की टीम महिलाओं से लगातार संपर्प में रहती हैं। इस योजना के तहत ट्रेन से सफर तय करने वाली महिला यात्रियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है। महिलाओं की सुरक्षा और समस्याओं से निपटने के लिए मेरी सहेली निगरानी रखती है। मेरी सहेली की टीम को इसकी शिकायत मिलते ही टीम के सदस्य रिस्पॉन्स देती हैं और समस्या को दूर किया जाता है।

### इस टोल फ्री नंबर पर महिलाएं कर सकती हैं जानकारियां साझा

योजनाबद्ध तरीके से आरपीएफ महिला विंग की मेरी सहेली टीम बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। महिला आरपीएफ कर्मियों की टीम महिला यात्रियों पर फोकस करती है और उन्हें यात्रा के दौरान किस तरह सुरक्षित रहना है, इसकी पूरी जानकारी दे रही है। 139 और 182 आपातकालीन नंबर भी ऐसी महिला यात्रियों के साथ साझा किया जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240